You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-318 ❑ शुक्रवार, 22 दिसम्बर 2023 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

राज्य सरकारों को भी पत्रकारों की मदद करनी चाहिए। कोविड के समय पीड़ित परिजनों को पांच लाख रुपए की मदद दी गई थी। नयी व्यवस्था में पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन को सालाना विवरण अपने घर से ही ऑन लाइन कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अनुराग सिंह

देवेगौड़ा एवं उनके पुत्रों ने मोदी से की मुलाकात 11
शराब घोटाला घमंडिया गठबंधन को जोड़ने वाला फ़ेविकोलः भाजपा 12

संक्षेप

रिपोर्ट मिलते ही यूसीसी लागू होगा : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। गुरुवार को जब संवाददाताओं द्वारा उनसे समान नागरिक संहिता लागू करने के संदर्भ में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यूसीसी की कमेटी हमें शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट देगी। अगले माह रिपोर्ट मिलते ही उसको लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति के लिए नियम कानून समान हों। किसी के लिए विशेष और किसी के लिए शेष नहीं हो, यह समय की मांग है। समान नागरिक संहिता लागू करने से सबके लिए एक समान व्यवस्था लागू हो जाएगी जो लोकतंत्र में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रारंभ से ही समान नागरिक संहिता की पक्षधर रही है। हमारे लिए कोई छोटा नहीं कोई बड़ा नहीं, हर व्यक्ति बराबर है, इसीलिए हमने समान नागरिक संहिता के लिए व्यवस्था की है। अगले माह रिपोर्ट मिलते ही यूसीसी लागू हो जाएगा।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख के साथ अमेरिकी विदेश मंत्री की मुलाकात से भारत चिंतित

नयी दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की अमेरिका की यात्रा एवं विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन एवं अन्य शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात पर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि देशों को आतंकवाद के मुकाबले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ. अरिंदम बागची ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में पाकिस्तान के सेना प्रमुख की अमेरिका यात्रा के बारे में पूछे जाने पर कहा, ÷हमने इस संबंध में, इन बैठकों के बारे में कुछ रिपोर्टें देखी हैं। आतंकवाद और सीमा पार हमलों को पाकिस्तान के समर्थन के बारे में हमारी चिंता जगजाहिर है। हमें उम्मीद है कि अन्य देश आतंकवाद से मुकाबले की जरूरत को भी गंभीरता से लें। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस महीने पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने अमेरिका की यात्रा करके विदेश मंत्री ब्लिंकन एवं अन्य शीर्ष रक्षा एवं कूटनीतिक अधिकारियों से मुलाकात की तथा रक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर बातचीत की है। कनाडा के बारे में श्री बागची ने कहा कि हमारी स्थिति एकदम सुसंगत रही है। जब भी यह उठाया गया है, हमने इस बात को रेखांकित किया है कि हम समस्या को कैसे देखते हैं। हमारे हिसाब से मुख्य मुद्दा चरमपंथियों और आतंकवादियों और भारत विरोधियों को कनाडा में महत्व दिया जाना है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आपने हाल ही में विदेश मंत्री के साथ-साथ अन्य लोगों से भी उस मामले के घटनाक्रम के बारे में सुना होगा... और हम उम्मीद करेंगे कि वे (कनाडा सरकार) ऐसे चरमपंथी तत्वों पर कार्रवाई करेंगे जो उनके देश में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दुरुपयोग कर रहे हैं।

जमीनी हकीकत से कटे हैं मेरे आलोचक : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के एक अखबार के साथ बातचीत में कहा है कि उनके नेतृत्व में भारत में संविधान बदलाव तथा देश में लोकतंत्र के भविष्य को लेकर आशंकाएं प्रकट करने वाले उनके आलोचक देश की जमीनी हकीकत से कटे हुए हैं और उनके द्वारा फैलायी जा रही इस तरह की बातें निरर्थक हैं।

श्री मोदी ने ब्रिटेन के अखबार फाइनेंशियल टाइम्स के साथ बातचीत में कहा, संविधान में बदलाव की किसी भी बात का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने भारत में लोकतंत्र के लिए खतरे को लेकर उनकी पार्टी और सरकार की आलोचनाओं के बारे में एक सवाल पर कहा, हमारे आलोचकों के अपने कोई विचार हो सकते हैं और उन्हें अपने विचार रखने की पूरी आजादी भी है, लेकिन आलोचना के रूप में अक्सर आरोप लगाए जाते हैं और ऐसे आरोपों के संबंध में कुछ बुनियादी प्रश्न भी हैं।

श्री मोदी ने कहा, उनकी (आलोचकों की) इस तरह की बातें न केवल भारत की जनता की सूझ-बूझ का अपमान हैं बल्कि वे देश की विविधता और लोकतंत्र के प्रति भारत के लोगों की गहरी प्रतिबद्धता की भी अनदेखी करते हैं। उन्होंने फाइनेंशियल टाइम्स के साथ दिल्ली में अपने निवास पर हुई इस भेंटवार्ता में भारत में लोकतंत्र की स्थिति के अलावा, अल्पसंख्यकों की दशा तथा कनाडा और अमेरिका में कुछ व्यक्तियों की हत्या या हत्या की योजना में भारतीय एजेंसियों के हाथ होने के आरोपों के बारे में पूछे गए सवालों का उत्तर दिया। उन्होंने रोजगार और अर्थव्यवस्था की स्थिति पर भी बात की संविधान बदलने की आशंकाओं के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने हर काम 'सबसे पारदर्शी ढंग' के साथ किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (यूपीआई/आधार आदि) जैसे बुनियादी बदलाव संविधान बदलकर नहीं बल्कि लोगों की भागीदारी के साथ किए गए हैं। भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों के भविष्य के बारे में पूछे गए एक सवाल पर श्री मोदी ने भारत के पारसी समुदाय की प्रगति का उल्लेख किया जो भारत में रह रहा 'एक सूक्ष्म अल्पसंख्यक समुदाय है। श्री मोदी ने कहा , 'दुनिया में दूसरी जगहों पर दमन उत्पीड़न झेलने के बाद उन्हें भारत में सुक्षित जगज मिली जहां वे खुशी से जी रहे हैं और प्रगति कर रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने मुस्लिम समुदाय का नाम लिए बगैर कहा , यह दर्शाता है कि भारतीय समाज धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति कोई भेदभाव नहीं करता है। फाइनेंशियल टाइम्स ने लिखा है कि श्री मोदी ने इस सवाल पर ठहाका लगाया कि उनकी सरकार अपने आलोचकों पर छापे मरवाती है। ● शेष पेज 11 पर

बेबाकी

- ❑ संविधान में बदलाव की किसी भी बात का कोई मतलब नहीं
- ❑ भारत में लोकतंत्र के भविष्य पर आशंका जताने वाले, हकीकत से दूर
- ❑ हमारे आलोचकों के अपने कोई विचार हो सकते हैं और उन्हें अपने विचार रखने की पूरी आजादी

भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित

श्री मोदी ने भारत के पारसी समुदाय की प्रगति का उल्लेख किया जो भारत में रह रहा 'एक सूक्ष्म अल्पसंख्यक समुदाय है। श्री मोदी ने कहा , 'दुनिया में दूसरी जगहों पर दमन उत्पीड़न झेलने के बाद उन्हें भारत में सुक्षित जगज मिली जहां वे खुशी से जी रहे हैं और प्रगति कर रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने मुस्लिम समुदाय का नाम लिए बगैर कहा , यह दर्शाता है कि भारतीय समाज धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति कोई भेदभाव नहीं करता है। फाइनेंशियल टाइम्स ने लिखा है कि श्री मोदी ने इस सवाल पर ठहाका लगाया कि उनकी सरकार अपने आलोचकों पर छापे मरवाती है।

लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी विधेयक पर संसद की मुहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्र का समापन करते हुए कहा कि चार दिसंबर को शुरु हुए सत्र के दौरान उत्पादकता 74 प्रतिशत रही। इस दौरान 14 बैठकें हुईं जो लगभग 61 घंटे 50 मिनट तक चली। इस सत्र में 12 सरकारी विधेयक पुरस्थापित हुए और 18 विधेयक पारित किये गये। उन्होंने कहा कि इस दौरान भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता , 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता , 2023, भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023, और दूरसंचार विधेयक, 2023 जैसे महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। श्री बिरला ने कहा कि वर्ष 2023-24 के लिए अनुदानों की पूरक मांगों को तथा वर्ष 2020-21 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगों को मतदान के उपरांत पारित किया गया। श्री बिरला ने बताया कि सत्र के दौरान 55 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए और नियम 377 के अधीन कुल 265 मामले उठाए गए । सत्र के दौरान अविलंबनीय लोक महत्व के 182 मामले उठाए गए। अध्यक्ष ने बताया कि लोकसभा की विभागों से संबंधित स्थायी समितियों ने 35 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। निर्देश 73क के अधीन 33 वक्तव्य दिए गए और संसदीय कार्य के संबंध में संसदीय कार्य मंत्री द्वारा दिए गए तीन वक्तव्यों सहित कुल 34 वक्तव्य दिए गए। श्री बिरला ने यह भी बताया कि सत्र के दौरान कुल 1930 दस्तावेज़ सभा के पटल पर रखे गए। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें एवं पदावधि) विधेयक पर गुरुवार को लोकसभा ने ● शेष पेज 11 पर

संसद परिसर की सुरक्षा के लिए सरकार सीआईएसएफ को तैनात करेगी

नयी दिल्ली। सरकार ने संसद भवन परिसर में सुरक्षा में हुई चूक की हालिया घटना के मद्देनजर इसकी 'व्यापक' सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपने का फैसला किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सीआईएसएफ एक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) है जो वर्तमान में परमाणु और एयरोस्पेस डोमेन (उड़ान उद्योग संबंधी) के अंतर्गत प्रतिष्ठानों, असैन्य हवाई अड्डों और दिल्ली मेट्रो के अलावा राष्ट्रीय राजधानी में कई केंद्रीय मंत्रालयों के भवनों की सुरक्षा करता है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को संसद भवन परिसर के सर्वेक्षण का निर्देश दिया ताकि ''व्यापक आधार पर सीआईएसएफ सुरक्षा और दमकल शाखा की नियमित तैनाती'' की जा सके। केंद्र सरकार के मंत्रालयों की सुरक्षा करने वाली सीआईएसएफ की सरकारी भवन सुरक्षा (जीबीएस) इकाई के विशेषज्ञ और वर्तमान संसद सुरक्षा टीम के अधिकारियों के साथ सीआईएसएस के अग्निशमन और बचाव अधिकारी इस सप्ताह के अंत में सर्वेक्षण शुरू करेंगे। सूत्रों ने बताया कि नए और पुराने दोनों संसद परिसर और उनकी संबद्ध इमारतों को सीआईएसएफ के व्यापक सुरक्षा घेरे में लाया जाएगा, जिसमें संसद सुरक्षा सेवा (पीएसएस), दिल्ली पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संसद ड्यूटी समूह (पीडीजी) के मौजूदा घटक भी मौजूद होंगे। संसद पर 13 दिसंबर को 2001 को हुए आतंकवादी हमले की बरसी के दिन एक बड़ी सुरक्षा चूक के तहत दो व्यक्ति शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए, 'केन' से पीला धुआं छोड़ा और नारे लगाए। आरोपियों को बाद में सांसदों ने काबू में कर लिया। लगभग उसी समय दो अन्य लोगों ने संसद परिसर के बाहर नारे लगाते हुए 'केन' से रंगीन धुआं छोड़ा। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह की अध्यक्षता में एक समिति संसद परिसर के समग्र सुरक्षा मुद्दों को देख रही है और वह सुधार के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को सिफारिशें देगी।

निर्वाचन आयोग का दिशा-निर्देश

नेता सम्मानजनक पूर्वक करें दिव्यांगों की चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय निर्वाचन आयोग ने राजनीति चर्चा में दिव्यांग समुदाय के प्रति समावेश और सम्मान के भाव को प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों के लिए दिशानिर्देशों का एक सेट जारी किया है।

आयोग ने पहली बार ऐसा कदम उठाया है। आयोग ने कहा है कि राजनीतिक विमर्श/अभियान में दिव्यांगजनों को न्याय और सम्मान देना होगा। आयोग की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन दिशा निर्देशों में कहा, राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को किसी भी सार्वजनिक बयान/भाषण के दौरान, अपने लेखन/लेख/ आउटरीच सामग्री या राजनीतिक अभियान में दिव्यांगता या दिव्यांगों पर गलत/ अपमानजनक/ अपमानजनक संदर्भों का उपयोग नहीं करना चाहिए। विज्ञप्ति में कहा, लोकतंत्र की बुनियाद चुनावी प्रक्रिया में सभी समुदायों के प्रतिनिधित्व में निहित है।ङ्क आयोग ने कहा है कि उसके लिए चुनाव में दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) की समान भागीदारी सुनिश्चित करना एक ऐसा विषय है जिस पर समझौता नहीं किया जा सकता। आयोग ने राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों से दिशानिर्देशों का अक्षरशः पालन करने का आग्रह किया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उसे पीडब्ल्यूडी के बारे में राजनीतिक चर्चा में अपमानजनक या आक्रामक भाषा ● शेष पेज 11 पर

संजय सिंह कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष निर्वाचित

एजेंसी

नयी दिल्ली। संजय कुमार सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। वह लम्बे समय तक महासंघ पर राज करने वाले बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं।

गुरुवार को हुए मतदान में संजय सिंह को कुल 47 में से 40 मत प्राप्त हुए। उनका मुकाबला अनीता श्योराण से था। अनीता ने कॉमनवेल्थ खेलों में स्वर्ण पदक जीता था और उन्हें बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन करने वाले पहलवानों का समर्थन प्राप्त था। हालांकि अनीता हार से निराश नहीं क्योंकि उनके खेमे के प्रेम चंद लोचब महासचिव बने। उन्होंने इस पद पर हुए चुनाव में दर्शन लाल को 27-19 से हराया है। कुश्ती महासंघ के चुनाव में अहम बात यह है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी उपाध्यक्ष पद पर हार का सामना करना पड़ा है। अध्यक्ष पद के अलावा चार वरिष्ठ उपाध्यक्षों, चार उपाध्यक्षों, एक महासचिव, एक कोषाध्यक्ष और दो संयुक्त सचिवों का चुनाव कराया गया। इसके अलावा पांच कार्यकारी सदस्यों को भी चुने गये।

उल्लेखनीय है कि बृज भूषण शरण सिंह 12 साल से लगातार कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बने हुए थे। इस साल की शुरुआत में ही महिला पहलवानों ने उन पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इस मामले में भाजपा सांसद के खिलाफ दिल्ली पुलिस जांच भी कर रही है। इसी के चलते बृजभूषण को पद से हटना पड़ा और यह तय हुआ था कि वह खुद या उनके परिवार या रिश्तेदारी का कोई सदस्य भी चुनाव में नहीं लड़ेगा। संजय सिंह पहले उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। वर्ष 2019 में भारतीय कुश्ती संघ की कार्यकारी कमिटी में संयुक्त सचिव चुने गए थे। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के चंदौली के रहने वाले हैं। वह 2008 में वाराणसी कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष बने। उन्हें बृजभूषण सिंह ● शेष पेज 11 पर

साक्षी मलिक ने कुश्ती को कहा अलविदा

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव परिणाम सामने आने के बाद गुरुवार को महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास ले लिया है। पहलवान साक्षी मलिक ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारा समर्थन करने आए। अगर बृज भूषण शरण सिंह के बिजनेस पार्टनर और करीबी सहयोगी को कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना जाता है, तो मैं कुश्ती छोड़ती हूं। हमारा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। लड़ाई पूरे दिल से लड़ी। अगर अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह जैसा आदमी ही रहता है तो मैं अपनी कुश्ती को त्यागती हूं। संजय सिंह भारतीय कुश्ती संघ के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। संजय सिंह को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का करीब माना जाता है।

अकबर नगर में अवैध निर्माण तोड़ने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अवैध निर्माण के खिलाफ चल रहे एलडीए के एक्शन पर भारी विरोध के बीच आई याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गुरुवार की दोपहर में कुकरैल नदी पर बसे अकबर नगर में अवैध निर्माण तोड़े जाने के मामले पर 22 जनवरी तक स्टे दे दिया है। इसके बाद एलडीए की कार्रवाई रुक गई है। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। हालांकि इससे पहले एलडीए आदेश की कॉपी लेकर उसका परीक्षण करेगा, जिससे साफ होगा कि हाईकोर्ट ने पूरे मामले में रोक लगाई है या सिर्फ याचिकाकर्ताओं के ही मामले स्टे दिया है। इसके बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगा। दरअसल, अकबर नगर-1 और अकबर नगर -2 में कुल 1068 मकान और 101 दुकानें-शोरूम तोड़े जाने थे। सभी को पहले ही मकान और दुकान खाली करने के निर्देश दिए गए थे। कुछ लोग बुधवार को ● शेष पेज 11 पर

आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सीएम योगी नाराज

आधा दर्जन अधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रेड्रेसल सिस्टम (आईजीआरएस) की शिकायतों को गंभीरता से न लेने और निपटारे में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ योगी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक में लापरवाही बरतने वाले करीब आधा दर्जन अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए स्पष्टीकरण से लेकर निलंबन तक की कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से गुरुवार को नियुक्ति विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, गृह विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और नगर विकास विभाग को पत्र जारी करते हुए लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई कर अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आईजीआरएस की शिकायतों के निपटारे में लापरवाही को संज्ञान में लिया है। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दि हैं। इस पर नियुक्ति विभाग को कानपुर नगर की तहसील नर्वल में शिकायतकर्ता की फाइल गायब होने के आठ माह बाद भी अपर जिलाधिकारी द्वारा तत्कालीन पेशकार अनुज त्रिपाठी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि उनको दोषी पाया गया था। इस पर अपर जिलाधिकारी को स्पष्टीकरण नोटिस देने के निर्देश दि हैं।

इसी तरह सुल्तानपुर के ग्राम सलाहपुर, ब्लॉक भदैया में प्रधान सचिव पर घूस न देने के कारण अपात्र को प्रधानमंत्री आवास की पहली किश्त जारी करने की शिकायत पर संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को मध्यावधिक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई, लेकिन खंड विकास अधिकारी द्वारा मामले को मांग श्रेणी में फ्लैग करते हुए स्पेशल क्लोज कर दिया गया। इससे शिकायतकर्ता को फीडबैक देने का विकल्प समाप्त हो गया, जो शासनादेश का उल्लंघन है। इस पर ग्राम्य विकास विभाग को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से खंड विकास अधिकारी को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं कुशीनगर में ग्राम पंचायत की निर्माणाधीन सड़क को अधूरा छोड़ने की शिकायत के निस्तारण में खंड विकास अधिकारी द्वारा लापरवाही पर खंड विकास अधिकारी मोतीचक को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। आईजीआरएस पर सुल्तानपुर ग्राम हांसापुर की तहसील कादीपुर में ग्रामसभा की जमीन पर लगे पेड़ों को काटकर बेचने की शिकायत के मामले में जयसिंहपुर क्षेत्राधिकारी और मोतीगढ़पुर थाना के उपनिरीक्षक द्वारा लापरवाही के साथ ही पोर्टल पर सतही आख्या दी गई। इस पर मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से गृह विभाग को क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर को स्पष्टीकरण नोटिस देने के साथ मोतीगढ़ प्रभारी निरीक्षक को निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी तरह खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को हरदोई के ग्राम पेड़ाबहर की प्राप्त शिकायत में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एएस गंगवार द्वारा लापरवाही बरतने पर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा आईजीआरएस पर सीतापुर में नाली की सफाई और निर्माण में लापरवाही की शिकायत की गई। आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक के दौरान मामले में नगर पालिका बिसवां और सीतापुर के अधिशासी अधिकारी की रिपोर्ट अलग-अलग पायी गई, जो यह दर्शाता है कि शिकायत का समुचित समाधान नहीं किया गया। इस पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका बिसवां के अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह और नगर पालिका सीतापुर के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी को सचेत करने का उल्लेख किया गया। ऐसे में मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से नगर विकास विभाग को दोनों को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

सख्ती

- ❑ मुख्यमंत्री ने नियुक्ति, ग्राम्य विकास, गृह, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और नगर विकास विभाग के मामलों का लिया संज्ञान

कंबल न खरीदने पर तीन जिलों के डीएम से जवाब-तलब

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में शीतलहर और ठंड के मद्देनजर योगी सरकार ने अलाव और कंबलों की मुकम्मल व्यवस्था करने के निर्देश पहले ही दिए हैं। प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर इसके लिए 29 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये जा रहे हैं। वहीं 72 जिलों में कंबलों की खरीद का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि तीन जिलों कानपुर देहात, संभल और एटा में विलंब होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी व्यक्त की है। सीएम के निर्देश पर तीनों जिलों के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि कहीं पर भी अलाव और कंबल की कमी ना होने पाए। साथ ही कंबल की गुणवत्ता से भी किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

जिलों में कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था की निगरानी सीधे मुख्य सचिव स्तर पर की जा रही है। सरकार की ओर से प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए जहां कंबल की खरीद के लिए 27.27 करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे हैं, वहीं अलाव के लिए 1.77 करोड़ की व्यवस्था की गई है। 20 दिसंबर तक प्रदेश में 3,30,794 कंबलों की खरीद पूरी कर ली गई है, जबकि 45,293 कंबलों को वितरित भी किया जा चुका है। वहीं प्रदेश भर में 1,199 रैन बसेरों ● शेष पेज 11 पर

- ❑ शीतलहर के मद्देनजर प्रदेश के सभी जिलों में कंबल खरीदने के योगी सरकार ने दिये हैं आदेश
- ❑ 72 जिलों ने कंबल क्रय की प्रक्रिया पूरी की, तीन जिलों में खरीद ना होने से मुख्यमंत्री नाराज
- ❑ ठंड से बचाव के लिए योगी सरकार ने 75 जिलों के लिए 29 करोड़ रुपये जारी किये हैं
- ❑ मुख्यमंत्री के निर्देश कहीं पर भी अलाव और कंबल की ना होने पाए कमी

पीड़ितों की सहायता में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित है कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता

दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया।

हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी।

भाजपा राज में अस्पतालों का बुरा हाल: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अस्पतालों में नहीं मिल रहा मरीजों को इलाज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की अस्पतालों का बुरा हाल है। राजधानी के बड़े से लेकर जिले के अस्पताल अराजकता के शिकार हैं। कहीं मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है तो कहीं पर्याप्त सुविधाएं नहीं है। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में अभी तक एक भी जिला स्तर के अस्पताल का निर्माण नहीं कराया है, जहां गरीबों का मुफ्त इलाज हो सके।

अखिलेश ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा है कि भाजपा सरकार ने विद्वेष की भावना के चलते समाजवादी सरकार में बनाए गए अस्पतालों और ट्रामा सेंटरों की उपेक्षा की। सरकार जनता को गुमराह करना बंद करे। भाजपा सरकार में मरीजों को 108 एंबुलेंस सेवा भी नहीं मिल पा रही

है। पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। समाजवादी सरकार में 108 और 102 मुफ्त एंबुलेंस सेवा शुरू की गई थी, लेकिन भाजपा सरकार मरीजों को उपलब्ध नहीं करा पा रही है।

उन्होंने कहा कि अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर, प्रोफ़ेसर और अन्य संसाधन नहीं है। सरकार मेडिकल संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रही है। इसके चलते आए दिन धरना प्रदर्शन और हड़ताल की स्थिति बन गई है। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में अराजकता की स्थिति देखकर जनता सवाल पूछती है कि प्रदेश में कोई स्वास्थ्य मंत्री है या नहीं है। पीजीआई लखनऊ में आपरेशन थियेटर में आग लगना बेहद गंभीर विषय है। आग लगने के बाद जो अव्यवस्था दिखाई दी, उससे दो मरीजों की मौत हो गई। इस तरह की घटनाओं से मेडिकल संस्थानों से जनता का भरोसा खत्म हो रहा है। इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

रतिया मऊ व इचवलिया पहुंची भारत विकसित संकल्प यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाई गंज इलाके के रतियामऊ व इच्वलिया गांवों मे भारत विकसित संकल्प यात्रा पहुंची।इस आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार रावत उपस्थित रहे । उनके साथ पूर्व जिला मंत्री संभूनाथ पांडे, मण्डल उपाध्यक्ष विपिन सक्सेना, प्रधान रातिया मऊ राम प्रसाद यादव, प्रधान इच्वलिया हरी सिंह, के अलावा खंड विकास कार्यालय के कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल के बच्चो द्वारा सरस्वती पूजन से किया गया। अंत में वीरेन्द्र रावत की ओर से भारत विकसित संकल्प यात्रा की जानकारियां विस्तार से दी गई।

संस्था द्वारा संचालित क्लास को बनाया और भी स्मार्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। नगराम के समेसी कस्बा स्थित नीरज रमादेवी नलिनीश कुमार पब्लिक इंटर कॉलेज में गुरुवार को सृजन एक सोच संस्था द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था द्वारा संचालित स्मार्ट क्लासों को अडुएप्स द्वारा क्वेटा फाउंडेशन की प्रमुख रेखा एवं दृष्टि ने और अधिक स्मार्ट जिसके अंतर्गत विद्यालय की समस्त कक्षाओं के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनुपस्थित शैक्षिक गतिविधियों का समस्त लेखा-जोखा की सूचना पेपर लेस होगी उन्होंने बताया कि एक क्लिक पर बच्चों का सारा डेटा साप्ताहिक , मासिक , छमाही एवं वार्षिक ऑनलाइन देख पाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केटा फाउंडेशन की प्रमुख रेखा और सृजन एक सोच संस्था के संस्थापक प्रभात सक्सैना के साथ विद्यालय की अध्यक्षता रश्मि मौर्य कंट्री हेड विनय गुप्ता प्रमुख सचिव रवींद्र गुप्ता विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुशवाहा सहित सृजन एक सोच की बुंदेलखंड , बाराबंकी , शाहजहांपुर की टीमें मौजूद रही । विद्यालय के शिक्षक बिन्दू शुक्ला सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

उप्र में अब तक 10129.85 मीट्रिक टन हुई ज्वार की खरीद

लखनऊ। योगी सरकार श्रीअन्न (मिलेट्स) के प्रोत्साहन पर पूरा ध्यान दे रही है। अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत योगी सरकार ने जहां श्रीअन्न महोत्सव का आयोजन कर किसानों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, वहीं आमजन को भी श्रीअन्न के प्रति जागरूक कर रही है। इसी क्रम में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में अब तक 10129.85 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद की जा चुकी है।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि ज्वार की खरीद में अब तक किसानों को 2834.77 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं योगी सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए हाइब्रिड ज्वार का समर्थन मूल्य 3180 व ज्वार मालदांडी का 3225 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है। प्रवक्ता ने बताया कि आठ संभाग में 10129.85 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद हुई। इसमें सर्वाधिक खरीद कानपुर संभाग के अंतर्गत की गई। यहां 8078.05 मीट्रिक टन की खरीद हुई। इसमें भी कानपुर नगर में 3272.70 व कानपुर देहात में 4805.35 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद हुई। झांसी संभाग में यह खरीद 1165.80 मीट्रिक टन हुई। राजधानी लखनऊ संभाग में 482.65 व चित्रकूट संभाग में 357.15 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद हुई। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज ज्वार के लिए किसानों को योगी सरकार की तरफ से समय से भुगतान भी किया जा रहा है। ज्वार के मद में अब तक आठों संभागों के किसानों को 2834.77 लाख (28.34 करोड़) रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अन्य संभागों में भी तेजी से मक्का खरीद जारी है। फिलहाल 31 दिसम्बर तक ज्वार खरीद होगी। वहीं कानपुर (नगर-देहात) के 11 क्रय केंद्रों से 1654 किसानों को अब तक 2262 लाख और झांसी संभाग में 335.093 लाख से अधिक का भुगतान किया जा चुका है।

ट्रेलर में घुसी पिकअप पिता की मौत तीन बच्चे घायल

मोहनलालगंज में बुधवार रात खराब खड़े ट्रेलर में तेज रफ्तार पिकअप घुस गई टक्कर से पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया डाला चालक प्रेमलाल 43 वर्ष वह तीनों बच्चे पिकअप में ही फंस गए पुलिस ने जेसीबी वह गैस कटर की मदद से 3 घंटे की के बाद पिकअप की बॉडी काटकर चारों को बाहर निकाल तब तक चालक की मौत हो चुकी थी वही तीनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए प्रेमलाल कानपुर से अपनी सास की तेरहवी में शामिल होने अयोध्या जा रहा था

फसलों पर नैनो यूरिया के छिड़काव से किसानों को मिलेगा लाभ : कृषि वैज्ञानिक

कानपुर। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए विभिन्न परीक्षणों में पाया गया कि नाइट्रोजन की अनुशंसित आधारिक मात्रा के साथ टॉप-ड्रेसिंग के रूप में नैनो यूरिया के दो छिड़काव करने से उपज में तीन से आठ प्रतिशत तक की वृद्धि होती है। यह किसानों के लिए लाभकारी साबित होगी। यह जानकारी गुरुवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि एवं मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने हिन्दुस्थान समाचार से खास बातचीत में कही है। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया के प्रयोग से फसलों में 25-50 प्रतिशत तक की यूरिया की बचत हुई। इफको नैनो तरल यूरिया की 500 एमएल बोतल की कीमत 225 रुपये है, जोकि पारंपरिक यूरिया की 45 किलोग्राम बोरी की कीमत से 16 प्रतिशत कम है। जिससे यह पता चलता है कि नैनो यूरिया से न केवल उपज में वृद्धि होती है, बल्कि कम मात्रा में उपयोग होने से फसल उत्पादन की लागत भी कम होती है। डॉ.पांडेय ने बताया कि नैनो यूरिया से फसल को लाभ नैनो यूरिया जब पत्तियों पर छिड़का जाता है तो पौधों के स्टेमेटा और अन्य छिद्रों के माध्यम से आसानी से प्रवेश करता है और फसलों को नाइट्रोजन की आवश्यकता को पूरा करता है। अपने विशिष्ट आकार तथा सतही क्षेत्र के उच्च अनुपात के कारण यह फसल संबंधी पोषक तत्वों की आवश्यकता को प्रभावी रूप से पूरा करता है, जिसके परिणामस्वरूप पोषण संबंधी दबाव कम होता है, जिससे पौधों की वृद्धि अच्छी होने के साथ ही अधिक उपज प्राप्त होती है। देश में सरकार द्वारा विकसित भारत की संकल्प यात्रा के दौरान देश के कई गांवों में ड्रोन की मदद से नैनो यूरिया एवं डीएपी का छिड़काव किया जा रहा है। यहां तक की सरकार ने ड्रोन की खरीद एवं नैनो यूरिया के छिड़काव पर भारी अनुदान भी दिया जाता है।

बखिरा के पीतल बर्तन उद्योग को विश्वकर्मा योजना से जोड़ा जाएगा : योगी

एजेंसी

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि संतकबीरनगर के बखिरा कस्बे के पीतल बर्तन उद्योग को विश्वकर्मा योजना से जोड़ा जाएगा।

जिले के बघौली ब्लाक के ग्राम करौंदा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि श्री योगी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पीएम मोदी की भारत को 2047 तक भारत को दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करने का अभियान है। विकसित भारत संकल्प यात्रा हम सबको जोड़ने की मुहिम है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में हम एक नव भारत का दर्शन कर रहे हैं और भारत को एक वैश्विक भारत का सम्मान प्राप्त हो रहा है। जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। योगी ने कहा कि बखिरा के पीतल बर्तन उद्योग को विश्वकर्मा योजना से जोड़ा जाएगा। डबल इंजन की सरकार ने समाज में संत कबीर के मूल्यों व आदर्शों, समता, सद्भावना एवं समरसता की स्थापना और शोध को बढ़ावा देने के लिए 'संत कबीर अकादमी' का निर्माण कराया है। वर्तमान बजट में हमने प्रावधान किया है कि 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के लाभार्थियों को होली के अवसर पर फ्री में भी सिलेंडर देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के भारत के पास राष्ट्रीय सुरक्षा की गारंटी होने के साथ ही वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर है। साथ ही पूरी इमानदारी और पारदर्शिता के साथ गरीब कल्याण की योजनाएं लोगों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 15 नवंबर से पूरे देश में एक साथ प्रारम्भ हुई थी। वहीं उत्तर प्रदेश में इस यात्रा की शुरुआत लखीमपुर खीरी और सोनभद्र जिले से हुई थी। उन्होंने कहा कि यात्रा के अंतर्गत 536 मोदी गारंटी वीडियो वैन चल रही हैं, जो उत्तर प्रदेश में अब तक 1072 कार्यक्रम कर चुकी हैं। भारत की आजादी के अग्रदूत और जनजातीय समुदाय से संबंध रखने वाले बिरसा मुंडा जी की जयंती से शुरू हुई यह यात्रा 26 जनवरी 2024 तक पूरे देश के अंदर चलेगी। योगी ने कहा कि यह यात्रा पूरे देश के अंदर सभी ग्राम पंचायतों और नगर निकायों में निकल

रही है। यात्रा के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं के लाभार्थी अपनी सफलता की कहानी स्वंय बता रहे हैं। साथ ही विभिन्न योजनाओं में पात्रता श्रेणी में आने वाले लोगों का यात्रा के अंतर्गत ही फार्म भी भरा जा रहा है और समयबद्ध तरीके से उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े छ वर्ष में उत्तर प्रदेश में 55 लाख से अधिक गरीबों को आवास दिया गया है। तीन करोड़ से अधिक गरीबों को शौचालय मिला है। एक करोड़ 75 लाख से अधिक माताओं और बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत फ्री में रसोई गैस सिलेंडर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली के अवसर पर जिन लोगों का गैस कनेक्शन उनके आधार से लिंक था उनको राज्य सरकार ने अपनी तरफ से एक-एक सिलेंडर फ्री में दिया है। साथ ही होली में भी हमारी सरकार ऐसे लोगों को एक-एक सिलेंडर फ्री में देगी। उन्होंने कहा कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत देश के अंदर 80 करोड़ लोगों तो उत्तर प्रदेश में 15 करोड लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। आयुष्मान योजना के तहत गरीबों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत डबल इंजन की सरकार उन सभी पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराएगी, जो किन्हीं वजहों से अभी तक वंचित रह गए थे। कार्यक्रम में योगी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने छः माह से ऊपर आयु वर्ग के कुछ बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। साथ ही सीएम योगी ने कार्यक्रम में शामिल सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस दौरान लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री से अपने अनुभव साझा किए। इसके अलावा उन्होने मनरेगा के अंतर्गत 21 अन्नपूर्णा भवनों का भूमि पूजन किया और संत कबीर नगर सेफ सिटी परियोजना का शुभारम्भ किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर उन्हें लाभान्वित भी किया। कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, सांसद प्रवीण कुमार निषाद, विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी, अंकुर तिवारी, गणेश चंद्र चौहान, विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, ध्रुव कुमार त्रिपाठी, देवेन्द्र प्रताप सिंह, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद एवं विधायक और पार्टी की जिला इकाई के पदाधिकारी समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता और लोग शामिल थे।

योगी ने राम मंदिर निर्माण से जुड़े विकास कार्यों का लिया जायजा

एजेंसी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को रामनगरी अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिये।

श्री योगी ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए और सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन, आरती व परिक्रमा की। उन्होने राम मंदिर निर्माण की प्रगति का भी जायजा लिया। इसके पहले अयोध्या पहुंचने पर रामकथा हेलीपैड पर मुख्यमंत्री को सलामी दी गई। इस माह में मुख्यमंत्री का दूसरी बार अयोध्या आगमन हुआ है। इससे पहले मुख्यमंत्री दो दिसम्बर को अयोध्या एयरपोर्ट का निरीक्षण करने आए थे। रामलला के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति जानी। यहां ट्रस्ट से

जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री को निर्माण से जुड़ी जानकारी दी। योगी आदित्यनाथ ने यहां कार्य कर रहे मजदूरों से भी हालचाल पूछा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से वर्तमान समय में चल रहे कार्य की प्रगति भी जानी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बाद में मुख्यमंत्री अयोध्या रेलवे स्टेशन और नवनिर्मित हवाई अड्डा के निर्माण कार्यो की प्रगति का जायजा लेने पहुंचे। आगामी 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हवाई अड्डे का लोकार्पण करेंगे। उन्होने प्रधानमंत्री के संबोधन स्थल का भी बारीकी से निरीक्षण किया।

विपक्षी सांसदों का निलंबन जनता के विश्वास पर आघात : मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राज्यसभा सभापति की मिमक्री को अशोभनीय बताते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 150 विपक्षी सांसदों का निलंबन लोगों के विश्वास को आघात पहुंचाने वाली घटना है।

सुश्री मायावती ने गुरुवार को कहा कि संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों के रिकार्ड संख्या में लगभग 150 विपक्षी सांसदों का निलम्बन होना सरकार व विपक्ष के लिए भी कोई गुडवर्क व अच्छा कीर्तिमान नहीं है। इसके लिए कसूरवार चाहे कोई भी हो, लेकिन संसदीय इतिहास के लिए यह घटना अति-दुःखद, दुर्भाग्यपूर्ण व लोगों के विश्वास को आघात पहुँचाने वाला है। उन्होने कहा कि इस दौरान, राज्यसभा सभापति का संसद परिसर में निलम्बित सांसदों द्वारा मज़ाक

(मिमिक्री) उड़ाने का वीडियो वायरल होना भी अनुचित व अशोभनीय है। साथ ही विपक्ष-विहीन संसद में देश व आमजन के हित से जुड़े अति- महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना भी यह अच्छी परम्परा नहीं है।

बसपा अध्यक्ष ने कहा कि संसद की सुरक्षा में अभी हाल में जो सेंध लगाई गई है। यह ठीक नहीं है। बल्कि यह अति-गम्भीर एवं चिन्तनीय घटना है। इस मामले में सभी को मिलकर संसद की सुरक्षा की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिये, एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाना ठीक नहीं है। विपक्ष के गठबन्धन में बसपा समेत अन्य जो पार्टियाँ शामिल नहीं हैं उनके बारे में किसी को भी बेफिजूल कोई भी टीका-टिप्पणी करना उचित नहीं है, क्योंकि भविष्य में देश व जनहित में कब किसको, किसी की भी जरूरत पड़ जाये, यह कुछ भी कहा नहीं जा सकता है और तब उन्हें शर्मिन्दगी न उठानी पड़े। इस मामले में खासकर समाजवादी पार्टी इस बात का जीता-जागता उदाहरण भी है। उन्होने कहा कि बसपा पूर्ण रूप से धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और यहाँ अपने देश में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोगों के अपने आस्था के अनेकों स्थल बने हैं, जिन सभी का हमारी पार्टी हमेशा सम्मान करती रही है और आगे भी करती रहेगी। इसी क्रम मे अयोध्या में नव-निर्मित राम मन्दिर का जो अगले महीने उद्घाटन होने के लिए जा रहा है तो उसका हमारी पार्टी को कोई भी एतराज नहीं है। और यहाँ अयोध्या में कोर्ट के आदेश पर सरकार द्वारा निर्धारित की गई जमीन पर जब भी मस्जिद का निर्माण होता है तब उसके उद्घाटन का भी हमारी पार्टी कोई एतराज नहीं करेगी।

मोदी-योगी के सपनों को साकार करने की दिशा में बढ़ रहा उत्तर प्रदेश : स्वतंत्र देव सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर,संवाददाता। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल और हर घर को स्वच्छ जल देने के सपने को साकार करने के लिए क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में बनाई जा रही पानी की टंकियों का गुरूवार को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह स्थलीय निरीक्षण करने के लिए गोंदौली और सादुल्ला नगर गांव पहुंच गए। यहां उन्होंने हर-घर जल पहुंचाने के लिए बन रही पानी की टंकी का निरीक्षण किया और टंकी को लेकर अधिकारियों से जमीनी हकीकत जानी। मंत्री ने योजना को लेकर ग्रामीणों से भी बातचीत की जिसपर कुछ ग्रामीणों ने उनसे घरो मे पानी न आने की शिकायत भी कर दी तो मंत्री ने मौके पर मौजूद जल निगम के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए उन्हें शीघ्रता के साथ

हर घर नल और स्वच्छ जल पहुंचाने को लेकर प्रतिबद्ध है योगी सरकार : स्वतंत्र देव सिंह

जल जीवन मिशन के तहत क्षेत्र में बनाई जा रही पानी की टंकियों का केंद्रीय मंत्री द्वारा किया गया स्थलीय निरीक्षण

कमियों को दूर करते हुए उनके घरों में यथाशीघ्र आपूर्ति शुरू करने को कहा। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मौजूदा ग्रामीणों से जल संरक्षण का भी आव्हान किया मंत्री ने कहा की अक्सर ही ऐसा देखने को मिल जाता है कि लोग जरूरत से ज्यादा पानी का इस्तेमाल करते हैं। हमें अनावश्यक रूप से जल दोहन से बचना चाहिए इसके लिए हर किसी को अपनी जिम्मेदारी तय करनी होगी। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि भाजपा की सरकारें पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपना काम कर रही हैं। सरकार द्वारा अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। मंत्री के साथ मौजूद विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने भी लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताया और कहा कि क्षेत्र मे लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, कोई भी कोना विकास कार्यों से छूटा नहीं रहेगा।

इसी के साथ गोंदौली गांव में 10 लाख की लागत से पक्की सड़क सोलर लाइट और पांच हैंड पंप लगवाने की घोषणा भी की गई। इस मौके पर कई लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी सौंपे गए। कार्यक्रम में इस दौरान खंड विकास अधिकारी नीति श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) शिवकुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कौशल कुमार, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) बीरेंद्र कुमार वर्मा के साथ अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारी के अलावा भाजपा नेता शिव शंकर सिंह चौहान, पूर्व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कुंवर राजेंद्र सिंह चौहान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष शिवबक्स सिंह, सुरेश सिंह, गंगाराम भारती, आशु शुक्ला, सुभाष पासी, भारतीय किसान मंच के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार तिवारी रिंकू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में कांग्रेस के खिलाफ किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के कैसरबाग स्थित कलेक्ट्रेट पर आज भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यकर्ता व पदाधिकारीयों द्वारा कांग्रेस पार्टी सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया।

आपको बता दें कि आज 21 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर के आवाहन पर तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने सर्वनक हरकतें करते हुए राज्यसभा के सभापति व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी की अशिष्ट ढंग से मिमिक्री करते हुए मजाक उड़ाया और उसे वीडियो को सांसद राहुल गांधी द्वारा बनाया गया जो कि संसदीय इतिहास में घृणित एवं निंदनीय है जो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया।जिससे नाराज भारतीय जनता पार्टी व किसान मोर्चा के कार्यकर्ता व पदाधिकारीयों ने विरोध प्रदर्शन करके राहुल गांधी का पुतला उनके साथ ही जूते और चप्पलों से राहुल गांधी के पुतले को राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी के मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। इस प्रदर्शन में महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष सीता नेगी , रीना चौरसिया , पश्चिम दो की मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पा सिंह , सतेन्द्र सिंह , आकाश वाजपेयी , मधु शुक्ला के साथ भारी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

21 दिसंबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बृहद रोजगार मेले का आयोजन होगा

लखनऊ **कैनविज टाइम्स संवाददाता**। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 एम. देवराज एवं मिशन निदेशक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन रमेश रंजन की उपस्थिति मे 21 दिसम्बर, 2023 को पूर्वाह्न 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज लखनऊ एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले का किया जा रहा है। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम0 ए0 खाँ ने बताया कि बृहद रोजगार मेले में 60 से अधिक कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही है। रोजगार मेले में 6000 से अधिक रिक्तिया होंगी। जिन अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 40 तथा कौशल विकास प्रशिक्षण, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक एवं बी-टेक पास है वे ही रोजगार मेले में ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन 7700 से 27400 रूपये प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दी जायेगी। इच्छूक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

आज भारत का बचपन नष्ट हो रहा है : आचार्य गोविंद मिश्रा

लखनऊ, **कैनविज टाइम्स संवाददाता**। विश्वनाथ मन्दिर के 32वें स्थापना दिवस के मौके पर श्रीरामलीला पार्क सेक्टर-ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम कथा के चौथे दिन गुरुवार को कथा व्यास आचार्य गोविंद मिश्रा ने नामकरण, अहिल्या उद्धार, नगर दर्शन का प्रसंग सुनाया। नामकरण का प्रसंग सुनाते हुये उन्होंने बताया कि सभी को सुख देने वाले, सभी को भव से पार कराकर विश्राम देने वाले उनका नाम राम है। आचार्य गोविंद मिश्रा ने कहा कि आज भारत का बचपन नष्ट हो रहा है। बचपन नष्ट करने वाले कोई और नहीं, बल्कि उनके परिवार ही हैं। यदि बचा सके तो आज बचपन बचाएँ। बच्चे अपने परिवार की पाठशाला में ही सर्वप्रथम सीखतें हैं। हमारा पारिवारिक जीवन जैसा होगा, भावी पीढ़ी भी वैसी ही होगी। परिवार में जैसे संस्कार होगें, वैसा ही संस्कार बालक सीखता है।

विफल हो गई किसानों के साथ तहसीलदार की वार्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।जनपद लखनऊ के गोल्फ सिटी थाने पर किसानों का तीसरे दिन भी जारी है।धरना स्थल पर तहसीलदार मोहनलालगंज वार्ता हेतु पहुंचे थे लेकिन निराशा ही उनके हाथ लगी और तहसीलदार साहब को बैरंग लौट जाना पड़ा। धरने पर आज तहसील मोहन लाल गंज के तहसीलदार धरना स्थल पर पहुंच कर समास्याओं को सुना लेकिन वार्ता विफल रही और संगठन में तय हुआ कि जब तक कोई सक्षम अधिकारी समस्या के निस्तारण के लिए नहीं आता है किसानो का धरना ज़ारी रहेगा। धरना स्थल पर बरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष विनीत यादव, जिला प्रभारी शारदा पटेल, जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रावत ,बरिष्ठ उपाध्यक्ष

सरवन यादव , मीडिया प्रभारी करन गुप्ता, महिला बरिष्ठ उपाध्यक्ष सोना देवी ,प्रचार मंत्री मोहम्मद रजा ,युवा नेता राज कमल, सचिव, मदन ,मण्डल महामंत्री दिलेर सिंह ,तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष लालता प्रसाद पटेल, प्रवेश कुमार, मेवा लाल ,राकेश कुमार, शिव कुमार, गजराज ,बसन्ती, सुनीता, पूजा, हरिलाल, मातादीन, नौमीलाल तथा नीतू सिंह? सहित सैकड़ों किसान धरने में शामिल रहे।

ब्लॉक स्तरीय खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, । युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चिनहट गरिमा सिंह द्वारा चिनहट में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती और भारोत्तोलन विधाओं में पुरुष एवं बालिका दोनों वर्ग में व जूनियर, सब जूनियर और सीनियर वर्ग में किया गया, जिसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख उषा यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में वॉलीबाल सीनियर वर्ग में बालक वर्ग में धतींगरा की टीम, पुरुष सीनियर वर्ग कबड्डी में पल्हरी की टीम विजयी घोषित हुई, कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में सैर पुर, कबड्डी सीनियर वर्ग महिला में सैर पुर की टीम विजयी घोषित हुई। प्रतियोगिता के संचालन में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दीपिका यादव, मधुराम, देवेश विश्वकर्मा, अमित कुमार, सचिन यादव, वीरेंद्र यादव, हंसराज यादव, रोहित यादव एवं शैलेंद्र यादव का विशेष योगदान रहा।

बेख़ौफ चोरों ने भाजपा नेता के यार्ड से लाखों का सामान चोरी कर फ़रार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद में आयेदिन हो रही चोरी की वारदातों से ग्रामीण दहशत के साये में जी रहे है। पिछले सप्ताह हुई चोरियों ख़ुलासा तो दूर की बात एक बार फिर से चोरो ने भाजपा नेता के यार्ड को निशाना बनाकर बैट्री व टायर चोरी कर फ़रार हो गये। भाजपा नेता की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बेखौफ चोरों ने एक सप्ताह में मलिहाबाद व रहीमाबाद थाना क्षेत्रों तीसरी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीती रात अज्ञात चोरों ने भाजपा नेता रनदीप गुप्ता उर्फ रिक्की के माल रोड स्थित सागर लान है। जिसे भाजपा नेता ने महिंद्रा शोरूम को किराये पर दे रखा है। भाजपा नेता के यार्ड को निशाना बनाते हुए वहाँ खड़े वाहनों की तीन बैट्री सहित पहिये खोलकर उन्हें लेकर चंपत हो गए। सुबह उठते ही लोगे

को जब चोरी की जानकारी हुई तो इसकी सूचना यार्ड मालिक रिक्की को दी। यार्ड मालिक की सूचना पर पहुँची पुलिस ने चोरो की तलाश शुरू कर दी है। मलिहाबाद तहसील क्षेत्र में एक सप्ताह में तीन स्थानों पर चोरी से क्षेत्र में दहशत बीते एक सप्ताह में चोरों ने क्षेत्र में आतंक मचा रखा है। बीती 14 दिसम्बर को गोपेश्वर गौशाला को निशाना बनाते हुए मारुति कार सहित सोलर बैटरी लेकर फरार हो गए थे । जिसके चोरों को अब तक मलिहाबाद पुलिस नहीं पकड़ सकी है। इसी प्रकार रहीमाबाद थाना क्षेत्र में 19 दिसम्बर को तिलक खेड़ा निवासी अब्दुल के घर को निशाना बनाते हुए घर मे रखी 20 हजार रुपयों की नगदी सहित लाखों रुपयों के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर चोर फरार हो गये थे। जिसका रहीमाबाद पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर सकी है। बीती रात हुयी तीसरी चोरी से नगर पंचायत सहित क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है।

अल्टीमेटम : व्यापारियों को नहीं किया बहाल, तो इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान का बहिष्कार करेंगे व्यापारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर वेलफ़ेयर एसोसिएशन की गुरूवार को बैठक हुई। जिसमें इस बैठक में व्यापारियों का विषय इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में टेंट और कैटर्स के व्यापारियों को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है, जिसको लेकर व्यापारियों में काफी गुस्सा था। इसको लेकर व्यापरियों ने गुरूवार को बैठक की, जिसमें व्यापारियों का कहना है कि जब एलडीए प्रशासन को यह मालूम था कि महामहिम आने वाले हैं तो एलडीए ने शादी की बुकिंग को कैंसिल क्यों नहीं किया। व्यापारियो ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा अपने विभाग को बचाने के लिए इस तरह की कार्रवाई की गई है। व्यापारियों ने बताया कि कमिश्नर से मिलकर एलडीए के द्वारा जो व्यापारियों पर कार्रवाई गलत तरीके से की गई है उससे कमिश्नर को अवगत कराया जाएगा और अगर व्यापारियों को बहाल नहीं किया गया तो संगठन ने यह निर्णय लिया है कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान

में लखनऊ का कोई भी व्यापारी टेंट या लाइट या फूल या कैटरिंग का काम नहीं करेगा पूर्ण रूप से हम लोग इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान का और वहां की अधिकारियों का बहिष्कार करेंगे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पवन तलवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदय मल्होत्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजू नगर, अध्यक्ष कीर्ति चौधरी, नगर महामंत्री ऋतिक जायसवाल, नगर कोष अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, अमित सिंह, अभय श्रीवास्तव, महासचिव मुदित विनय चौधरी, विनोद शुक्ला, श्रीपाल संधू, मनोज यादव व प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

डायग्नोस्टिक इंडस्ट्री वर्कशॉप कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गुरुवार को होटल क्लार्क अवध में डायग्नोस्टिक इंडस्ट्री वर्कशॉप कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के अपर निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राजकीय मेडिकल कालेज, जिला चिकित्सालय, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रदेश के विभिन्न निजी चिकित्सालय, पैथोलाजी, फार्मेसी आदि ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन द्वारा मरीजों के चिकित्सकीय रिकॉर्ड के डिजिटलाइजेशन के महत्व व उपयोगिता एवं लाभ से अवगत कराया गया। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न मंडलों एवं जिलों के अपर निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों, चिकित्सा अधीक्षकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित

किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलें जिनमें कानपुर नगर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, आजमगढ़ एवं बाराबंकी को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। प्रदेश के उत्कृष्ट चिकित्सालयों की सूची में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज, जीएसवीएम मेडिकल कालेज कानपुर नगर, संयुक्त चिकित्सालय लखनऊ, यूएचएम कानपुर नगर, एएचएम महिला चिकित्सालय कानपुर नगर, कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर कानपुर नगर, पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय जिला चिकित्सालय, वाराणसी, जिला संयुक्त चिकित्सालय, गौतमबुद्ध नगर, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झांसी को पुरस्कर एवं सम्मान दिया गया। वहीं प्रदेश के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिविसर्टी लखनऊ, बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिला चिकित्सालय गोरखपुर की पौथोलाजी को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से पूणर्तः एकीकृत एवं संचालित करने हेतु सम्मानित किया गया।प्रदेश की एस सी बड्डुपुर बाराबंकी, एससी बैंडोरा झांसी एवं एससी गोगमा शामली (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) एबीडीएम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया और साथ ही अपूर्वा सिंह यूपीटीएसयू, विकास श्रीवास्तव केजीएमयू और राहुल त्रिपाठी एमकेसीएच कानपुर को उत्तर प्रदेश में एबीडीएम के सफल कार्यान्वयन और अपनाने में उनके असाधारण योगदान के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस कार्यशाला में नरेन्द्र सिंह राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधक, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, भारत सरकार, रंजन कुमार मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं सेवाएं उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, डा. मोहित सिंह, संयुक्त निदेशक, को-आडिनेशन, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश आदि उपस्थित रहें।

अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में तीन महिलाओं समेत एक युवक घायल

मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज क्षेत्र के अलग-अलग गांव में मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट में तीन महिलाओं समेत एक युवक घायल हो गया पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मोहनलालगंज के भसंडा गांव निवासिनी शिवकली ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरे घर में मामूली विवाद को लेकर घरेलू विवाद हो रहा था तभी मेरे गांव के ही सरवन कुमार मिश्रा ,धर्मेंद्र मिश्रा सहित उनके परिजन घर में घुसकर मुझे मारा पीटा शोर गुल सुनकर मेरी बहू बीनू मौर्य मुझे बचाने दौड़ी तो उसको भी बुरी तरह मारा पीटा मारपीट में मुझे वह मेरी बहू को काफी चोटे आई हैं वहीं दूसरी घटना में मोहनलालगंज नगर पंचायत गौरा के मजरा भेदुआ निवासिनी प्रभु देवी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गुरुवार की सुबह मेरा लड़का सरकारी नल पर स्नान कर रहा था तभी गांव के ही रहने वाले विपक्षी रंजीत मेरे लड़के को बेवजह गालियां देते हुए लाठी डंडों से मारने पीटने लगे जब मैं अपने लड़के को बचाने के लिए दौड़ी तो नन्हक्के व उनकी पत्नी ने मिलकर मुझे वह मेरे बेटे को मारा पीटा मारपीट में मुझे व मेरे बेटे को चोटे आई हैं ।

शालीमार पेंट्स अपग्रेड किया क्या के साथ बना रहा एक नए युग के लिए मार्ग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शालीमार पेंट्स लिमिटेड अपने जीवंत नए प्रचार अपग्रेड किया क्या को लॉन्च करने के लिए तैयार है। इस पहल का उद्दीपन परिवर्तन की दृष्टि को बोधित करता है, अपने स्टेकहोल्डर्स, जैसे कि डीलर, साथी, और अंत उपभोक्ता, को प्रेरित करता है कि वे शालीमार की नई नवीन उत्पाद लाइन के साथ अपग्रेड करें और उनका जीवनशैली उनकी श्रेष्ठ प्रौद्योगिकी और अनुसंधान से समर्थित पेंट्स के साथ अपग्रेड करें। इस प्रचार में कई उत्पादों की पेशकश की जाती है, जिसमें हीरो सुपर प्रीमियम 5 इन 1 इंटीरियर इमल्शन, केयरवुड वुडकोटिंग्स - मेलामाइन और 1ख पीयू, मैजिक ब्रशेस और रोलर्स रेंज, और सुपरलैक इनैमल पीयू सैटिन शामिल हैं। जीरो वोसी, सक्रिय स्टेन गार्ड प्रौद्योगिकी, एंटी वायरल डिफेंस, सच्ची टोन प्रौद्योगिकी, और श्रेष्ठ-इन-क्लास वॉशेबिलिटी जैसी अनोखी विशेषताओं के साथ, हीरो 5 इन 1 नवीनतम बाजार की वृद्धि है, जो एक सस्ते मूल्य पर अमूर्त प्रोडक्ट गुणवत्ता, विशेषताएं और प्रदर्शन प्रदान करता है। इस उत्पाद को अधिकतम एंटी-वायरल डिफेंस और गैर साइटोटॉक्सिक गुणों के साथ प्रमाणित किया गया है। इसके बारे में बात करते हुए कुलदीप रैना, निदेशक बिक्री और विपणी, शालीमार पेंट्स ने कहा कि आज की तेजी से बदलती दुनिया में, अपग्रेड के लिए उत्साह सामग्री से परे होता है।

एक साथ कई सैकड़ा गोवंशों को देखकर ग्रामीणों में हलचल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहांगीराबाद (सीतापुर)। सदरपुर थाना क्षेत्र की पूंजीखेरा ग्राम पंचायत के मजरा गांव महादेवा के निकट बाग में लगभग आधा सैकड़ा बाहरी महिला पुरुषों के साथ पांच सौ से अधिक गोवंशों को देखकर ग्रामीणों में हलचल हो गयी। इतनी अधिक संख्या में दर्जनों महिलाओं व पुरुषों के साथ गोवंशों को देखकर ग्रामीणों में शंका उत्पन्न हो गयी। कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि अज्ञात पुरुषों द्वारा ग्रामीणों द्वारा निराश्रित कर दिये गये गोवंशों को भी पचास से लेकर दो सौ रुपया देकर अपने झुंड में शामिल कर लिया। सुबह ग्रामीणों के पहुंचते ही वह अपने डेरे के साथ कूच कर गये। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार वर्मा ने ग्रामीणों संग उनका पीछा किया तथा सदरपुर थाना अन्तर्गत देबियापुर पुलिस चौकी प्रभारी दिलीप कुमार सिंह को फोन द्वारा सूचित किया। प्रभारी उपनिरीक्षक भी प्रधान प्रतिनिधि व ग्रामीणों संग उनके झुंड

गोवंशों के साथ दर्जनों महिलाएं व पुरुषों का झुंड भी।

वेशभूषा से लग रहे थे बंजारे

जांच कर सदरपुर पुलिस ने जाने दिया

के आगे पीछे हो लिये लेकिन उनके सामने यह समस्या थी कि इन्हें रोका कैसे जाये क्योंकि झुंड में महिलाओं की संख्या भी अधिक थी। इतने में ही सूचना पाकर बजरंग दल के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गये।गोवंशों का झुंड रुकने का नाम ही नहीं ले रहा था। प्रभारी उपनिरीक्षक ने झुंड के प्रमुख को हाजीपुर के पास रोक कर जांच पड़ताल की। झुंड के प्रमुख ने अपना नाम खेमचन्दर व पता जिला बूंदी राजस्थान बताया। उनके साथ पुरुषों और महिलाओं का पहनावा और बोली भी राजस्थानी लग रही थी। उसने बताया कि मेरे साथ लगभग पांच से अधिक गोवंश हैं तथा लगभग पचास से अधिक महिला पुरुष हैं। हमारे राजस्थान में चारा पानी की कमी है इसलिए हम लोग इन गोवंशों को इधर उधर सड़कों के किनारे तथा बागों में घास चराते हैं कभी कभी गांवों से पुआल भी खरीद कर खिलाते हैं।

दिन में चलते रहते हैं जहां खाली जगह या बड़ी बाग पड़ती हैं वहां ठहर जाते हैं। उप निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने जांच के बाद थाना प्रभारी को घटना से अवगत करा कर उन्हें जाने दिया। उन्होंने कहा कि यह बंजारा टाइप के लोग हैं।यह इसी प्रकार चलते रहते हैं।

वार्ड की गंदगी की ख़बर प्रकाशित होने के बाद निरीक्षण करने पहुंचे पालिकाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। नगर पालिका में 13 दिसंबर से शुरू हुआ स्वच्छता जन जागृति कार्यक्रम के उपरांत बुधवार को समाज सेविका अंशिका सक्सेना ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू से वार्ड को और अच्छी तरह से स्वच्छ बनाया जाए इस विषय पर बारीकी से चर्चा की। समाज सेविका का कहना है कि वार्ड में गंदगी पड़े रहने से वार्डवासियों के साथ-साथ आम जनमानस को बड़ी ही जहमत उठानी पड़ती है व खाली पड़े प्लाटों की गंदगी बीमारी को दावत देती है। चर्चा के उपरांत वार्ड 5 मुन्नूगंज में पहुंचे पालिका अध्यक्ष ने वार्ड का निरीक्षण किया व वार्ड को और अच्छी तरह से स्वच्छ एवं सौंदर्यकरण बनाया जाए इस पर वार्डवासियों से पालिका अध्यक्ष ने रूबरू होकर चर्चा की। व तत्काल साफ सफाई के दिशा निर्देश दिए। चैयरमेन विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि स्वच्छता वातावरण की संपूर्ण सफलता के लिए व्यापक जन भागीदारी आवश्यक है इसके लिए स्वच्छता भारत मिशन को घर-घर पहुंचना ही हमारा लक्ष्य है पालिका अध्यक्ष के निर्देशानुसार शुक्रवार को पहुंचे सफाई कर्मियों ने जमीनी स्तर से सफाई करनी शुरू की। पालिका अध्यक्ष के वार्ड में निरीक्षण के उपरांत वार्डवासियों के चेहरे पर आई मुस्कान।

शारदा नहर पुल पर बाहर निकले लोहे के इंगल से हो रही दुर्घटनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहांगीराबाद (सीतापुर)। सीतापुर - बहराइच मार्ग पर बिसवां शारदा नहर पुल पर काफी समय से लोहे का मोटा इंगल उखड़कर आर सी सी से ऊपर आ गया है जो लोगों के लिए दुर्घटना का शबब बना हुआ है।जिसमें फंसकर रात्रि में दुपहिया साईकिल व मोटरसाइकिल तथा पैदल यात्री घायल हो रहे हैं। अत्यधिक व्यस्ततम इस मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में दिन रात छोटे बड़े वाहनों तथा हजारों दुपहिया वाहनों का आवागमन रहता है। जिम्मेदार भी इसी मार्ग से होकर निकलते हैं लेकिन उनकी नजर इस ओर नहीं जाती है। दैनिक राहगीर सुनील अग्रवाल,विजय अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अमित सिंघल,पंकज गुप्ता,शिव प्रसाद गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, विजय श्रीवास्तव,

संजय श्रीवास्तव, सुधीर शुक्ला, पंकज खेतान व पुनीत अग्रवाल सहित दर्जनों लोगों ने इसकी तुरन्त मरम्मत कराये जाने की मांग की है।

परिवहन विभाग सीतापुर द्वारा द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े के सातवें दिवस सीएमओ कार्यालय में चालकों, परिचालको को लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । गुरूवार को परिवहन विभाग सीतापुर द्वारा द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े के सातवें दिवस सी0एम0ओ0 कार्यालय में चालकों, परिचालको को लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के तहत व्यवसायिक वाहनों के चालक/परिचालकों, टोल प्लाजा कर्मी, गैराज मेकेनिक आदि को सी0एम0ओ0 डा0 हरपाल सिंह, ए0सी0एम0ओ0 डा0 कमलेश यादव, डिप्टी सी0एम0ओ0 डा0 राजशेखर द्वारा हादसे के समय बचाव के तरीके चालकों को बताये गये। उन्हीने बताया कि हादसे के समय घायलों को समय से प्राथमिक उपचार न मिलने के कारण घायल व्यक्तियों की संख्या मृतक व्यक्तियों की संख्या में बदल जाती है जो कि अत्यन्त दुखद है। हादसे के बाद पहला घण्टा गोल्डन आवर होता है यदि

इस समय उपचार मिल जाये तो घायल व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाने वाले नेक आदमी को गुड समेरिटन के रूप में शासन द्वारा सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त पुलिस जॉच में भी उसे शामिल नही किया जायेगा। मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद सभी लोग हादसा होने पर घायलों की बेझिझक होकर मदद करें। एम्बुलेंस के लिये 108, पुलिस सहायता के लिये 112 डायल करें, पैनिक न हों। यदि व्यक्ति की नाड़ी नही चल रही है तो उसे सी0पी0आर0 दें। सी0पी0आर0 की जानकारी सभी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। कार्यक्रम में ए0आर0टी0ओ0 प्रवर्तन संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि यातायात के छोटे-छोटे नियम बड़े सड़क हादसों को टालने में सहायक है। सड़क पर जल्दबाजी न करें। समय बहुमूल्य है किन्तु जीवन अमूल्य है। यात्रीकर अधिकारी शैहपर किदवई ने भी यातायात नियमों की जानकारी दी। ए0आर0टी0ओ0 प्रवर्तन संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के आठवें दिवस दो पहिया वाहनों पर हेलमेट की जॉच के साथ मोबाइल प्रयोग व रॉग साइड ड्राइविंग को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। साथ ही अनाधिकृत बसों के संचालन की जांच की जायेगी।

साइबर अपराध से बचने के लिए क्राइम इंस्पेक्टर गोला ने चलाया जागरूकता अभियान

गोला गोकर्णनाथ-खीरी।पुलिस अधीक्षक खीरी के आदेशानुसार जनपद में साइबर अपराध से बचने हेतु चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में एवम क्षेत्राधिकारी गोला व प्रभारी निरीक्षक गोला के दिशा निर्देशन में निरीक्षक अपराध रवींद्र कुमार पाण्डेय टीम के साथ कोतवाली गोला क्षेत्र के सदर चौराहा, सरस्वती शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, बजाज शुगर मिल गोला तथा अलीगंज में नुक्कड़ नाटक के जरिए स्थानीय जनता को एधटीधएम से होने वाले फ्रॉड, क्यू आर कोड से होने वाले फ्रॉड, यूपीआई से होने वाले फ्रॉड, वीडियो कॉलिंग व चैटिंग के द्वारा होने वाले फ्रॉड व अन्य

साइबर फ्रॉड के सम्बंध में व्यापक प्रचार किया गया। साथ ही लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया गया। जिसकी स्थानीय नागरिक व सभ्रांत व्यक्तियों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

नाजायज असलहा व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भीरा-खीरी।पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण/बिक्री/परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत भीरा पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त दीपक उर्फ दीपू उर्फ दरोगा पुत्र तौलेराम उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम पहाडापुर थाना भीरा जनपद खीरी को मुखबिर की सूचना पर नाजायज असलहा व कारतूस बरामद कर आरोपी को पहाडापुर से गिरफ्तार किया गया आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थानाध्यक्ष भीरा

निराला तिवारी के नेतृत्व में आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उ0नि0 संदीप यादव, आ0 संजय सिंह,आ0 चन्द्रमोहन त्यागी, आ0 अरविन्द कुमार, आ0 विशाल कुमार, आ0 सोहित कुमार शामिल रहे। इस बाबत मे जब उप निरीक्षक संदीप यादव से उक्त गिरफ्तारी के मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। (उप निरीक्षक संदीप यादव)

नोटिस चस्पा करने के बाद भी संचालित हो रहा अवैध क्लिनिक

रेउसा सीतापुर। अवैध रूप से क्लिनिक संचालित करने वाले लोगों के हौंसले किस प्रकार बुलंद हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि छापेमारी व नोटिस चस्पा करने के बाद भी घर मे संचालित हो रहे हास्पिटल में चोरी छिपे लगातार ,सुबह से शाम तक मरीज देखे जा रहे हैं। ज्ञात हो की क्षेत्र के मारूबेहड इलाके में बिना लाइसेंस,अवैध तरीके से सोनू पांडे द्वारा घर के अंदर हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा था। अस्पताल में भारी मात्रा में एबार्शन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण दवाएं आदि भी बरामद की गई थी स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी टीम द्वारा। इस घटना के लगभग एक माह बाद भी संचालिका द्वारा चोरी छिपे हो रहे संचालन से कहीं न कहीं स्वास्थ्य विभाग पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। बताते चलें की उपरोक्त हॉस्पिटल में इलाज के दौरान कई लोगों की मृत्यु के मामले भी पूर्व में प्रकाश में आ चुके हैं। जिसकी चर्चा सोशल मीडिया के साथ साथ समाचार पत्रों में भी हुई थी।

सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

रेउसा सीतापुर। विकासखंड रेउसा क्षेत्र क्षेत्र में महमूदाबाद रोड पर चंदौली भट्ठे के पास बीती बुधवार की रात ट्रक की टक्कर से घायल होकर सड़क के किनारे बेहोशी की हालत में लावारिश पड़े अज्ञात युवक को एंबुलेंस से रेउसा सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे ट्रामा सेंटर बहराइच को रेफर कर दिया गया था। बहराइच ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान गुरुवार की सुबह युवक की मौत हो गई। घायल युवक के पास मिले मोबाइल के कॉन्टेक्ट में सेव नंबरों पर घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद परिजनों के ट्रामा सेंटर पहुंचने पर उसकी पहचान राजेश पुत्र राम गोपाल निवासी लंबा पुरवा कोंडरी थाना रेउसा के रूप में हुई है। वहीं ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। खबर लिखे जाने तक परिजनों द्वारा कोई विधिक कार्यवाही नही की गई थी।

खेत के किनारे लगे करंट वाले तार से दो गौवंशो की मौत

रेउसा सीतापुर। थाना थानगांव क्षेत्र में किसान द्वारा फसल रखवाली हेतु लगाए गए करंट वाले तार से दो छुट्टा गौवंशो की जान चली गई। इस घटना के बाद किसान द्वारा अपना कृत्य छुपाने का प्रयास करते हुए आननफानन में अपने ट्रैक्टर से गौवंश को पीछे बांधकर घसीटता हुआ सूनसान जगह पर छोड़ दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार थानगांव के चहलारी लोधन पुरवा निवासी बौर लोधी एक किसान है,और अनवरत अपने खेत के किनारे लगे तारों में बिजली बिजली का करंट रखता है।बुधवार की रात छुधा मिटाने को दो गौवंश गन्ने खेत मे जैसे ही लपके कि करंट चपेट में आ गए और उनकी जान चली गई।

तिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद, दबंगई से निजी जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। अतिक्रमण व अवैध कब्जे के मामले को लेकर शासन की ओर से की गई कवायद जिले में पूरी तरह फ्लॉप है, खासकर राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इसको लेकर जरा भी गंभीर नहीं हैं। इतना ही नहीं शिकायतों को राजस्व विभाग के अधिकारी मनमानी तरीके से निस्तारित कर कोरम पूरा करने का काम करते हैं। आलम यह है कि दबंग आज भी सार्वजनिक और कमजोर लोगों की जमीनों पर अवैध कब्जा करने के फिराक में रहते कुछ कब्जा जमाए बैठे और प्रशासन इसके आगे बौना साबित हो रहा है। प्राप्त जानकारी मुताबिक शारदानगर थाना क्षेत्र के पतरासी स्थिति गडौसा मोड़ पर बुधवार को जमीन अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों के बीच कहा-सुनी हुई इसमें एक पक्ष के लोग गुप-चुप तरीके से गड्डे खोदकर बास बल्ली लगाकर जमीन कब्जा का प्रयास कर रहे थे। बताते चलें कि लखीमपुर शहर निवासी अब्दुल हन्नान सिद्दीकी पुत्र अब्दुल मुहीद निवासी मोहल्ला महराज नगर,शहर लखीमपुर-खीरी की जमीन पर अरशद हुसैन पुत्र इजहार हुसैन निवासी मोहल्ला 57 नई बस्ती शहर लखीमपुर खीरी अपने 10 साथियों के साथ पीड़ित की जमीन पर गड्ढे खोदकर बास बल्ली खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा था इसका विरोध भू-स्वामी ने शारदानगर पुलिस को लिखित तहरीर देकर किया इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई पुलिस आती देख अतिक्रमणकारी रफू-चक्कर हो गए जानकारी के अनुसार कथित प्रापर्टी डीलर के उकसावे पर कुछ लोग जिस जमीन को सरकारी जमीन समझ कर अवैध कब्जा करने गए थे वस्तुतः वह जमीन भू-स्वामी

निजी जमीन पर अवैध कब्जा का प्रयास असफल!

जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप!

दबंगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा की जा रही थी जमीन, पीड़ित ने दी तहरीर

अब्दुल हन्नान सिद्दीकी की थी। बुधवार को कुछ लोगों ने इस जमीन पर बांस-बल्ला गाड़ने गए थे इसका विरोध भू-स्वामी ने किया। पीड़ित ने लिखित शिकायत पत्र में बताया कि उक्त जमीन पर काजी अरशद हुसैन पुत्र इजहार हुसैन निवासी मोहल्ला 57 नई बस्ती शहर लखीमपुर खीरी अपने 8 , 10 अज्ञात साथियों के साथ पीड़ित के खेत पर अवैध कब्जा करने आ गये तथा उक्त विपक्षी गण पीड़ित की जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं पीड़ित के पास उक्त जमीन से सम्बंधित डी.आर.टी. न्यायालय का स्थगन आदेश है जो आज भी प्रभावी है तथा उक्त जमीन का एक वाद न्यायालय सिविल जज जू.डि. एफ.टी.सी. न्यू महोदय लखीमपुर-खीरी के न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी वाद संख्या-690/2017 अब्दुल हन्नान सिद्दीकी बनाम इलाहाबाद बैंक जिसकी अग्रिम सुनवाई तिथि 10 जनवरी 2024 नियत है फिर भी उक्त विपक्षीगण न्यायालय की अवहेलना करते हुए पीड़ित की जमीन पर अवैध कब्जा कर लेना चाहते हैं फिलहाल शारदानगर पुलिस मौके पर तत्काल पहुंचकर अवैध कब्जे को रोकवा कर दोनों पक्षों से उक्त जमीन से सम्बंधित कागज़ात दिखाने को बताया।

अधिवक्ता की जमीन पर कब्जा

अवैध रूप से कब्जे का सामने आया फुटेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कादीपुर/सुलतानपुर। चर्चित सीओ कादीपुर शिवम मिश्रा पर बीते दिनों अधिवक्ता की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कराने का आरोप लगा। पीड़ित अधिवक्ता के पक्ष में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसपी से मिलकर शिकायत किया। लेकिन दोषी अधिकारी पर ना ही कार्रवाई हुई ना ही केस अवैध कब्जेदारों पर केस ही दर्ज किया गया। मामला करौंदीकला थानाक्षेत्र के अमरेमऊ गांव का है।

दरअस्ल अमरेमऊ गांव निवासी अधिवक्ता फूलचंद तिवारी का कहना है कि उन्होंने अपनी पुश्तैनी आबादी की जमीन पर बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रखा था। आरोप है कि क्षेत्राधिकारी शिवम मिश्रा ने उन्हें बाउंड्रीवाल गिराने की धमकी दिया था। इसके बाद वे स्वयं मौके पर पहुंचे भी और बीते 13 दिसंबर को जबरन अधिवक्ता को थाने पर बैठा लिया गया। आरोप है कि इसी दिन सीओ की शह पर दबंग राजपति उपाध्याय, सुरेंद्र उपाध्याय उर्फ देवी, विवेक उपाध्याय, गौरव उर्फ गोलू आदि ने रात के पहर दो घंटे के अंदर अधिवक्ता की बाउंड्रीवाल ढहा दिया। अधिवक्ता फूलचंद तिवारी ने बताया कि परिवार द्वारा मना करने पर दर्जनों की संख्या में मौके पर पहुंचे दबंगों ने गाली-गलौज किया। उनका ये भी आरोप है कि गोलू उर्फ गौरव ने हमारे भाई के ऊपर फायर झोका था। गोली की आवाज सुनकर गांव वाले दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले थे। घटना में अधिवक्ता परिवार वालों को काफी चोटें आई थी। उन्होंने बताया कि दबंग हत्या तक की वारदात को अंजाम दे सकते हैं। अधिवक्ता फूलचंद का कहना है हमने थाने पर तहरीर दिया लेकिन दबंगों से हाथ मिलाई पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। उधर तीन दिन पूर्व बार एसोसिएशन सचिव आर्तमणि मिश्र के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल एसपी से मिला और घटना को लेकर उन्हें ज्ञापन दिया था। एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अफसरों की कार्यशैली की जांच करने का अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया। लेकिन अब तक ना ही पीड़ित का मुकदमा दर्ज हुआ और ना ही दोषी अधिकारी पर कार्रवाई। ऐसे में अधिवक्ता ने सीएम से इसकी शिकायत की है।

पूजित अक्षत कलश पूजन कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। धनउपुर निकट दोस्तपुर स्थित इस्कान मन्दिर के प्रभारी श्याम प्रभु स्वामी के नेतृत्व में अयोध्या श्रीरामजन्मभूमि से पूजित अक्षत कलश के पूजन का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से कलश पहुचते ही भक्तजनों ने जयश्रीराम, जयश्रीकृष्ण के गगनभेदी जयकारों व पुष्पों की वर्ष कर स्वागत किया। इसके पश्चात कलश भगवान जगनाथ के सन्मुख रखा गया जिसका लोगो ने बारी बारी पूजन अर्चन किया और मन्दिर प्रभारी श्याम प्रभु जी कीर्तन पर खूब झुमकर आनन्द उठाया।

प्रान्त सत्संग प्रमुख श्याम बाबू ने उपस्थित पूजको से कहा कि आगामी 22 जनवरी 2024, विगत पांच सौ वर्षों के आतातायियो से संघर्ष करने का सुखद परिणाम को लेकर आ रहा हैं, हम सभी भारत की दिव्य और भव्य स्वरूप दर्शन करेंगे। 500 वर्षों की तप, साधना व बलिदान के बाद का यह समय श्री राम मन्दिर से राष्ट्र मन्दिर के नवनिर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। श्याम बाबू ने कहा कि श्रीराम मन्दिर निर्माण व प्रभु श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा 500 वर्षों से हमारी पीढ़ियों द्वारा किये गये दिव्य साधना की पूर्णाहुति का सुखद अनुभूति कराएगी। दुनिया के कोने कोने में सनातन संस्कृति के मानने वाले जहां पर भी है, 22 जनवरी को सुखद परिणाम अपने पक्ष में पाकर गौरवान्वित होकर विश्व के पटल पर स्थापित होने के उस पल को देखने के लिए लालायित है। हम सब ऐसे पल के साक्षी बनने जा रही जिस दृश्य को देखने को आतुर लाखों असमय ही बन्द हो गए। वह समय तो हमने नही देखा पर कारसेवा के दौरान तालिबानी सरकार के फरमान को देखने वाले लोग अभी मौजूद है वह दृश्य भला कौन भूल सकता है जब जयश्रीराम का उद्घोष करते हुए अपने रामलला को कलंक के ढांचा से दिव्य भवन में ले जाने वालो को अयोध्या गोलियों से भून दिया जाता है हम उनके बलिदान के कारण ही आज ऐसे पुनीत और सुनहरे अवसर को अपनी नंगी आँखों से देख पा रहे है।

इस भव्य कार्यक्रम में सत्संग प्रमुख कृष्णनं दास महाराज, आनन्द अग्रवाल, आचार्य अर्जुन, सुनील गौतम, आदित्य मौर्या, सोनू अग्रहरी, अमन मेहरोत्रा, प्रशांत यादव, सन्तोष अग्रहरी, विवेकानन्द अग्रहरी, आशिष शुक्ला, बलराम मौर्य, सोनू अग्रहरी प्रधानपति, अनिल गुप्ता, गिरीश चन्द्र गुप्ता सहित हजारों की संख्या में माताएं बहने उपस्थित रही।

जनपद का नाम कुशभवनपुर करवाने का रखा प्रस्ताव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। भाजपा नेता सुजीत सिंह व नपाप अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल बुद्धवार को राजधानी में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य से शिष्टाचार भेंट करते हुए उन्हें सुल्तानपुर आने का निमंत्रण दिया। प्रवीन अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या से मुलाकात कर जनपद का नाम भगवान कुश के नाम कुशभुवनपुर करवाने का प्रस्ताव रखा, जिसे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अश्वस्त करते हुए अतिशीघ्र करवाने का आश्वाशन दिया। दूसरी तरफ उप मुख्यमंत्रीध्स्वास्थ मंत्री बृजेश पाठक से प्रवीन अग्रवाल व भाजपा नेता सुजीत सिंह ने मुलाकात करते हुए,जनवरी माह में होने वाले शिक्षक संघ के अधिवेशन में बतौर मुख्य अथिति शामिल होने का न्योता दिया, जिसे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक द्वारा स्वीकार करते हुए, अपनी सहमति दी।साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज में सायंकालीन ओपीडी चलाने व विभिन्न चिकित्सीय सुविधाओं को और बेहतर बनाने के संदर्भ पर चर्चा की,जिसे डिप्टी सीएम द्वारा गंभीरता से विचार करने का आश्वाशन दिया।उक्त अवसर पर भाजपा नेता सुजीत सिंह ने कहाकि प्रदेश सरकार आप जनता के हित में लगातार बेहतर योजनाए बनाकर अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का काम कर रही है।भविष्य में जनहित की तमाम योजनाएं आम-जनमानस को समर्पित होगीं।

पीड़ित दिव्यांग को एसओ ने थाने से भगाया

दबंग कर रहे भूखंड पर कब्जा, न्याय के लिए भटक रहा दिव्यांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। दिव्यांग की जमीन पर पट्टीदार दीवार बनाकर कब्जा कर रहे हैं। जिस भूखंड पर निर्माण हो रहा कमिश्नरी से उस पर स्थगन आदेश पारित है। ऐसे में पीड़ित दिव्यांग ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाया तो उसे मदद देने के बजाए फटकार कर भगा दिया गया। मामला गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के हयात नगर का है।

हयात नगर निवासी मुश्ताक पुत्र खलील दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। गांव में ही उनकी कुछ जमीन है जिसका उनका गांव के दिलशाद आदि से मुकदमा चल रहा है। वर्तमान में अपर आयुक्त (न्यायिक) अयोध्या की कोर्ट से 10 जनवरी 2024 तक उक्त जमीन पर स्थगन आदेश है। इसके बाद भी दिलशाद का पुत्र शेखू और शमीम का पुत्र वसीम जमीन पर नीम का पेड़ कटवा कर दीवार खड़ी करा रहा है। दिव्यांग मुश्ताक को जब जानकारी हुई तो उसने गोसाईंगंज थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दिया। उसने आरोप लगाया कि मना करने पर विपक्षी फौजदारी पर आमादा हैं। उसने ये भी बताया कि कोर्ट का सख्त आदेश है कि निर्णय नहीं आने तक कोई भी पक्ष निर्माण कार्य या कब्जा नहीं करेगा। लेकिन निर्माण हो रहा है इसे रोका जाना चाहिये। पीड़ित ने बताया कि थानाध्यक्ष ने मदद के बजाए उल्टे उसे ही फटकार कर भगा दिया कि किसी भी प्रकार का स्टे नहीं है इसलिए यहां से भाग जाओ। इसके बाद से पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाया है।

ई-रिक्शा पर नकेल कसने की उठी मांग, सोसायटी ने सीएम को लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नाबालिग चला रहे ई-रिक्शा, पटाके वाली बुलेट से जीना दूभर

सुल्तानपुर। शहर में हजारों बैटरी रिक्शा सड़कों पर दौड़ रहे। जिससे जाम की स्थिति बनी हुई है। अधिकांश बैटरी रिक्शा नाबालिग चला रहे इससे दुर्घटनाएं भी बढ़ी हैं। वही पटाका साइलेंसर बुलेट से भी ध्वनि प्रदूषण हो रहा। इस सब पर रोकथाम के लिए रजा मेमोरियल वेलफ़ेयर सोसायटी के प्रबंधक अधिवक्ता बेलाल अहमद ने मुख्यमंत्री और डीएम-एसपी को पत्र लिखकर इस पर नकेल कसने की मांग किया है।

अधिवक्ता बेलाल अहमद ने बताया कि नगर क्षेत्र में करीब 10 हजार बैटरी रिक्शा फर्राटा भर रहे हैं।इसकी वजह से नगर क्षेत्र की सड़कों पर जगह-जगह जाम की स्थिति है। आए दिन बैटरी रिक्शा के कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। यही नहीं उन्होंने बताया कि अधिकतर रिक्शे नाबालिग चला रहे जिनके पास लाइसेंस तक नहीं है। वे सभी बिना बीमा कराए सड़कों पर गाड़ी चला रहे। उन्होंने ये भी बताया कि नगर क्षेत्र में नाबालिग लड़के बुलेट मोटर साइकिल तेज आवाज व पटाके वाला साइलेंसर लगाकर सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। उसकी आवाज से हार्ट के मरीजों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ रहा है। इस पर रोक लगाया जाए। बेलाल अहमद ने मांग किया है कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस व बिना बीमा के बैटरी रिक्शा ना चलने दिया जाए। बैटरी रिक्शा का रूट निर्धारित किया जाए। जर्जर बैटरी रिक्शा को रूट से हटाया जाए। साथ ही बैटरी रिक्शा पर नगर पालिका से लगाया जाए।

ज्ञानवापी सर्वे रिपोर्ट को लेकर दाखिल दोनों पक्षों की याचिका पर सुनवाई तीन जनवरी को

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) सर्वे की रिपोर्ट को लेकर प्रतिवादी पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी और वादी हिन्दू पक्ष की दाखिल याचिका पर अब सुनवाई तीन जनवरी को होगी। जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेशे की अदालत में दाखिल याचिका में हिन्दू पक्ष ने ज्ञानवापी सर्वे रिपोर्ट तत्काल दिए जाने का अनुरोध किया है। वादी पक्ष से चार महिलाओं की ओर से उनके अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, सुधीर त्रिपाठी और सुभाष नंदन चतुर्वेदी की ओर से अर्जी दाखिल की गई है। याचिका में चारों वादिनी महिलाओं को सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध कराने, सर्वे रिपोर्ट के अवलोकन के लिए उनके वकील को ई-मेल पर उपलब्ध कराने की मांग की गई है। वहीं, प्रतिवादी पक्ष ने आपत्ति जताते हुए कहा है कि रिपोर्ट की प्रति शपथ पत्र लेकर दी जाए कि वह लीक नहीं होगी, रिपोर्ट की मीडिया कवरेज पर भी रोक लगाने की मांग प्रतिवादी पक्ष ने की है। ई- मेल के जरिये प्रतिवादी पक्ष ने दो सील बंद लिफाफे में दाखिल सर्वे रिपोर्ट को देने की मांग की है। एएसआई ने 18 दिसंबर को सर्वे रिपोर्ट अदालत में सीलबंद लिफाफे में दाखिल किया था। जिला अदालत में सर्वे रिपोर्ट को सार्वजनिक किए जाने पर फैसला अभी सुरक्षित रखा गया है।

समस्याओं को लेकर किसान मजदूर संगठन ने दिया धरना

मेरठ। किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को किसान मजदूर संगठन ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने गन्ना मूल्य 400 रुपए प्रति कुंतल घोषित करने की मांग उठाई। किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने आज कलेक्ट्रेट में धरना देकर किसानों की समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य 400 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया जाए और गन्ना पर्ची पर उसका रेट भी अंकित किया जाए। किसानों के हित में बेसहारा गौवंश का स्थायी समाधान किया जाए। मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने से पहले उसके इलाज का संभावित खर्च पहले ही बता दिया जाए। इससे जिस मरीज की क्षमता होगी, वह ही उस अस्पताल में अपना इलाज करा पाएगा। डॉक्टरों को पर्चे पर कंपनी के बजाय दवा का साल्ट लिखना चाहिए। मरीजों को अस्पताल के मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने के लिए बाध्य ना किया जाए। इलाज के दौरान मरीज की मृत्यु होने पर उसका बिल शत प्रतिशत माफ किया जाए। किसानों का बकाया गन्ना भुगतान अतिशीघ्र किया जाए। ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में ब्रजपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, विजय राघव, देवराज सिंह पुंडीर, शगुन तोमर, अनिल तोमर, योगेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, अजय चौहान, सुधीर कुमार, भूचाल कुमार आदि उपस्थित रहे।

15 जनवरी तक लखनऊ नहीं जाएगी जम्मूतवी-गुवाहाटी, चंडीगढ़- डिब्रूगढ़ और ग्वालियर-बलरामपुर एक्सप्रेस

मुरादाबाद। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर सिंह ने बताया कि लखनऊ मण्डल के बाराबंकी स्टेशन पर 12 दिसम्बर से 15 जनवरी तक नॉन इण्टर लॉकिंग कार्य (यार्ड रिमॉडलिंग कार्य) हेतु ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया है। इस कारण जम्मूतवी-गुवाहाटी, चंडीगढ़- डिब्रूगढ़ और ग्वालियर-बलरामपुर एक्सप्रेस लखनऊ नहीं जाएगी।

मुरादाबाद रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर सिंह के अनुसार, गाड़ी संख्या 15652 जम्मूतवी-गुवहाटी, गाड़ी संख्या 15904 चंडीगढ-डिब्रूगढ़, गाड़ी संख्या 22199 ग्वालियर-बलरामपुर लखनऊ रेलवे स्टेशन नहीं जाएँगी। ये गाड़ियां परिवर्तित मार्ग सीतापुर सिटी-बुड़वल से संचालन के कारण यात्री सुविधाओं हेतु मुरादाबाद मण्डल के शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रैफिक ब्लॉक की अवधि में दो मिनट का ठहराव दिया गया हैं। जिससे यात्री शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर उतरकर अन्य गाड़ियों के माध्यम से लखनऊ जा सकें।

गैंगस्टर एक्ट मामले में घोसी के बसपा सांसद अतुल राय बरी

एजेंसी

वाराणसी। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत ने गुरूवार को घोसी से बहुजन समाज पार्टी के सांसद अतुल सिंह उर्फ अतुल राय को बड़ी राहत दी है। विशेष न्यायाधीश ने सांसद अतुल राय सहित चार आरोपितों को गैंगस्टर के एक मामले में दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने 50 पेज के अपने फैसले में कहा कि गैंगस्टर के अंतर्गत अभियुक्त की दोषसिद्धि हेतु अभियोजन द्वारा कोई सबूत नहीं दिया गया है।

इस मामले में अभियोजन न तो गैंग चार्ट में से दर्शित मुकदमों में एक की भी सत्यता को साबित कर सका और न ही आरोपियों द्वारा कथित अर्जित लाभ या उनके गैंग संचालन के तथ्य को साबित कर सका है। अदालत ने सभी साक्ष्यों को देखते हुए आरोपी सुजीत सिंह उर्फ सुरजीत सिंह,सांसद अतुल सिंह, अनिल कुमार मिश्र व राजन सिंह को इस मामले से बरी दिया। अदालत में आरोपी सांसद का पक्ष उनके अधिवक्ता अनुज यादव व दिलीप श्रीवास्तव ने रखा। अभियोजन के अनुसार 3 अप्रैल 2009 को तत्कालीन थाना प्रभारी मंडुआडीह धर्मवीर सिंह ने अभिलेखों का अध्ययन करने के बाद पाया कि सुजीत सिंह नाजायज गिरोहबंद किस्म का अपराधी है और नाजायज गिरोह बनाकर अपने गैंग व अन्य सदस्यों के आर्थिक, सामाजिक व भौतिक लाभ के लिए अपराध को अपना पेशा बना लिया है। सुजीत सिंह गैंग का लीडर है तथा उसके गैंग के मुख्य सदस्य अतुल सिंह, अनिल मिश्रा और राजन सिंह हैं। इन लोगों के खिलाफ चार अपराधों का जिक्र करते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था। तत्कालीन जिलाधिकारी ने इस मामले में 2 अप्रैल 2009 को गैंग चार्ट का अनुमोदन किया गया था और विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर) की अदालत ने 14 फरवरी 2011 को आरोप पत्र का संज्ञान लिया। सांसद अतुल राय लगभग 4.5 साल से नैनी जेल में बंद है। मूल रूप से गाजीपुर भांवरकोल थानाक्षेत्र के बीरपुर गांव के निवासी अतुल राय वाराणसी के मंडुवाडीह थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं।

इंडियास्टेट ने दो प्रभावशाली पाठ्यक्रमों के साथ ई-लर्निंग के क्षेत्र में कदम रखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आज इंडियास्टेट की ओर से ऑनलाइन शिक्षा में प्रवेश की घोषणा की गई। इंडियास्टेट भारत और इसके राज्यों, क्षेत्रों, जिलों और संसदीय/विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के बारे में व्यापक सामाजिक आर्थिक और चुनावी आंकड़े प्रदान करने वाली एक अग्रणी व भरोसेमंद कंपनी है। वैश्विक अनुसंधान समुदाय को अमूल्य आंकड़े प्रदान करने के दो दशक से अधिक समय के बाद अब इंडियास्टेट एक नए ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म इंडियास्टेटएडु के साथ अपने क्षितिज का विस्तार कर रही है, जिससे ज्ञान के प्रचार प्रसार तथा शैक्षिक उन्नति में इसकी निरंतर प्रतिबद्धता झलकती है। इंडियास्टेटएडु में दो ऑनलाइन पाठ्यक्रम हैं:- भारत में चुनावी कानूनों में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम : यह सघन ऑनलाइन पाठ्यक्रम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावों का नियंत्रण करने वाली कानूनी रूपरेखा के बारे में है, जिसमें भारत में चुनाव संबंधी कानूनों और प्रक्रियाओं की गहरी समझ मिलती है। इस पाठ्यक्रम में भारतीय चुनावी कानूनों, भारत के निर्वाचन आयोग की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों, चुनाव संबंधी प्रक्रियाओं, मतदाता के अधिकारों, चुनाव संबंधी विवादों के निपटान आदि को शामिल किया गया है। इस पाठ्यक्रम में अध्ययन के बाद छात्र अपनी शैक्षिक और व्यावसायिक रूपरेखा को सुदृढ़ बनाने के साथ अपने कानूनी ज्ञान को भी बढ़ा सकते हैं। जीआईएस टूल्स और तकनीकों के साथ व्यापार विश्लेषण तथा थिमैटिक मैपिंग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम : यह एक व्यापक पाठ्यक्रम है जिसमें छात्रों को जीआईएस टूल्स तथा तकनीकों का उपयोग करते हुए व्यापार के प्रभावी विश्लेषण तथा थिमैटिक मैपिंग हेतु आवश्यक कौशल और ज्ञान मिलते हैं। इसके अलावा पाठ्यक्रम में छात्रों को व्यापार विश्लेषण में उत्कृष्टता हासिल करने के कौशल मिलते हैं, उन्हें व्यापार प्रक्रमों, डेटा विश्लेषण तथा महत्वपूर्ण निर्णय लेने की गहरी समझ मिलती है। प्रतिभागियों को जीआईएस टूल्स के उपयोग द्वारा थिमैटिक मैप बनाने और उनका विश्लेषण करने की सीख भी मिलती है, जो शहरी योजना बनाने, पर्यावरण विज्ञान तथा व्यापार संबंधी आसूचना जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए अनिवार्य हैं। ये दोनों ही पाठ्यक्रम अपने क्षेत्र के जाने माने विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए हैं। ये पाठ्यक्रम छात्रों के दायरे को विस्तारित करते हैं, उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सशक्त बनने हेतु ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। छात्रों को प्रकरण अध्ययन तथा प्रायोगिक उदाहरणों के जरिए वास्तविक दुनिया की जानकारी मिलती है, इससे छात्र अपने कैरियर में इस ज्ञान को प्रभावी रूप से इस्तेमाल कर सकते हैं। चुनाव संबंधी कानूनों और जीआईएस टूल्स तथा तकनीकों के ज्ञान से उनके लिए नौकरी के बेहतर अवसर मिलते हैं और कैरियर में वृद्धि होती है। दुनिया भर के छात्रों और व्यावसायिकों के लिए प्रस्तावित ये ऑनलाइन पाठ्यक्रम शिक्षा में भौगोलिक बाधाओं को समाप्त करते हैं। इन पाठ्यक्रमों में नामांकन की पात्रता हेतु स्नातक होना अनिवार्य है, अपने स्नातक पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में परीक्षा देने वाले छात्र भी आवेदन कर सकते हैं।

काशी तमिल संगमम में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना संग मेहमानों संग उतारी गंगा आरती

एजेंसी

वाराणसी। काशी तमिल संगमम-2 में भाग लेने तमिलनाडु से आए श्रद्धालुओं ने गुरूवार को केदार घाट पर पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और नमामि गंगे के सदस्यों के साथ गंगा की आरती उतारकर सुख समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण की कामना की। इसके पहले काशी और तमिलनाडु के लोगों के बीच भावनात्मक और रचनात्मक संबंधों की प्रगाढ़ता के लिए मां गंगा का पूजन किया गया।

तमिलभाषी दक्षिण के मेहमानों ने नमामि गंगे के सदस्यों के साथ गंगा किनारे सफाई में भी हाथ बंटाया। गंगा तट पर इधर-उधर बिखरे कचरे और पॉलिथीन को कूड़ेदान तक पहुंचाने में भी मदद की। तमिल भाषा में लाउडस्पीकर से स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की। राष्ट्रध्वज तिरंगा और लिखी पताका हाथों में लेकर सभी ने गंगा की स्वच्छता का संकल्प लिया। इस दौरान 'सबका साथ हो गंगा साफ हो' का गगनभेदी उद्घोष केदार घाट पर गूंजता रहा। आरोग्य भारत की कामना से द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं गंगाष्टकम का सामूहिक रूप से पाठ किया गया।

कार्यक्रम संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि पतित पावनी गंगा दक्षिण से उत्तर तक और पूर्व से पश्चिम तक भारत की सांस्कृतिक-सभ्यता को जोड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मां गंगा की तरह काशी तमिल संगमम ऐसा अविरल प्रवाह है जो एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को लगातार मजबूत कर रहा है। यही प्रवाह है जो आज हमारे राष्ट्र की आत्मा को सींच रहा है। आयोजन में बीना गुप्ता, सीमा चौधरी, आशीष मौर्या, सरला चौबे, ध्रुव मेहता, तमिल मेहमान गोपालकृष्णन, अपूर्वा शेल्वी, लक्ष्मी तिन्नेवेलि, पार्वती नेल्लाई, विशालाक्षी सेंदुरई आदि ने भागीदारी की।

एसटीएफ ने पकड़ी एक करोड़ की अवैध शराब, एक तस्कर गिरफ्तार

कानपुर। एसटीएफ और महाराजपुर थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने गुरुवार को लगभग एक करोड़ की अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस संबंध में मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई कर रही है।

कार्यवाहक थाना प्रभारी पवन मिश्र ने बताया कि पंजाब निवासी उदयभान सिंह एक ट्रक में लगभग एक करोड़ की अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा से लेकर बिहार के लिए जा रहा था। एसटीएफ प्रयागराज फील्ड इकाई के उपनिरीक्षक रणेन्द्र सिंह और उनकी टीम को सूचना मिली कि लाखों की शराब को तस्करी कर अवैध रूप से बिहार लेकर जा रहे हैं। सूचना की पुष्टि करते हुए महाराजपुर पुलिस से संपर्क किया और उस ट्रक को चालक समेत पकड़ लिया गया। पकड़े गए ट्रक चालक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए तस्कर से गिरोह में सक्रिय अन्य सदस्यों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

सवेरा परियोजना द्वारा विकास भवन सभागार में जिलास्तरीय बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। फिजिसियन फार सोसल रेस्पॉन्सविलिटी, फिनलैंड व ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फार मदर एंड चाइल्ड, दिल्ली के साझा प्रयास से उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद में सवेरा परियोजना संचालित है। कार्यक्रम प्रबंधक आदर्श मिश्रा ने बताया कि परियोजना जनपद बहराइच में विकासखंड बलहा के 15 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 72 गांवों में संचालित है जिसका उद्देश्य 15 से 24 वर्ष के विवाहित/अविवाहित युवक/युवतियों एवं उनके माता पिता को लिंग आधारित हिंसा/यौन हिंसा व लिंग आधारित भेदभाव के प्रति जागरूक एवं उनके व्यवहार में परिवर्तन लाना है इसके साथ ही साथ समय समय पर सेवा प्रदाताओं के साथ संवेदीकरण बैठक भी परियोजना का अहम हिस्सा है इसी क्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर के मार्गदर्शन में जिलास्तरीय संवेदीकरण बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक अरुनव वसु ने वर्ष 2021 से संचालित परियोजना की गतिविधियों के द्वारा 2023 तक के यौन हिंसा, भेदभाव, रुढ़िवादी सोंच, पुरानी परम्पराओं, प्रथाओं के प्रति लोगों होने वालें परिवर्तन की वर्तमान स्थिति व बदलाव के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी विभागों के और सक्रिय समन्वयक होने की बात कही बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिले के परियोजना निदेशक राज कुमार ने परियोजना के कार्यों व होने वाले बदलाव की सराहना करते हुए कहा केंद्र सरकार व राज्य सरकार आज जितनी भी योजनाएं व कार्यक्रम संचालित कर रही है सभी में महिलाओं की भूमिका का विशेष निर्धारण सुनिश्चित करती है जिससे महिलाएं अपने आपको मजबूत महसूस कर सकें। वन स्टाप सेंटर प्रभारी रचना कटियार ने कहा हमे गांव गांव के लोगों को वन स्टाप सेंटर द्वारा संचालित सेवाओं के बारे में और जागरूक करने की जरूरत है जिसमे सवेरा परियोजना अपनी अहम भूमिका अदा कर रही है इसके साथ ही साथ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बलहा निखिल सिंह ने परियोजना के कार्यों की सराहना करते हुए आयी हुई सक्रिय आशा बहु को पुरस्कृत किया, परियोजना निदेशक राज कुमार ने आयी हुई मुख्य सेविका सावित्री देवी, चमेली देवी व सक्रिय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पुरुस्कार देते हुए शुभकामनाएं दी। सीओ सदर रूपेंद्र कुमार गौड़ ने महिला पुलिसकर्मियों को पुरुस्कार देते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी मक्काल यादव, एजुकेट गर्ल्स के जिला समन्वयक बलवंत सिंह, प्रिया मिश्रा, नेहरू युवा केन्द्र बहराइच के वरिष्ठ लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्रसेन चौधरी, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर पीके, खंड शिक्षा अधिकारी बहराइच अरुण कुमार वर्मा, ऐंटी रोमियो टीम से पुलिस आरक्षी सुनीता यादव, प्रीति सिंह, पूनम, प्रधान प्रतिनिधि अफजल राहत, क्षेत्र पंचायत सदस्या सुमन सिंह, डी ओ अर्चित मिश्रा, अनुराग सिंह, हरीश यादव परियोजना टीम के गौतम कुमार, कविता शुक्ला, रीनू शुक्ला, विनीता शर्मा, छाया शुक्ला, शोभा यादव सक्रिय आशा, आंगनबाड़ी, प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि उपस्थित रहे।

दो मोटर साइकिल चोर गिरफ्तार

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाकर मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं का अनावरण कर शातिर चोरो की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय के नेतृत्व में सुरागरसी- पतारसी कर थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत चोरी गई मोटरसाईकिलों की घटनाओं का खुलासा कर शातिर चोर बृजेश कश्यप उर्फ बाबू, परवेज को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई दो मोटरसाईकिलों को बरामद किया गया।उक्त अभियुक्तगणों ने दिनांक 10.दिसम्बर 2023 को वादी विवेक कुमार वाल्मीकि पुत्र मोहन वाल्मीकि निवासी शिवपुरी कालोनी सिविल लाइन थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा की मोटरसाईकिल टाउन हाल गांधी पार्क से व दिनांक 18.दिसम्बर 2023 को वादी विनोद कुमार पुत्र जगमोहन निवासी बहुवनमदार मांझा थाना परसपुर जनपद गोण्डा की दिवानी कहचरी से चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था।पूछताछ के दौरान अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हम लोग आर्थिक लाभ कमाने के लिए जनपद गोण्डा व आसपास के जनपदों में मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

मीडिया प्रभारी बने अरुण मिश्रा

गोंडा । इटियाथोकः प्राथमिक शिक्षक संघ इटियाथोक के तत्वाधान में बीआरसीपर शिक्षक समस्याओं व शैक्षिक उन्नयन के संदर्भ में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे ब्लाक अध्यक्ष डॉ.अखिलेश शुक्ला ने कहा कि अध्यापकों का किसी भी स्तर पर शोषण नहीं स्वीकार किया जायेगा यदि अधिकारी बेलगाम होगें तो उनके विरुद्ध संघर्ष किया जायेगा और अध्यापकों के हर काम को पूरी सुचिता व पारदर्शिता के साथ किया जायेगा मंत्री चन्द्र प्रकाश वर्मा ने कहा कि अध्यापकों के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जायेगा कोषाध्यक्ष देव प्रभाकर पाण्डेय ने अध्यापकों के समय से विद्यालय आने व सरकार के कार्य को पूरे लगन से करने के लिए कहा। बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अरुण मिश्रा को ध्वनिमत से ब्लाक का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।श्री मिश्र ने पदाधिकारी को धन्यवाद देते हुए अपने दायित्व का जिम्मेदारी व शुचिता पूर्वक निर्वहन की बात कही।

पूरा शहर जाम के झाम से जूझ रहा मुख्य बाजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के नगर पालिका परिषद गोंडा शहर में वीर अब्दुल हामिद चौक फैजाबाद एकता चौराहे, गुड्डू मल चौराहे पर मार्ग मुख्य बाजार में बढ़ते अतिक्रमण के कारण लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि रोजमर्रा लगने वाले जाम से वाहन चालकों, मरीजों और पैदल चलने वालों को आखिर जाम से कब छुटकारा मिलेगा। एकता चौराहा वीर हामिद चौक फैजाबाद रोड़ मुख्य बाजार में लगने वाला जाम सुरक्षा की दृष्टि से भी घातक है।रोड पर पैदल चलने वाले यात्रियों का कहना है कि यात्री व निजी वाहन चालक जाम से जूझते हैं।प्रशासन,नगरपालिका पुलिस सब कुछ जानते हुए भी अनजान है।प्रशासन राजनीतिक दबाव के चलते अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने से कतराता रहता है। कुछ क्षेत्रवासियों का कहना है जाम के लिए कुछ दुकानदार भी कम जिम्मेदार नहीं हैं।दुकानदार सामान को दुकान के बाहर रखते हैं।कुछ दुकानदारों ने दुकानों के आगे रेहड़ियां, फड़ियां लगवा रखी हैं।जिनसे वे किराया वसूलते हैं।यही वजह है कि हर रोज वीर अब्दुल हमीद चौक फैजाबाद मार्ग पर अतिक्रमण बढ़ रहा है।

बहन ने बीमार भाई को दिया किडनी तो पति ने दिया पत्नी को सऊदी अरब से तीन तलाक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले से एक तीन तलाक का हैरान करने वाला सामने आया है।यहां एक बहन ने अपने बीमार भाई को किडनी देकर उसकी जान बचाई तो उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया।यही नहीं पति ने पत्नी से ये भी कहा कि अगर साथ रहना है तो अपनी किडनी के बदले भाई से 40 लाख रुपये मांग लो, इसे सुनकर पत्नी ने भाई से पैसे मांगने से इंकार कर दिया तो गुस्साए पति ने सऊदी अरब से ही पत्नी को तीन बार तलाक बोल दिया।पूरा मामला धानेपुर थाना क्षेत्र के बौरियाही गांव का है।महिला का पति सऊदी अरब में काम करता है।तीन तलाक के बाद उसे ससुराल वालों ने भी भगा दिया।महिला अपने मायके में रही पीड़िता ने पति के खिलाफ तहरीर पर धानेपुर पुलिस को दी। धानेपुर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ तीन तलाक सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दरअसल बौरियाही गांव निवासी तरन्नुम का निकाह पड़ोसी गांव जैतापुर निवासी मोहम्मद रसीद से 25 साल पहले हुआ था।दोनों हंसी-खुशी से रह रहे थे।शादी के पाँच साल तक जब तरन्नुम को कोई संतान नहीं हुई तो मोहम्मद रसीद ने दूसरी शादी कर ली और कमाने के लिए सऊदी अरब चला गया।वही तीन तलाक पीड़िता तरन्नुम ने बताया, '' मेरा बड़ा भाई मोहम्मद शाकिर मुंबई में टेलर का काम करता था।उसकी डेढ़ साल से किडनी खराब थी।जिसका इलाज मुंबई के जसलोक हॉस्पिटल से चल रहा था।इसी साल अगस्त में भाई की हालत ज्यादा खराब हो गई तो परिवार के लोग फिर उन्हें मुम्बई ले गए।जहां डॉक्टरों ने किडनी डैमेज बताकर किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी।वही तीन तलाक पीड़िता तरन्नुम के मुताबिक, '' ये बात जब मुझे पता चली तो मैंने भाई की जान बचाने के लिए अपनी एक किडनी देने का मन बनाया और डॉक्टरों से बात करके तैयारी शुरू करने को कहा।अपने इस फैसले के बारे में मैंने सऊदी अरब में बैठे पति मोहम्मद रसीद को भी बताया।उन्होंने उस समय हां कर दी। जिसके बाद मैंने मुंबई जाकर अपना चेकअप कराने के बाद भाई को किडनी डोनेट कर दी।जिससे मेरे भाई की जान बच गई।एक हफ्ते बाद डॉक्टरों ने हम दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी।वही जब डिस्चार्ज होकर घर आई तो पति जताने लगा नाराजगी तरन्नुम के अनुसार, मैं डिस्चार्ज होकर वापस गोंडा अपनी ससुराल में रहने लगी। मेरे घर पहुंचते ही मेरे पति ने मुझे फोन किया और भाई को किडनी देने पर नाराजगी जताने लगे।मैंने कहा कि पहले तो आपने हां की थी तभी मैंने किडनी देकर भाई की जान बचाई। अब नाराजगी किस बात की है।ये सुनकर उन्होंने कॉल काट दी।दूसरी बार कॉल आई तो पति ने किडनी के बदले भाई से 40 लाख रुपये मांगने की बात कही। ये युनकर मेरे होश उड़ गए।मैंने ऐसा करने से इंकार कर दिया और कहा कि अगर आपकी जान बचाने के लिए किडनी देनी पड़ती तो मैं दे देती।लेकिन पति ने भाई से 40 लाख मांगने की जिद पकड़ ली।मैंने ऐसा करने से साफ मना कर दिया तो अगले दिन वाट्सएप कॉल करके पति ने तीन बार तलाक बोल दिया।इसके बात ससुराल के बाकी लोगों को बता दी।

पशु तस्करों ने दिनदहाड़े शिकारी ने नीलगाय की हत्या कर दी, गांव वालों ने देखा तो मांस छोड़कर फरार हो गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जनपद के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के भंभुआ चौकी अन्तर्गत ग्राम सभा गनवालिया में पशु तस्करों द्वारा नीलगाय को धारदार हथियार से कई टुकड़े में काटकर और तड़पा तड़पा कर निर्मम हत्या किये जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी होने पर गांव वालों के पहुंचते ही नीलगाय की हत्या कर रहे तस्कर मांस को छोड़कर फरार हो गये।इसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल और ट्वीट कर दिया है। वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग पूरे मामले की जांच में जुट गया है। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि गोण्डा जिले के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के भंभुआ चौकी क्षेत्र के गनवालिया गाँव में एक नीलगाय की कुछ विशेष वर्ग के लोगों ने नीलगाय को तड़पा तड़पा कर हत्या कर दी,उसके बाद नीलगाय को धारदार हथियार से टुकड़े टुकड़े करने में लग गए। इस पूरी घटना को गांव वालों ने देख लिया और मौके पर पहुँच गए जिससे नीलगाय के टुकड़ों को तस्कर छोड़कर भाग गए और इस घटना का किसी ने वीडियो बना लिया और उसे वायरल कर दिया। वहीं सूत्र बताते हैं कि प्रशासन को भी इस बात की जानकारी दी गई है कि एक जंगली नीलगाय को सरेआम पहले मारा गया फिर उसे टुकड़े-टुकड़े करके काट दिया गया फिर भी प्रशासन ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है।पूरा मामला गुरुवार की दोपहर का बताया जा रहा है। यह वायरल वीडियो काफी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।इस वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कुछ लोगों के द्वारा नीलगाय को मारकर उसे छोड़कर भाग गए हैं।वही वन विभाग अधिकारी बता रहे हैं कि घटना की जांच की जा रही है और जिन लोगों ने भी इस घटना को अंजाम दिया है,उसे बख्शा नहीं जाएगा।वही इस घटना की जानकारी क्षेत्राधिकारी करनैलगंज से ली गई तो उन्होंने बताया कि हम तो कोर्ट में आए हुए हैं मुझे इस प्रकरण में अभी तक कोई जानकारी नहीं हुई है।

कलश पूजन व कन्या भोज के साथ श्री चण्डी महायज्ञ की शुरुआत

माता के जयकारों के साथ शुरू हुआ पिपरिया में यज्ञ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैरीघाट(बहराइच)।वैदिक काल में कहा जाता था कि अगर किसी स्थान पर यज्ञ होता है तो वहाँ पर किसी भी प्रकार की दैहिक दैविक भौतिक तीनो प्रकार की आपदाएं नही आती है। वहीं पर नहीं सकल क्षेत्र में आपदाओं का नाश होता है, इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु गुरुवार से चण्डी माता के स्थान पर यज्ञ का अनुष्ठान साथ मे रामकथा प्रारंभ हो गई है।।विगत 30 वर्षों से लगातार खैरीघाट क्षेत्र के पिपरिया स्थित चण्डी माता मंदिर पर महायज्ञ होती आ रही है।कार्यक्रम अध्यक्ष पं. मुकुंदराम मिश्र ने बताया कि विगत वर्षों की भांति अबकी बार भी विधिविधान से कलश यात्रा के बाद यज्ञ का अनुष्ठान शुरू किया गया है। वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ अरणी मंथन द्वारा अग्नि का आवाहन यज्ञ कुण्ड में किया गया।समस्त वैदिक विद्वानों द्वारा सस्वर स्वस्तिवाचन करके यज्ञ प्रारम्भ किया गया।पं. श्री मिश्र ने बताया कि प्रतिदिन सायं 4 बजे से श्री राम कथा रसामृत का पान श्रोता गण विद्वान आचार्य अनन्त हरि कथा अनन्ता।क्योकि भगवान की कथा अनंत है इसका कोई अंत नही है।श्री राम कथा अमृत रस की वर्षा आचार्य शिरोमणि के मुखारविंद द्वारा किया जाएगा।यज्ञ भूमि पिपरिया में देश विदेश से साधु-संत शामिल होते हैं।उन्होंने बताया कि गुरुवार से प्रारंभ हुई यज्ञ की पूर्णाहुति 26 दिसंबर को सुबह 10 बजे से विशाल भंडारे के साथ होगी।यज्ञ में कलश पूजन के दौरान मुख्य यजमान सावित्री देवी,डॉ घनश्याम मिश्र,रामकुमार मिश्र,अयोध्या प्रसाद,सुरेश मित्तल, रेनू मित्तल, धर्मेंद्र भारद्वाज,,योगेंद्र योगी,सुधीर मिश्रा,मुरारी लाल समेत तमाम भक्त शामिल रहे।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जा रहा जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल के निर्देश पर मोतीगंज थाना क्षेत्र के गांव व कस्बों में चौपाल लगाकर जागरूकता अभियान चलाया।जिसमें महिलाओं और लड़कियों को महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरुक किया गया। मोतीगंज थाना के कहोबा चौकी क्षेत्र के पुलिस स्टाफ द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं को ''मिशन शक्ति'' के अंतर्गत ''नारी एक-रूप अनेक'' के बारे में विस्तार से समझाया गया।महिला आरक्षी विनीता ने नारी स्वालम्बन,नारी सशक्तिकरण,नारी सुरक्षा व नारी सम्मान के साथ साथ अन्य कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। वह किसी भी समस्या का समाधान और सामना करने में सक्षम है।उन्होंने घरेलू हिंसा,दहेज उत्पीड़न आदि के साथ- साथ विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे मुख्यमंत्री थाना क्षेत्र के हेल्पलाइन नंबर 1876,वूमेन हेल्पलाइन 1090 आपातकालीन पुलिस सेवा 112, चाइल्ड केयर लाइन 1098 साइबर हेल्पलाइन 1930, महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में जानकारी दी।इस दौरान विद्यालय के प्रबन्धक हरीश पाण्डेय,प्रधानाचार्य अवनीश कुमार,कांस्टेबल महेश निषाद,एलपी मिश्रा,पूजा,किरन, प्रज्ञा, मुस्कान, ज्योति सविता, रेशमी, अंतिमा, सुरभि सहित आदि मौजूद रहे।

किसान हित में काम नही करती सरकारे: टिकैत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

श्रावस्ती जाते समय पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लाल वर्मा के नेतृत्व मे जरवल मे राकेश टिकैत का स्वागत करते हुए भुकिये कार्यकर्ता

जरवल बहराइचइ। संगठन की समीक्षा बैठक मे भाग लेने के लिए श्रावस्ती जा रहे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का हुआ भव्य स्वागतर,श्रावस्ती जाते समय जरवल कस्बा मे भारतीय किसान यूनियन के पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लाल वर्मा के नेतृत्व मे सैकड़ों किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं फूल माला पहना कर व अंग वस्त्र देकर किया भव्य स्वागत एवं अभिनंदन,मीडिया से बात करते हुए श्री टिकैत ने कहा की संगठन के लोगों से मिलकर उनकी समस्या जानने के लिए समय समय पर समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है। जहां संगठन के लोगों के साथ बैठकर आपस में एक दूसरे के साथ चर्चा की जाती है।बहराइच में संगठन के दो गुटों में बंटा होने के सवाल पर टिकैत ने कहा कि संगठन के सभी लोग एक है,मिल जुलकर काम करेंगे। जिलाध्यक्ष के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई परमानेंट पद नही होता,राकेश टिकैत ने किसानों की समस्या पर कहा कि किसी की भी सरकार हो, किसान हित में कोई काम नहीं करता है। इस अवसर पर पुत्ती लाल यादव, अजय वर्मा, रामराज सिंह,श्रीमान वर्मा,प्रमोद कसौधन,आवेश अहमद, समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसएसबी 42वीं वाहिनी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया 60वां स्थापना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। 42 वीं वाहिनी द्वारा सशस्त्र सीमा बल का 60वां स्थापना दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेलकूद प्रतियोगिता के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया । इस दौरान वाहिनी परिसर में बड़े खाने का आयोजन हुआ जिसमें वाहिनी के सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी गण एवं बल के सभी कार्मिक व उनके परिवारजन उपस्थित रहे । इस अवसर पर वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट पार्थ सारथी राय द्वारा महानिदेशक, सशस्त्र सीमा बल से प्राप्त बल के 60वें स्थापना दिवस के बधाई संदेश को सभी कार्मिकों को पढ़कर सुनाया । तत्पश्चात सभी अधिकारीगणों ने जवानों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया । इस अवसर पर वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट पार्थ सारथी रॉय द्वारा बल के जिन कार्मिकों द्वारा प्रशंसनीय कार्य किए गए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जिससे की वे भविष्य में इसी प्रकार बल की उन्नति एवं प्रगति हेतु कार्यरत रहें । इसके उपरांत 42 वीं वाहिनी एवं 59 वीं वाहिनी द्वारा संयुक्त रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम खेल कूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे दोनो वाहिनियों के समस्त अधिकारी गण, अधीनस्थ अधिकारी गण व बल कार्मिक उपस्थित रहे। 42 वीं एवं 59 वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में परिवार जनों के छोटे-छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा विजेता प्रतिभागियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । खेलकूद प्रतियोगिता में 42 वीं वाहिनी व 59 वीं वाहिनी के जवानों के बीच रस्सा-कसी का मैच हुआ जिसमें 42 वीं वाहिनी की टीम विजेता रही। बल कार्मिकों द्वारा फूड स्टॉल भी लगाए गए जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन शामिल किए गए जिसका सभी कार्मिकों व परिवारजनों ने लुत्फ उठाया । अंत में 42वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट एवं 59वीं वाहिनी के कमांडेंट द्वारा सभी बल कार्मिकों को सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया ।

परिषदीय विद्यालय में लगा गन्दगी का अंबार जगह-जगह उगी है घास लगे रोड़े के ढेर

स्वच्छ भारत मिशन की उड़ रही धज्जियां,स्कूल परिसर में लगा गंदगी का अंबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर।विकास खंड क्षेत्र के गांव अभयपुर माधोपुर में स्थित परिषदीय विद्यालय के प्रांगड़ में गंदगी का अंबार लगा है।हाल यह है।कि विद्यालय में पढ़ाई के लिए पहुंचने वाले बच्चों को मजबूरन गंदगी से होकर गुजरना पड़ रहा है। शौचालय के आसपास बड़े बड़े ईट के रोड़े के ढेर लगे हैं।विद्यालयों में स्वच्छ जल साफ सफाई और स्वच्छता से तात्पर्य तकनीकी और मानव विकास घटको के ऐसे संयोजन से है।जो विद्यालय में एक स्वस्थ वातावरण बनाने और उचित स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर परिपाटियों को

विकसित कर सके है।शिक्षा विभाग के मुखिया अमित कुमार सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लगातार स्कूलों में निरीक्षण करके साफ सफाई के निर्देश दे रहे हैं।लेकिन यहां मामला इसके उलट है। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह से बात करनी चाहिए तो उनका मोबाइल नंबर बिजी जा रहा था।

माँ ने बच्चो समेत खाया जहर, माँ की हुई मौत,बच्चो की हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीघापुर,उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के भदेवरा गाँव मे एक महिला ने अपने तीन बच्चो को जहर देकर खुद जहर खा लिया। माँ की जिला अस्तपताल में मौत हो गयी जबकि बच्चो को हैलेट कानपुर रिफर कर दिया गया है। भदेवरा गाँव निवासिनी केकती पत्नी जगमोहन उम्र 33 वर्ष ने गुरुवार शुबह करीब 10 बजे घर मे रखी गेंहू की बखारी में रखी कीटनाशक दवा अपने बच्चो को खिलाने के बाद स्वयं खा ली। केकती ने पहले अपनी बड़ी लड़की महक उम्र लगभग 10 वर्ष को कीटनाशक दवा खिलाई इसके उपरांत लड़के आर्यन उम्र लगभग 08 वर्ष व छोटी लड़की मानवी उम्र 4 वर्ष को कीटनाशक दवा खिलाकर स्वयं दवा खा ली। हालात बिगड़ने पर उन सभी को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ से जिला अस्तपताल रिफर कर दिया गया। पड़ोसियों के अनुसार केकती

का मायका बारासगवर थाने के अन्तर्गत अलीपुर में है। वह काफी दिनों से मानसिक बीमार चल रही थी। उसका इलाज कानपुर के किसी अस्तपताल से चल रहा है। उसका पति जगमोहन गुरुवार को भी रोज की तरह गाँव मे बन रहे मकान में मजदूरी करने गया था। बहन के द्वारा स्वयं व बच्चो को जहर देने की बात जैसे ही परिवार में पता चली कोहराम मच गया। माँ व बच्चो को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया वहा से जिला अस्तपताल ले जाया गया जहाँ माँ की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी शिवप्रकाश पांडेय मौके पर पहुँचे।

सवारी से भरी बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरायी, एक की मौत, दो दर्जन घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। फतेहपुर 84 थाना अंतर्गत उन्नाव हरदोई मार्ग पर सवारियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। घटना में एक युवक की मौत हो गयी जबकि दो दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गयी। सूचना पर एसडीएम व एएसपी मौके पर पहुंचे। घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पतगया में भर्ती कराया गया है।

बता दें उन्नाव से गुरुवार एक प्राइवेट बस सवारियों को लेकर बांगरमऊ की ओर जा रही थी। इस दौरान उन्नाव हरदोई मार्ग स्थित हाफिजाबाद के पास बस अनियंत्रित हो गयी और एक पेड़ से टकरा गटी। घटना के बाद सवारियों में चीख पुकार मच गयी। राहगीरों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। दुर्घटना की सूचना पर एसडीएम शुभम यादव व एएसपी अखिलेश सिंह स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्रेम प्रकाश की इलाज के दौरान मौत हो गयी। डॉक्टर ने गंभीर घायलों को इलाज के लिये कानपुर स्थित हैलट अस्पताल रेफर किया है। ये सवारियां हुयी घायल-वीरेंद्र, अभय सिंह,अहमद आलम, रोशन, मो रफ़ी, अखिलेश, अंजली चौरसिया, अमर सिंह, जावेद, सतीश, रफीक, मुन्नू, दिनेश कुमार, रमेश कुमार, प्रयांशु, अखिलेश व संजय समेत लगभग दो दर्जन सवारिया घायल हुयी हैं।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संगठन के स्वर्णिम 50 वर्ष सकुशल पूर्ण होने पर बरेली में होगा प्रदेश स्तरीय अधिवेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पीलीभीत द्वारा आयोजित प्रदेश के अदेशनुसार एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का अधिवेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 व 24 दिसंबर 2023 को बरेली जनपद में आयोजित होगा दो दिन तक कई सत्रों में व्यापार मंडल का प्रशिक्षण शिविर चलेगा।जिसमें संगठात्मक चर्चा,संगठन की मजबूती पर चिंतन एवं व्यापार को बदले परिदृश्य में ले जाने की योजना बनेगी। इसके साथ ही तय होगा कि आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापारियों का कदम क्या होगा,वे किस दिशा और किस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे।कार्यक्रम के लिए संगठन की प्रदेश टीम ने कई दिन पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी थी।यहां यह भी बताते चले कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्थापना पूर्व सांसद श्रद्धेय श्याम बिहारी मिश्रा एवं श्रद्धा लाल विशंभर दयाल अग्रवाल ने मां गंगा के पावन तट के किनारे वाराणसी से 50 वर्ष पूर्व की थी।वर्ष 2023 में अपने 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन इसको स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के तहत मान रहा है।जिसमें दीपोत्सव,व्यापार मंडल व्यापारियों के प्रतिष्ठान,टोल फ्री मिस्ड कॉल अभियान व पूरे उत्तर प्रदेश में व्यापारी स्वाभिमान यात्रा भी निकाली जा चुकी है।इसका समापन अधिवेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम से होगा इसकी जिम्मेदारी बरेली टीम को दी गई है।बरेली निवासी प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता के अनुसार 40 प्रमुख पदाधिकारी की टीम अधिवेशन की तैयारी कर रही है।जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री व कई व्यापारी नेताओं को भी इस कार्यक्रम में आने की संभावना की जा रही है।विभिन्न सत्रों के माध्यम से व्यापारियों को बदलते बाजार और संसाधनों के प्रति जागरूक किया जाएगा।एक सत्र ऑनलाइन बाजार की चुनौतियों पर भी रखा गया है। इसमें व्यापारियों को बताया जाएगा कि संशाधनों का उपयोग कर अपने बाजार को इससे बड़ा बनना होगा यह सब कैसे हो सत्र में इसकी जानकारी दी जाएगी। एक सत्र व्यापारियों की सकारात्मक ऊर्जा का राष्ट्र निर्माण में उपयोग पर पचर्चा होगी।

इसके अलावा संभावनाओं को अवसर में बदलने के तरीके भी बताए जाएंगे प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य व्यापारी प्रतिनिधियों में उनकी क्षमता विकसित करने एवं संघात्मक कार्यों में दक्षता लाना है।युवा व्यापारियों को संगठन से ज्यादा से ज्यादा जोड़ने के लिए संगठन की युवा इकाई की गतिविधियों को भी सक्रिय किया जाएगा।प्रशिक्षण शिविर में प्रांतीय अधिकारी जिला अध्यक्ष महामंत्री नगर अध्यक्ष नगर महामंत्री रहेंगे।दरअसल जिला एवं नगर कमेटी का सीधे तौर पर स्थानीय बाजार कमेटी से जुड़ाव होता रहा है।इसलिए जिला नगर के व्यापारी प्रतिनिधियों को प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकुल मिश्रा जो की भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री भी हैं।अनुसार प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में जहां प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारी तो सम्मिलित होंगे वहीं राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख व्यापारी नेता भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे एवं अलग-अलग क्षेत्र को संबोधित भी करेंगे। प्रत्येक सत्र के प्रशिक्षण देने के लिए अलग-अलग प्रशिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। 20 प्रातों के व्यापारी नेताओं के कार्यक्रम में आने की सूचना संगठन को प्राप्त हो चुकी है।अधिवेशन में अंतिम दिन सम्मान सम्मान रहो होगा जिसमें संगठन द्वारा किए गए उच्चतम कार्य के लिए उनको सम्मान किया जाएगा।प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश उपाध्यक्ष राघवेंद्र नाथ मिश्रा,प्रदेश संगठन मंत्री अर्जुन सिंह टहलानी,जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता, जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल,जिला उपाध्यक्ष डालचंद सक्सेना,जिला कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा,नगर अध्यक्ष रवि शर्मा,नगर महामंत्री हरिपाल सिंह यादव उपस्थित रहे।

कच्ची झोपड़ी गिरने से गरीब हुआ बेघर

बीघापुर,उन्नाव। नगर पंचायत बीघापुर के वार्ड 8 में कच्चे घर की कोठरी बुधवार की रात भर भरा का गिर गई । जिसके नीचे उसकी गृहस्थी का सामान व खाद्यान्न दब गया। गनीमत यह रही कि उस वक्त परिवार के सदस्य बगल की कोठरी में सो रहे थे। बीघापुर नगर पंचायत के पटेल नगर वार्ड निवासी गुलाम वारिस पुत्र गरीबे पत्नी के साथ दो कोठरी के कच्चे मकान में गुजर बसर करता है । पति पत्नी मिलकर जीविकोपार्जन के लिये चूड़ियाँ बेंचते हैं ।बुधवार की रात घर की एक कच्ची कोठरी भर भरा का ढह गई ।जिसके नीचे उसकी गृहस्थी का सामान ,चूड़ियां व खाद्यान्न दब गया ।गनीमत यह रही कि उस वक्त वह पत्नी के साथ बगल की कोठरी में सो रहे थे ।गुलाम वारिस ने बताया कि उसने वर्ष 21-22 में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ लेने के लिए नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन किया था ,लेकिन आज तक उसे इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया । घर गिरने की सूचना पर वार्ड सदस्य प्रियंका पटेल व पड़ोसी बाराती चौधरी ने ढांढस बंधाते हुए आर्थिक सहयोग किया ।एसडीएम क्षितिज द्विवेदी ने बताया कि लेखपाल अशोक सैनी को मौके पर भेजा गया था। रिपोर्ट आने के बाद शासन से अहेतुक लाभ दिलाया जाएगा ।

भ्रष्टाचार की भेट चढ़ी लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क

औरास, उन्नाव। लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार इस प्रकार कायम है कि क्या कहा जाए आपको बताते चलें की लोक निर्माण विभाग मानो अपनी आंखें पूरी तरह मूंद कर बैठा है। आपको बताते चलेंकि पूरा मामला औरास रहीमाबाद रोड का है जो कि लगभग 11 से 12 किलोमीटर की लंबी सड़क है। यह सड़क कुछ महीनों पूर्व ही लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाई गई थी लेकिन क्या कहा जाए की सड़क बनने से पहले ही सड़क बेकार होनी शुरू हो गई इसका मुख्य कारण विभाग में फैला भ्रष्टाचार है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग अपनी कार्यशैली से हमेशा ही सुर्खियों में रहता है। वही संदीप कनौजिया (मोनू) महेंद्र पासी,रोहित कुमार कनौजिया आदि लोगों ने बताया कि यदि रोड की दुरुस्तीकरण सही तरीके से नहीं होता है। तो मामला उच्च अधिकारियों के चौखट पर लेकर पहुंचेंगे वहीं उक्त सड़क के संबंध में जब एक्ससीएन सुबोध कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जल्द से जल्द उक्त औरास रहीमाबाद रोड की जांच कर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करवाई जाएगी।

गोवा का लोहिया मैदान समाजवादी आंदोलन के लिए प्रेरणादायक प्रतीक स्थल : राजेन्द्र चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोवा। समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी ने गुरुवार को गोवा के मडगांव स्थित लोहिया मैदान में डॉ0 राममनोहर लोहिया की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। श्री चौधरी ने लोहिया मैदान में प्रतिमा के समीप भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित शिलापट्ट, मनोहर राय सरदेसाई की कविता 18 जून और लोहिया मैदान के मंच का अवलोकन किया। लोहिया मैदान में 18 जून क्रांतिदिन समिति के कोषाध्यक्ष विनायक मोडेडकर ने श्री चौधरी से गोवा के स्वतंत्रता संग्राम में 18 जून को मडगांव की सभा में डॉ0 राममनोहर लोहिया से जुड़ी दुर्लभ जानकारियां साझा किया। विनायक के पिता मधुकर यशवंत मोडेडकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

थे, उन्होंने डॉ0 लोहिया के साथ गोवा मुक्ति संग्राम में संघर्ष किया था। श्री चौधरी एवं जासमीर अंसारी ने विनायक मोडेडकर को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजेंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि गोवा से समाजवादियों का पुराना संबंध रहा है। लोहिया ने आजादी की जो अलख जगाई थी उसी का परिणाम है कि आज गोवा स्वतंत्र हैं। लोहिया मैदान समाजवादी आंदोलन के लिए प्रेरणादायक प्रतीक स्थल है।

18 जून क्रांतिदिन समिति के कार्यालय में संगठन के अध्यक्ष अविनाश शिरोडकर एवं पदाधिकारियों की ओर से श्री राजेन्द्र चौधरी, सदस्य विधान परिषद श्री जासमीर अंसारी, समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल', तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के ओएसडी रहे आशीष यादव सोनू को मोमेंटो, गोवा से जुड़ा लोहिया साहित्य भेंट किया।

लोहिया के संघर्ष के बाद ही स्वतंत्र हुआ था गोवा

बता दें कि पुर्तगालियों के 451 साल के शासन के खिलाफ लोहिया ने मडगांव के मैदान से ही हुंकार भरी थी। गोवावासियों पर पुर्तगालियों द्वारा हो रहे अत्याचार के खिलाफ लोहिया ने आंदोलन शुरू किया जिसके कारण पुर्तगाली शासन में 18 जून 1946 को लोहिया की गिरफ्तारी हुई। उसके बाद महात्मा गांधी ने अपने अखबार 'हरिजन' में गोवा की आजादी के संघर्ष को केंद्र में रखकर लोहिया और मडगांव पर विस्तार से लिखा। इसी संघर्ष का परिणाम रहा कि 19 दिसंबर 1961 को गोवा स्वतंत्र हो गया।

पीएम मोदी से मिले सांसद रवि किशन

गोरखपुर। सदर सांसद रविकिशन शुक्ला बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात की और उनको अपने क्षेत्र की योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया। इस दौरान सांसद ने तीन राज्यों में भाजपा के प्रचंड बहुमत से जीतने पर बधाई दी। मुलाकात के दौरान सांसद की पत्नी प्रीति शुक्ला, बेटी रीवा शुक्ला और बेटे सक्षम शुक्ला रहे मौजूद। सांसद ने कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र की योजनाओं का सही और तरीके से लागू किया जा रहा है, यही कारण है कि आज प्रदेश में सबसे अधिक प्रभावी रूप से केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जनता ले रही है। गोरखपुर क्षेत्र में लगातार विकास हो रहा है। गीडा में कई प्रमुख इंडस्ट्री अपने लिए भूमि का आंवटन करा रही है। प्रधानमंत्री को सांसद ने बताया कि गीडा आने वाले दिनों में पूर्वांचल की अर्थव्यवस्था का हब बनने जा रहा है। गोरखपुर में सडक़ें लगातार चौड़ी हो रही है। सांसद ने इस दौरान अपने संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कांटे बाट कैंप का हुआ आयोजन उपस्थित रहे व्यापारी नेता

पुरनपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर के द्वारा कांटे बाट कैंप का आयोजन किया गया जिसमें व्यापारियों ने अपने कांटे बाट पर मोहर लगवा कर कैंप का लाभ उठाया इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, प्रांतीय मंत्री विजयपाल विक्की,सर्राफा संघ संजय गुप्ता ,आशीष रस्तोगी, राकेश गुप्ता, उमेश गुप्ता,राजेंद्र खंडेलवाल राजू मुखिया, मुजफ्फर हुसैन निरीक्षक माट मप नंदिता गुप्ता,सहायक शिव नारायण,हरगोविंद बाजपेई, दिनेश वर्मा इस कैंप में आनंद रिपेयरिंग वर्क्स पूरनपुर द्वारा मोहर लगाई गई है।

भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक मंडी में हुई संपन्न

पीलीभीत।भारतीय किसान यूनियन जनपद पीलीभीत की मासिक पंचायत मंडी समिति पीलीभीत में हुई जिसमें गंभीर समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम सदर को दिया गया पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह,मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह कहलो,जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा,युवा जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मंत्री बलराज पासी ने लाभार्थियों को वितरण किए प्रमाण पत्र

पीलीभीत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत पीलीभीत संसदीय क्षेत्र की विधानसभा बरखेड़ा स्थित बरखेड़ा ब्लॉक के ग्राम महदऽखास में सरकारी योजनाओं से अवगत करवाते हुए मोदी के पंच प्रण की शपथ दिलाई।तत्पश्चात केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनलाभ कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा पीलीभीत एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बरखेड़ा कमलेश कुमार गंगवार,मंडल महामंत्री भाजपा गजरौला एवं कार्यक्रम संयोजक कपिल सिंह,मंडल उपाध्यक्ष ठाकुर दास वर्मा,सेक्टर संयोजक हेमनाथ भोजवाल,बूथ अध्यक्ष सोमपाल राणा,राजू शर्मा,राकेश कुमार,ग्राम प्रधान इंद्रवती सहित समस्त विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

युवा कल्याण विभाग एवम प्रांतीय रक्षक दल द्वारा किया गया खेलकूद का आयोजन

औरास,उन्नाव। बीते बुधवार को मिनी स्टेडियम मैनी भावा खेड़ा में युवा कल्याण विभाग एवम प्रांतीय रक्षक दल के द्वारा ग्रामीण खेल लीग उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत विकास खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन विकास खंड औरास के ग्रामीण स्टेडियम मैनीभावा औरास में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि मोहान विधायक ब्रजेश कुमार रावत मौजूद रहे। वही प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल स्पर्धा में अपने अपने हुनर का प्रयोग किया। वही मोहान विधायक ब्रजेश कुमार रावत के द्वारा विजय श्री पाए प्रतिभागियों को मेडल देकर हौसला अफजाई किया। इस मौके पर नगर पंचायत औरास के अध्यक्ष राकेश कुमार, सीमऊ प्रधान प्रतिनिधि इंद्र पाल यादव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सचिन सिंह के अलावा अन्य क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

तालाब के किनारे अचेत अवस्था में मिला शव, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के एक गांव निवासी घर के कार्य के लिए नजदीकी बाजार गया युवक देर शाम गांव के समीप स्थित तालाब के किनारे अचेत अवस्था में मिला।जानकारी होने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव मनिकापुर निवासी बलबीर सिंह का लगभग छत्तीस वर्षीय पुत्र जितेन्द्र सिंह बुधवार की शाम को घर के किसी कार्य से स्थानीय बाजार बरुआघाट गया था। देर शाम तक जितेंद्र के घर वापस न आने पर परिजनो ने उसकी खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान जितेंद्र रात को गाँव के निकट स्थित तालाब के किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा मिला।परिजन उसे इलाज के लिए बांगरमऊ सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक की मां गांव के आंगनवाड़ी केन्द्र में सहायिका है। घटना को लेकर ग्रामीणों ने तरह तरह की चर्चाएं है वही घटना के बाद से परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है।

हिट रहा पूरनपुर में टॉप फाउंडेशन का पहला कवयित्री सम्मेलन

पूरनपुर।टॉप फाउंडेशन के तत्वाधान में नगर में आयोजित जनपद का पहला कवयित्री सम्मेलन पूरी तरह सफल रहा। तय समय में कवियत्रियों ने सधा हुआ संतुलित काव्य पाठ करके श्रोताओं के दिल में जगह बनाई। सभी श्रोता वाह-वाह करते नजर आए।यहां पहुंचे जनपद के प्रमुख कवियों संजय पांडे गौहर, पंडित राम अवतार शर्मा, अविनाश चंद्र मिश्र, उमेश अदभुत, अमिताभ मिश्र, देवशर्मा विचित्र, डाक्टर यूआर मीत, राजेश राठौर, विकास आर्य ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर दलजीत कौर की कविता पर भी खूब तालियां बजीं।

एसएसबी ने सीमावर्ती जनता के मन में एक नई उर्ज़ा का संचार किया है : कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी वाहिनी नानपारा के प्रांगण व सीमा चौकियों में 60वा स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शक्ति सिंह ठाकुर, कार्यवाहक कमांडेंट, 59 वाहिनी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया।कार्यवाहक कमांडेंट द्वारा वाहिनी के सभी बलकर्मियों एवं उनके परिवारजनो को बल के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दी और बताया की सेवा सुरक्षा और बंधुत्व के ध्येय वाक्य के साथ देश की सेवा सुरक्षा में लगे एस.एस.बी. का गौरवशाली इतिहास रहा है। वर्ष 1962 के भारत चीन युद्ध के पश्चात 1963 में एस. एस. बी. का स्पेशल सर्विस ब्यूरो के रूप में गठन किया गया युद्ध से उपजी विकट परिस्थियों में

एस.एस.बी. ने सीमावर्ती जनता के मन में एक नई उर्ज़ा का संचार किया और उनके मनोबल को बढ़ाकर उनके मन में सुरक्षा की भावना पैदा की एस.एस. बी. ने सीमावर्ती क्षेत्रो में लाखो स्वयंसेवको को तैयार किया और देश की सरहदों को सुदृढ़ करने के अपने मिशन को जिम्मेदारी एवं पूरी दक्षता के साथ पूरा किया । वर्ष 2001 में एस. एस. बी. को केन्द्रीय पुलिस बल का दर्ज़ा देते हुए गृह मंत्रालय के अधीन लाया गया वर्ष 2001 में एस. एस. बी. को भारत - नेपाल और वर्ष 2004 में भारत-भूटान सीमा की सुरक्षा की जिम्मेवारी सौपी गयी एवं सीमा सुरक्षा के दायित्यो के साथ आन्तरिक सुरक्षा ड्यूटी, चुनाव ड्यूटी, नागरिक कल्याण कार्यक्रमों का आयोजन पूरी दक्षता के साथ निर्वहन करते है । तदोपरांत 59 व 42 वाहिनी के बलकर्मियों बीच मित्रतापूर्ण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ दोनों वाहिनी के बलकर्मियों, संदीक्षा सदस्यों एवं बच्चो द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम का मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत किया गया । इस मौके पर हिमांशु दुबे उप-कमांडेंट, डा. विकास कुमार सिंह उप कमांडेंट (पशु चिकित्सा अधिकारी), गौतम शर्मा, सहायक कमांडेंट, रमेश चन्द्र, सहायक कमांडेंट निरीक्षक (सामान्य) विपिन कुमार, संदीक्षा सदस्य एवं वाहिनी के समस्त अधीनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

लोकतंत्र का तमाशा और इंडिया की राह

हमें पहले जीतकर आना होगा, उसके बाद लोकतांत्रिक तरीके से हमारे चुने हुए सांसद तय कर लेंगे कि प्रधानमंत्री पद पर कौन बैठेगा। ये महत्वपूर्ण बयान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को दिया है। इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक मंगलवार 19 दिसम्बर को दिल्ली में हुई, जिसमें गठबंधन के सभी 28 दलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। भाजपा के खिलाफ बने इस विपक्षी गठबंधन की इस बार की बैठक कई मायनों में महत्वपूर्ण थी। मुंबई में हुई तीसरी बैठक के बाद अब जाकर हुई इस चौथी बैठक में काफी लंबा अंतराल रहा, और इस दरम्यान इंडिया गठबंधन को लेकर जितने किस्म की अफवाहें मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए फैलाई जा सकती थीं, वो सब फैलाई गईं। इन अफवाहों में दस बार इंडिया गठबंधन में टूट पड़ी, उसके नेताओं की राहें अलग हो गईं, अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी और नीतीश कुमार जैसे नामों को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बताते हुए यह भी कहा गया कि ये सब कांग्रेस के खिलाफ एक हो सकते हैं। इस बीच हुए विधानसभा चुनावों में मध्यप्रदेश में सीटों को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच हुए मतभेद को सीधे अखिलेश यादव की कांग्रेस को चुनौती के तौर पर पेश किया जाने लगा। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की हार को सीधे इंडिया की हार से जोड़ा गया और लगे हाथ ये तर्क भी दिया गया कि अब इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका कमतर हो जाएगी। अब तक कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका में थी, लेकिन अब बाकी दल उसकी बात नहीं सुनेंगे। लेकिन ये तमाम दावे मंगलवार को तब खोखले साबित हो गए, जब बैठक के बाद सभी दलों ने श्री खड़गे को ही प्रेस को संबोधित करने के लिए कहा। इससे पहले खबर ये भी आई कि बैठक में ममता बनर्जी ने गठबंधन के संयोजक पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम को प्रस्तावित किया और अरविंद केजरीवाल ने उसका समर्थन किया। हालांकि अभी संयोजक पद के लिए किसी नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन जिन ममता बनर्जी के लिए कहा जा रहा था कि वे कांग्रेस को अग्रणी भूमिका में नहीं आने देना चाहती हैं, उन्होंने ही श्री खड़गे के नाम को आगे बढ़ाकर ये बता दिया कि आने वाले लोकसभा चुनावों में इंडिया का नेतृत्व कांग्रेस ही मुख्य रूप से करेगी। गौरतलब है कि बैठक के लिए इससे पहले दिल्ली पहुंची ममता बनर्जी ने बयान दिया था कि इंडिया के प्रधानमंत्री उम्मीदवार का फैसला 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद किया जाएगा। इस सीधे बयान को जबरदस्ती तोड़-मरोड़ कर अन्य अर्थों में पेश किया जा रहा था। जबकि सुश्री बनर्जी और श्री खड़गे एक जैसी बात ही कह रहे हैं। दरअसल इस समय देश में जो राजनैतिक माहौल बन चुका है, उसमें इंडिया गठबंधन के सभी दलों को यह स्पष्ट हो चुका है कि उनके लिए एकजुट रहना सबसे बड़ी प्राथमिकता है, बाकी सारी बातें दोयम हैं। यही बात अब देश की जनता को भी समझने की जरूरत है। देश के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि एक साथ 151 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया जाए। प्रधानमंत्री मोदी भारत के लिए मदर ऑफ डेमोक्रेसी की उपमा देते हैं, लेकिन आज उसी भारत में मर्डर ऑफ डेमोक्रेसी जैसा नजारा बन चुका है। लोकतंत्र तभी जिंदा कहलाएगा, जब सत्ता पक्ष के साथ संसद में विपक्ष भी मौजूद हो। जब विपक्ष को सवाल पूछने और सत्ता से जवाब मांगने पर दंडित किया जाए। जब विपक्ष की गैरमौजूदगी में बिना चर्चा के महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कर कानून बनाने का रास्ता तैयार हो जाए, तब हम कैसे दावा कर सकते हैं कि हमारे देश में लोकतंत्र जिंदा है। संसद तक पहुंचा एक-एक प्रतिनिधि कम से कम अपने संसदीय क्षेत्र के 15-20 लाख लोगों की आवाज बनता है। अब हिसाब लगा लीजिए कि 151 सांसदों को निलंबित कर एक झटके में कितने करोड़ लोगों की आवाज को मोदी सरकार ने खामोश करवा दिया। प्रधानमंत्री मोदी पिछले कुछ वक्त से मेरे देशवासियों, मित्रो या भाइयो-बहनो की जगह मेरे परिवारजनो का संबोधन जनता को देते हैं, तो उनसे पूछा जाना चाहिए कि अपने परिवार के करोड़ों लोगों की जुबान पर ताला लगवाकर आखिर कौन से परिवार धर्म का पालन किया जा रहा है।

विकसित भारत यात्रा के सहारे भाजपा की मजबूत तैयारी

विधानसभा चुनाव के मध्य ही भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व में 15 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की है। यह यात्रा भारत की सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों तक पहुंचेगी। विकसित भारत यात्रा के माध्यम से भाजपा उन वंचित लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जो विभिन्न योजनाओं के पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। दूसरा यह कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस यात्रा में गांव व पंचायत में मोदी की गारंटी वाली वैन पहुंचने पर उसका ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत किया जाता है और उसी स्थान पर लाभार्थी फार्म भी भरवाये जाते हैं। यात्रा के दौरान सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से उनकी व्यक्तिगत कहानियों और अनुभव साझा करने को भी कहा जाता है और उनका फीडबैक लिया जाता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से शुरू की गई थी और अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है।

आगामी लोकसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए देश के सभी राजनैतिक दलों ने अपनी-अपनी चुनावी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए अपनी तैयारी को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। इस तैयारी पर यदि समग्र व निष्पक्ष दृष्टि से डाली जाए तो इस समय निःसंदेह भारतीय जनता पार्टी आगे दिखाई पड़ रही है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जिन्हें लोकसभा का सेमी फाइनल माना जा रहा था उनमें भाजपा ने सभी विश्लेषकों को चौंकाते हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में शानदार जीत हासिल की, जिससे उसका उत्साह बढ़ा है। इन सभी राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री चयन ने विपक्ष की जातिवाद की राजनीति की गहरी काट खोजने का प्रयास किया है । भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री चयन के बाद उनका प्रचार भी प्रारम्भ कर दिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का उत्तर प्रदेश के यादव बाहुल्य क्षेत्रों और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का ब्राह्मणों सहित सवर्ण समाज के बीच में प्रचार हो रहा है। उधर विपक्षी दलों में भी एकता के लिए बैठकें चल रही हैं। विधानसभा चुनाव के मध्य ही भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व में 15 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की है। यह यात्रा भारत की सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों तक पहुंचेगी। विकसित भारत यात्रा के माध्यम से भाजपा उन वंचित लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जो विभिन्न योजनाओं के पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। दूसरा यह कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस यात्रा में गांव व पंचायत में मोदी की गारंटी वाली वैन पहुंचने पर उसका ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत किया जाता है और उसी स्थान पर लाभार्थी फार्म भी भरवाये जाते हैं। यात्रा के दौरान सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से उनकी व्यक्तिगत कहानियों और अनुभव साझा करने को भी कहा जाता है और उनका फीडबैक लिया जाता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से शुरू की गई थी और अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस यात्रा का उद्घाटन किया था। तीन राज्यों में भाजपा की जो जोरदार वापसी हुई है उसमें प्रधानमंत्री मोदी की खूंटी की उस यात्रा का भी योगदान माना जा रहा है। एक माह की अवधि में विकसित भारत संकल्प यात्रा 68,000 ग्राम पंचायतों में 2.50 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंच गई है जिसमें लगभग दो करोड़ लोगों ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। केंद्र सरकार की योजनाओं के 2 करोड़ से अधिक लाभार्थियों ने, ‘मेरी कहानी मेरी जुबानी’ पहल के अंतर्गत अपने अनुभव बताए हैं। अनुमान है भाजपा की व्यापक विजय सुनिश्चत करने में यह यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। भाजपा की यात्राएं देश और भाजपा दोनों के लिए शुभ रही हैं । राममंदिर निर्माण की बाधाओं को दूर करने के लिए की गई यात्राओं से अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण का संकल्प पूरा हो रहा है। जम्मू-कश्मीर के लिए की गई यात्रा का संकल्प भी पूरा हुआ और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 का सदा के लिए समापन हुआ। अब विकसित भारत रथयात्रा नया इतिहास लिखने वाली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संकल्प यात्रा पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दे रहे हैं तथा अपने सभी सांसदों, विधायकों व पार्टी जिलाध्यक्षों आदि सभी से यात्रा से जुड़ने की लगातार अपील कर रहे हैं। उन्हें आभास हो गया है कि यह संकल्प यात्रा आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का सबसे महत्वपूर्ण प्रचारक बनेगी। संभवतः यात्रा की सफलता लोकसभा के टिकट की दावेदारी को भी मजबूत करे। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषणों से जातिवाद की राजनीति पर करारा प्रहार किया है और उन्होंने सबसे बड़ी जाति गरीबी बता दी। गरीबों में महिला, किसान, युवाओं और बेरोजगारों को वह प्राथमिकता दे रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे हैं, जिससे लाथार्थियों व

सरकारी कर्मचारियों में उत्साह का संचार हो रहा है। प्रधानमंत्री सभी लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की लगातार अपील कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का कहना है कि आज इस यात्रा की कमान देशवासियों ने अपने हाथों में ले ली है। यह वर्तमान सरकार का ही प्रयास है कि जिसने गरीबों, किसानों छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित था किन्तु अब सरकार छोटे शहरों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यह विकसित भारत यात्रा देश को विकसित बनाने का बीज संकल्प है। इस यात्रा से विकसित भारत की नींव मजबूत होने जा रही है। वर्तमान केंद्र सरकार ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से केवल निर्धन वर्ग के जीवनस्तर में बदलाव लाने का काम नहीं किया है अपितु उनमें भाजपा और विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी के प्रति भरोसा बढ़ाने का भी काम किया है। आज यदि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ रहा है तो उसके पीछे उनकी कल्याणकारी योजनाएं हैं। वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसे प्रथम प्रधानमंत्री हैं जो स्वयं धरातल पर उतर कर सभी योजनाओं की सच्चाई का पता लगाकर योजनाओं को नया स्वरूप प्रदान कर उनका विस्तारीकरण भी कर रहे हैं। उदाहरण के रूप में प्रधानमंत्री जनऔषधि वितरण केंद्र योजना, अभी तक देशभर में 10 हजार औषधि वितरण केंद्र थे जिनका विस्तार अब 25 हजार तक किया जा रहा है। यह एक बहुत अच्छी योजना है और उन लोगों के लिए तो वरदान सरीखी है जिन्हें लम्बे समय या जीवनपर्यंत कोई दवा लेनी है। यात्रा के माध्यम से ही भाजपा दो करोड़ विकसित भारत ब्रांड एम्बेसडर बनाने जा रही है और उसके लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। यह अभियान भी भाजपा को चुनाव में लाभ प्रदान करेगा। केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों में से एक बड़ी संख्या महिलाओं की है और इसका एक बड़ा कारण अनेक योजनाओं में घर की मुखिया के रूप में महिला को वरीयता दी गयी है। यही कारण है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हर चार में से तीन महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया है और भारी मतदान भी किया है। वर्तमान सरकार में कई ऐसे कार्य हुए व निर्णय लिए गये हैं जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है। प्रधानमंत्री का कहना है कि जहाँ से लोगों की उम्मीदें समाप्त हो जाती है वहां से मोदी की गारंटी की शुरुआत हो जाती है और वे ऐसा कहते नहीं वरन करके दिखाते हैं। जब विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन होगा तब तक भाजपा करोड़ों लाभार्थियों तक अपनी पहुंच बना लेगी। वहीं, अयोध्या के भव्य राममंदिर का उद्घाटन भी संपन्न हो चुका होगा। इस प्रकार आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा भक्ति, अध्यात्म और विकसित भारत के संकल्प के बल एक बड़ी विजय प्राप्त करने की ओर अग्रसर होगी। **-मृत्युंजय दीक्षित**

वैश्विक लोकप्रियता के शिखर पर नरेन्द्र मोदी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विरोधियों द्वारा लाख आरोप-प्रत्यारोप लगाये जाते रहे हों पर इसमें दो राय नहीं कि आज लोकप्रियता में दुनिया के दिग्गज नेताओं में शीर्ष पर कोई नेता है तो वह मोदी ही हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन या रूस के पुतिन हों या अमेरिका के ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प, नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के आसपास भी नहीं टिकते हैं। अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मार्निंग कंसल्ट द्वारा इसी माह की शुरुआत में कराए गए सर्वे में यह साफ हो गया कि सर्वे में हिस्सा लेने वाले दुनिया के अलग-अलग देशों के 76 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द्र मोदी हैं। लोकप्रियता में नकारने वाले भी केवल 18 फीसदी ही हैं जबकि 6 फीसदी ने अपनी कोई राय उजागर नहीं की। इससे पहले अमेरिकी थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के 10 में से 8 व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के प्रति सकारात्मक राय रखते हैं। यानी देश के 80 फीसदी लोग नरेन्द्र मोदी में विश्वास रखते हैं। 55 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द मोदी है। देश की केवल 20 फीसदी आबादी नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं करती है। लोकप्रियता की सूची में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 8 वें पायदान पर हैं। विश्वव्यापी लोकप्रियता अर्जित करना सामान्य बात नहीं है। हमारे देश के लिए तो यह और भी गर्व की बात हो जाती है कि हमारे नेता की लोकप्रियता दुनिया में पहले पायदान पर है। खास बात यह है कि लोकप्रियता के साथ विश्वसनीयता में भी वे सबसे आगे हैं। लोकप्रियता में अव्वल आना इस मायने में बड़ी बात है कि 76 फीसदी मामूली आंकड़ा नहीं है। यह लोकप्रियता के दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर से पूरे दस प्रतिशत अधिक है। यानी नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का आंकड़ा 76 फीसदी है तो दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति की लोकप्रियता का आंकड़ा 66 फीसदी यानी कि दस फीसदी कम है। सूची के अनुसार तीसरे पायदान पर स्विट्जरलैंड, चौथे पर ब्राजील, पांचवें पर आस्ट्रेलिया और छठे पायदान पर इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी हैं। उनकी और नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में पूरे 35 फीसदी का अंतर है। देखा जाये तो कठोर से कठोर निर्णय भी एक झटके में लेने और भीड़ को अपने पक्ष में कर लेने की क्षमता नरेन्द्र मोदी को लोकप्रियता के शिखर पर पंहुचाती है। वैश्विक सम्मेलनों और मंचों पर ऐसा लगता है जैसे दुनिया के देशों का नेतृत्व नरेन्द्र मोदी ही कर रहे हों। भले ही इतर राय रखने वाले कुछ भी कहें पर अभी तो यही दिख रहा है और नरेन्द्र मोदी को सर्वमान्य नेता के रूप में प्रतिस्थापित करता है। इसे यों भी समझा जा सकता है कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने का निर्णय और इसे लेकर दुनिया के देशों की चुप्पी, कूटनीतिक कौशल व क्षमता को ही सिद्ध करता है। पाकिस्तान और चीन को अलग-थलग करना हो या फिर रूस-यूक्रेन युद्ध या इजरायल-हमास युद्ध कहीं भी नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं हुआ। विरोधी देशों के संकट के दौरान सहायता में सबसे आगे रहना, अरब देशों को भी भारत के पक्ष में बनाये रखना, अमेरिका और रूस दोनों को ही साधे रहना, अपने आप में बड़ी बात है। कोरोना दौर में भारतीय वैक्सीन के माध्यम से दुनिया के देशों के मानव इतिहास के सबसे बड़े संकटकाल में सहभागी के रूप में आगे आना लोकप्रियता और विश्वसनीयता बनाए रखने की बड़ी सफलता है। अमेरिका में ओबामा, फिर ट्रम्प और अब जो बाइडन काल में भी समान अधिकार के साथ संबंध बनाए रखना, कम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां नहीं थी, लेकिन उससे भी पार पाने में कामयाबी हासिल की। पाकिस्तान को दुनिया के देशों से अलग-थलग करना तो मोदी के लिए मामूली बात सिद्ध हुई है। दरअसल, आज के दौर में वैश्विक नेता के लिए बोल्ड होने, एग्रेसिव होने, कठोर व त्वरित निर्णय लेने वाले नेता लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। अच्छे बुरे परिणाम की चिंता कर निर्णय की उहापोह में फंसे नेता आज के लोगों की पसंद हो ही नहीं सकते। इसका बड़ा कारण दुनिया में वैश्विक संकट का दौर चलना है। संकटों के दौर में लोगों का यह मानना रहता है कि हमें आलोचना प्रत्यालोचना या आगा पीछा सोच कर निर्णय लेने वाला नहीं अपितु त्वरित और कठोर निर्णय लेने वाला नेता चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेन्द्र मोदी इस पर खरे उतरे हैं।

सेहत मंत्र

योगाभ्यास से याद्दाश्त बेहतर होती है और सीखने की क्षमता भी बढ़ती है

योग के फायदे किसी से छिपे नहीं हैं। योग से होने वाले लाभों से लोगों को अवगत कराने के लिए जून के महीने में योगा दिवस भी मनाया जाता है। इतना ही नहीं, पिछले कुछ सालों में लोगों के बीच योग का क्रेज भी काफी बढ़ा है। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि इसके फायदे सिर्फ व्यस्क लोगों तक ही सीमित हैं तो आप गलत हैं। सात?आठ साल से अधिक उम्र के बच्चे बेझिझक कई प्रकार के योगासन कर सकते हैं और इसका लाभ उठा सकते हैं। अपनी दिनचर्या में यदि बच्चे योग को शामिल कर लें तो इससे उन्हें कई तरह के लाभ होते हैं। सबसे पहले तो इससे उनके शरीर की कार्यप्रणाली बेहतर तरीके से काम करती है। साथ ही योग करने से एंडोक्राइनल नामक ग्रंथि को पोषण मिलता है। यह ग्रंथि बच्चों के विकास में अहम भूमिका निभाती है। योग जहां एक ओर शारीरिक विकास में सहायक होता है, वहीं दूसरी ओर यह बच्चों की मेंटल हेल्थ को भी बेहतर बनाता है। योग का नियमित अभ्यास करने से बच्चों में एकाग्रता, लर्निंग पावर व मेमोरी बेहतर होती है। इतना ही नहीं, यह उन्हें शांत भी बनाता है, इसलिए जो बच्चे एग्रेसिव स्वभाव के होते हैं, उन्हें नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए। योगाभ्यास लड़कियों के लिए भी बेहद लाभकारी माना गया है। इसका अभ्यास करने से उन्हें आगे चलकर मासिक धर्म के दौरान दर्द का अनुभव कम होता है। साथ ही उन्हें मासिक धर्म में अनियमितता या हैवी ब्लीडिंग जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। इसके अतिरिक्त योगाभ्यास लड़कियों के पिट्यूटरी व पाइनल फंक्शन को नियंत्रित करता है, जिसके कारण उनका व्यवहार भी बेहतर होता है। भले ही योगाभ्यास बच्चों के लिए फायदेमंद हो लेकिन शुरूआती दौर में, बच्चों को कुछ ही योगासनों का अभ्यास करना चाहिए। जैसे ताड़ासन, वीरासन, पश्चिमोत्तानासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, प्रणायाम, सूर्य नमस्कार आदि। यह सभी आसन बच्चों के समग्र विकास में सहायक होते हैं। वहीं जब आप योग करने के अभ्यस्त हो जाएं तो आप अन्य सभी योगासनों का भी अभ्यास कर सकते हैं।

धर्म मंत्र

हनुमान रक्षा स्त्रोत का पाठ करने से जीवन में नहीं आती कोई बाधा

बजरंग बली हनुमान का जन्म भगवान श्रीराम की सहायता के लिए हुआ। हनुमान जी को भगवान शंकर का अवतार भी माना जाता है। कहा जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सेवा के निमित्त भगवान शिव जी ने एकादश रुद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। हनुमान जी चूंकि वानर उपदेवता श्रेणी के तहत आते हैं इसलिए वे मणिकुण्डल, लंगोट व यज्ञोपवीत धारण किए और हाथ में गदा लिए ही उत्पन्न हुए थे। पुराणों में कहा गया है कि उपदेवताओं के लिए स्वेच्छानुसार रूप एवं आकार ग्रहण कर लेना सहज सिद्ध है। पुराणों के अनुसार, इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। माता अंजनी एवं पवन देवता के पुत्र हनुमान का जीवनकाल पराक्रम और श्रीराम के प्रति अटूट निष्ठा की असंख्य गाथाओं से भरा पड़ा है। हनुमान जी में किसी भी संकट को हर लेने की क्षमता है और अपने भक्तों की यह सदैव रक्षा करते हैं। हनुमान रक्षा स्त्रोत का पाठ यदि नियमित रूप से किया जाए तो कोई बाधा आपके जीवन में नहीं आ सकती। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ करने से बड़े से बड़ा भय दूर हो जाता है। हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी के पूजन का विशेष महत्व है। हनुमान जी भक्तों से विशेष प्रेम करते हैं और उनकी हर पुकार को सुनते हैं। श्रीराम की नित उपासना करने वालों पर हनुमान जी खूब प्रसन्न रहते हैं। हनुमान जयंती के दिन हनुमानजी की पूजा विधि विधान से करनी चाहिए।

पर्यटन

टूरिस्ट के दिलों पर राज करता है यह खूबसूरत शहर साऊथ अफ्रीका

दुनियाभर में अपने एडवेंचर्स और प्राकृतिक सुंदरता के लिए फ़ेमस दक्षिण अफ्रीका टूरिस्टों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसकी सुंदरता के कारण लोग इस शहर की और खिचे चले आते हैं। दक्षिण अफ्रीका आने वाले टूरिस्ट अपना सफर केपटाऊन शहर से शुरू करें तो उन्हें स्वच्छता और सुंदरता का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका को इंद्रधनुषी छटाओं वाला देश भी कहा जाता है। क्योंकि यहां आप इंद्रधनुष को करीब से देख सकते हैं। उत्तरी और पश्चिमी केपटाऊन की वादियों को फूलों से ढके देखना चाहते हैं तो यहां घूमने के वसंत ऋतु बिल्कुल परफ़ेक्ट सीजन है। दक्षिण अफ्रीका के जंगलों में आप अफ्रीकी हाथी, सबसे छोटा छुछुंदर, जिराफ, चीता, शुतुरमुर्ग, कोरी बस्टर्ड, चितकबरे गैंडे, हिप्पो और मगरमच्छ देख सकते हैं। अफ्रीका के इस शहर में अन्य जनजातियों के अलावा एशइयाई लोग भी बसे हुए है। इसमें 27 लाख लोग तो भारतीय है, जो बढ़िया बिजनेस चलाने के साथ अफ्रीका की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रहे हैं। भारतीय लोग होने के कारण आप यहां इंडियन फूड का मजा भी ले सकते हैं। दुनिया के सबसे निराले और खूबसूरत शहर केपटाऊन की अपनी अलग पहचान है। टूरिस्ट यहां ऊंचे पर्वतों, मनोरम समुद्री किनारों के साथ इस अनूठे शहर की मनमोहक तस्वीर का मजा ले सकते हैं। यहां के ऊंचे चपटे टेबल माऊंटेन, अंगूर के बगीचे और समुद्री तट आपके ट्रिप को और भी यादगार बना देंगे। यहां के ऊंचे पहाड़ों पर केबल कार से आप पूरे शहर की सुंदरता और वन्य जीवन को देख सकते हैं। केपटाऊन को दक्षिण अफ्रीका का सबसे शांत शहर माना जाता है। यहां पर सबसे फ़ेमस टेबल माऊंटेन है, जिसे आप पूरे केपटाऊन शहर के किसी भी कोने से साफ देख सकते हैं। शहर के बीच में स्थित विक्टोरिया एल्फ्रेड वाटरफ्रंट मस्ती और धूम-धड़ाका करने के लिए फ़ेमस है। यहां पर बढ़िया रेस्टोंरेस, बार, म्यूजिक शॉप और बड़े एक्वेरियम भी है, जिसे आप देख सकते हैं।

गरीबों के मसीहा है प्रधानमंत्री मोदी : केशव प्रसाद मौर्य

गरीबों की उम्मीदों पर खरा उतर रही है मोदी की गारंटी : केशव प्रसाद मौर्य

सिद्धौर मंडल के बंभौरा लोधी गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जहां दूसरो से उम्मीदें खत्म होती है वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है।प्रधानमंत्री मोदी गरीबों,किसानों,वंचितों व शोषितों के मसीहा हैं। उप मुख्यमंत्री गुरुवार को सिद्धौर मंडल के बंभौरा लोधी गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार है जिसने गरीबों, किसानों, छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ चुनिंदा शहरों तक ही सीमित था। मगर प्रधानमंत्री मोदी ने देश के समग्र विकास बीड़ा उठाया है।कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश अपनी गौरवशाली विरासत पर गर्व कर रहा है।साथ ही लाल किले से गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति का ऐलान भी कर रहा है। कहा देश में कभी रामभक्तों पर लाठियां और गोलियां बरसाई जाती थी,मगर अब रामभक्तों पर पुष्प बरसाए जा रहे हैं।उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम,महाकाल लोक सहित अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जिक्र किया।कहा कि मोदी के सपनों का यह नया भारत है, जिसमे नारी शक्ति ,युवा शक्ति, किसान व गरीब कल्याण प्रधानमंत्री के विकास मॉडल के केंद्र बिंदु में है। उन्होंने मोदी सरकार की कई गरीब कल्याण योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भारी संख्या में मौजूद ग्रामीणों से ऐतिहासिक जीत दिलाने का आह्वान किया खाद्य एवम रसद राज्यमंत्री व विशिष्ट अतिथि सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित देश बन अवश्य बन जाएगा। श्री मौर्य ने पंचायत भवन स्थित मंदिर में आशीर्वाद लिया। उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया।लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने अतिथियों का स्वागत एवं विधायक दिनेश रावत ने आभार ज्ञापित किया।संचालन आशीष पाठक ने किया।इस अवसर पर जि.पं. अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, एमएलसी अंगद कुमार सिंह,पूर्व विधायक बैजनाथ रावत,अवधेश श्रीवास्तव,शशांक कुसुमेश,विजय आनंद बाजपेई,संदीप गुप्ता,प्रमोद तिवारी,भुल्लन वर्मा,डीएम सत्येंद्र कुमार झा एवं एसपी दिनेश कुमार सिंह व सीडीओ एकता सिंह मौजूद रहे।

आगामी लोकसभा चुनावो के लिए सपा ने सभी विधानसभाओ के बनाये गए प्रभारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू सभी विधानसभा क्षेत्रों मे निभाएंगे जिम्मेदारी, बूथ कार्यकर्ताओ मे भरेंगे जोश।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जन्मदिन पर 23 दिसंबर कार्यकर्ता सभी विधानसभाओ मे सपा करेगी किसानो से संबंधित कार्यक्रम।

बाराबंकी। आगामी लोकसभा चुनाव पार्टी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है इसीलिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जनपद की सभी विधानसभाओं के प्रत्येक बूथ को चुनाव से पहले सक्रिय और मजबूत करने की जिम्मेदारी आप सभी प्रदेश पदाधिकारियों को सौपी है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने गुरुवार को इंदिरा मार्केट स्थित जिला पार्टी कार्यालय पर जनपद मे निवास करने वाले पार्टी के सभी प्रदेश पदाधिकारियों को विभिन्न विधानसभाओं का प्रभारी नियुक्त कर सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए व्यक्त किये। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने विधानसभा 266 कुर्सी की जिम्मेदारी प्रदेश सचिव कुसुम लता रावत व पूर्व चेयरमैन नपाप हफीज भारती एवं प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य राजेंद्र प्रसाद वर्मा पप्पू को, विधानसभा 267 रामनगर की जिम्मेदारी प्रदेश सचिव लल्लन वर्मा और मोहम्मद असलम को, विधानसभा सदर 268 की जिम्मेदारी प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान को, विधानसभा 269 जैदपुर की जिम्मेदारी प्रदेश सचिव सरताज चौधरी डॉ विकास यादव एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद इजराइल को, विधानसभा 270 दरियाबाद की जिम्मेदारी प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य सूरज यादव गामा, सुरेश चंद्र गौतम एवं फरजान उस्मानी को, विधानसभा 272 हैदरगढ़ की जिम्मेदारी प्रदेश सचिव चौधरी अदनान को देने के साथ-साथ पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश यादव राजू को जहां कम वहां हम की भूमिका में रहते हुए जनपद की सभी विधानसभाओं के सभी बूथों पर कार्य करने की जिम्मेदारी सौपी है।

जिलाध्यक्ष ने सभी विधानसभा प्रभारियों कुछ जिम्मेदारी देने के उपरांत जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी लोगों को राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सीएम अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के दिशा निर्देश पर आवंटित विधानसभा में 100-100 कमजोर बूथों का चयन विधानसभा अध्यक्ष/ विधायक/ प्रभारी के साथ करते हुए उन बूथों का सत्यापन करते हुए उन्हें सक्रिय बनाने साथ साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए हर बूथ सभी समुदाय के सदस्यों से संपर्क करके पार्टी को मजबूती प्रदान करते हुए जन पंचायत आयोजित करनी है साथ ही समाजवादी पार्टी की नीतियों तथा पार्टी सरकार के कार्यकाल मे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी मुख्यमंत्री काल में जनहित में किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाते हुए, आगामी 23 दिसंबर स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर किसानों से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी भी आप ही के कंधों पर डाली है। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र सिंह आनंद, जिला महामंत्री हिमांशु यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, मोहम्मद सबाह, राजेश वर्मा, यसवंत सिंह यादव, प्रदुमन यादव, डॉक्टर आई के वर्मा, जिला सचिव रोहित यादव आदि प्रमुख पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

तेरहवीं संस्कार पर हुई पर्यावरण संरक्षण की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जनकल्याण किसान एसोशिएशन की मुहिम हो रही साकार

बाराबंकी।पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनकल्याण किसान एसोशिएशन द्वारा चलाई जा रही मुहिम अब साकार होती दिखने लगी है।जहाँ संगठन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव द्वारा जन्मदिन, मुंडन संस्कार, विवाह व तेरहवीं जैसे अवसरों पर उपहार स्वरूप एक पौधा रोपित करने की अपील की जाती है वहीं ऐसे शुभ अवसरों पर चेयरमैन द्वारा स्वयं एक एक पौधा भेंट कर उसे रोपित कराते हुए लोगों को जागरुक किया जा रहा है।संगठन की अपील से प्रेरित होकर विकासखंड देवा के ग्राम पंचायत मित्तई प्रधान मुनेश्वर प्रसाद यादव व आनंद यादव ने जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव की मौजूदगी में अपनी स्वर्गीया माता श्रीमती गिरिजा देवी के तेरहवीं संस्कार के अवसर पर आयोजित भजन संध्या में अपनी प्रस्तुति करने वाले प्रसिद्ध निर्गुण भजन गायक सहजराम खलीफा, बिहारी लाल यादव,पुत्तीलाल,राम पाल,देशराज,हनोमान प्रसाद,जगदीश प्रसाद को एक एक आम का पौधा भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में उपस्थित चेयरमैन श्री यादव ने पर्यावरण संरक्षण हेतु अन्य सभी लोगों से ऐसे अवसरों पर एक एक पौधा रोपित करने की अपील की।साथ ही सहजराम खलीफा ने ''पर्यावरण बचाना,सखी हो एक पेड़वा लगाना'',अपील स्वरुप गीत सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इसी के साथ ही कमलेश,राम कुंवर, सुभाष चंद्र,उजागर,सुनील, बउवा,मुन्ना यादव,राम प्रताप,राज करन, संतोष कुमार आदि ने भी अपने अपने मृदुलमयी स्वरों द्वारा निर्गुण भजनों की प्रतुति की। इस अवसर पर रामप्रकाश ,संतोष, कुलदीप, इंद्रसेन, आर्यन, अभिजीत, अंश यादव आदि ने पौध रोपण अपील को स्वीकार किया।

पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली, पांच गिरफ्तार

बाराबंकी। गुरुवार की भोर लोग सोकर उठे भी नहीं थे कि कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सूत मिल के पीछे ताबड़तोड़ फायरिंग की आवाज से सहम गए। बाद में पता चला कि मुठभेड़ पुलिस और बदमाशों के बीच हो रही थी जिसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए हैं। 5 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है तो लोगों ने राहत की सांस ली। जिले में चोरी की बढ़ती घटनाओं को दृष्टिगत रात्रि को क्राइम ब्रान्च व थाना कोतवाली नगर तथा थाना जहांगीराबाद संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सूतमिल फैक्ट्री के पीछे जंगल में छिपे है जो किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते है । जिस पर क्राइम ब्रांच व थाना कोतवाली नगर तथा थाना जहांगीराबाद संयुक्त टीम मौके पर पहंची तो पुलिस टीम को देखकर गिरफ्तारी से बचने के लिए बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई । पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग में दो बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गये। दोनों घायल बदमाशों मोतीलाल पुत्र स्व. राममनोहर निवासी टख्ता बदरौली थाना केसरगंज जनपद बहराइच, नन्हे उर्फ नान्ह पुत्र मोतीलाल निवासी मजहरा टोकली थाना केसरगंज जनपद बहराइच को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तथा उनके साथी राजितराम पुत्र परसादी पेशकार पुत्र मोतीलाल , हरिलाल पुत्र गंगू निवासीगण मजहरा टोकली थाना केसरगंज जनपद बहराइच को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य फरार एक बदमाश की पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही है । गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से 02 अदद तमंचा .315 बोर व 02 जिंदा, 03 खोखा कारतूस, चोरी करने के हथियार, 40 हजार 103 रूपये , 09 अदद सिक्के सफ़ेद धातु, 04 अदद गिलास सफ़ेद धातु,01 एक अदद चमम्च पीली धातु, 04 अदद मोबाइल फोन, तथा 2 आधार कार्ड बरामद किये गये । पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि आरम्भिक जांच से ज्ञात हुआ है कि अभियुक्त मोतीलाल पर नकबजनी व चोरी के दो दर्जन अभियोग एवं अभियुक्त नन्हे उर्फ नान्ह पर 10 अभियोग पंजीकृत हैं।

भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओ ने निन्दूरा ब्लाक परिसर मे शुरू किया धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सक्षम अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाई की मांग को लेकर शुरू किया धरना

बाराबंकी। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का निंदूरा ब्लॉक में चल रहा धरना अधिकारियों से वार्ता के बाद समाप्त कर दिया गया। ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान यादव द्वारा पूर्व में 6 दिसंबर को दिए गये ज्ञापन के संबंध मे निन्दूरा ब्लॉक परिसर में धरना प्रारंभ किया गया था जिस पर अधिकारियों से कल वार्ता नहीं बनी और किसानों से ब्लॉक परिसर में कर्मचारियों द्वारा अभद्रता की गई इसके विरोध में जिला प्रवक्ता सनत वर्मा व जिला उपाध्यक्ष सुधाकर वर्मा धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों से विचार विमर्श के उपरान्त कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जिला उपाध्यक्ष सुधाकर वर्मा ने कहा कि किसानों के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और जब तक अभद्रता करने वाले कर्मचारी धरना स्थल पर आकर माफी नहीं मांगते हैं तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा पूरे दिन भर ब्लॉक परिसर में अधिकारियों में अफरा तफरी मची रही। मण्डल उपाध्यक्ष जैसीराम वर्मा व तहसील अध्यक्ष मुकुंदी लाल भी दोपहर बाद धरना स्थल पर पहुंचे और सक्षम अधिकारियों से दी गई समस्याओं पर चर्चा करते हुए सहमति बनी कि आगामी 10 दिनों में समस्त समस्याओं को हल कर दिया जाएगा और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

चार वर्षीय अयान हुआ लापता एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस नही लगा सकी सुराग

बाराबंकी। बढ़ रहे अपराधों पर पुलिस लगाम लगाने में कहीं ना कहीं नाकाम साबित हो रही है।ऐसे में चोरी होने की घटनाएं और बच्चे लापता होने की भी घटनाएं लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। स्थानी लोगों का यह भी कहना है कि बच्चे चोरी करने वाला गिरोह जनपद में तेजी से सक्रिय हो रहा है।अभी कुछ दिन पहले ही आवास विकास में चोरी हुए बच्चे की अब तक कोई जानकारी नहीं लगा पाई है। वही सामने आए मामले में प्राप्त जानकारी अनुसार 14 दिसंबर को हैदरगढ़ निवासी शहनशाह वाल्मीकि अपने 4 वर्षीय बेटे अयान को साथ लेकर दवा लेने बाराबंकी आये थे। शहनशाह अपने बहनोई राजू वाल्मीकि के घर उज्जवल नगर कोठीडीह आवास विकास मिलने गये थे। इस दौरान बेटा 4 वर्षीय अयान घर से नजदीक के किराने की दुकान पर टॉफी लेने चला गया।आधे घण्टे के बाद जब अयान घर वापस नही आया तो अयान के पिता और घर के लोग ढूंढने गये किन्तु बहुत खोजने के बाद भी अयान नहीं मिला। जिसकी रिपोर्ट नगर कोतवाली बाराबंकी में दर्ज कराई गई। 7 दिन पश्चात भी स्थानीय पुलिस द्वारा बच्चे का पता नही लगाया जा सका। घटना से वाल्मीकि समाज में चिंता / आक्रोश व्याप्त है। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है की लापता बच्चे अयान की तलाश गहन स्तर पर कराई जाये। वाल्मीकि महासभा घटना को लेकर 27 दिसंबर को अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के लिए बाध्य होगी।

पक्की दीवार तोड़ने का लगाया आरोप,केस दर्ज

बाराबंकी। चाहरदीवारी तोड़ने से रोकने पर लाठी डंडा लेकर दौड़ाया।घर में घुस जाने पर पत्थर फेंकने का आरोप है।पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।असंद्रा थाना क्षेत्र के पूरे समधी मजरे टिकरा निवासी अरुण कुमार शुक्ल पुत्र जगदीश प्रसाद ने असंद्रा पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके घर के सामने उत्तर तरफ करीब 15 वर्ष पुरानी लगभग 6 फिट ऊंची पक्की दीवाल निर्मित थी।जिसके बगल विपक्षी खंडहर में अपने जानवर बांधते है।बुधवार की बीती रात लगभग 1 बजे विपक्षी गांव के सोमेश्वर प्रसाद,लक्ष्मी प्रसाद,पुत्रगण मेडीलाल व सोमेश्वर की पत्नी राज कुमारी समेत दो अन्य लोगो के साथ मिलकर दीवाल तोड़ डाला।मना करने पर ईंट गुम्मो से हमलावर हो गए।शोरगुल सुनकर बचाव करने दौड़े राजेश कुमार,रज्जन लाल घटना के प्रत्यक्ष दर्शी है।भुक्तभोगी ने रात में क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट व डायल 112 को सूचना दिया।विपक्षियो ने दीवाल तोड़कर मलबे को मिट्टी से दबा दिया।इस संबंध में असंद्रा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ आयोजन

रामनगर बाराबंकी। कस्बा रामनगर के मोहल्ला धमेड़ी मे ओम प्रकाश अवस्थी के आवास पर सात दिवसीय श्री मदभागवत कथा का आयोजन हो रहा है कथा व्यास पंडित वेदप्रकाश बाचपेई जी महाराज बड़ी छावनी श्री धाम अयोध्या जी के मुखारविंद से चल रही है आज कथा मे राजा परीछित की कथा का कराया रशपान आस पास के श्रोताओं ने कथा सुनकर अपने जीवन को धन्य बनाया दिनांक 26दिसम्बर को पूण आहूत के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा । कार्यक्रम को सफल बनाने मे सरला देवी रमा शंकर अवस्थी, लक्ष्मी शंकर अवस्थी,अनिल अवस्थी, लालू,अमन,अभय,बल्ल बाबा,परिमल अवस्थी आदि की अहम भूमिका निभाई जा रही है ।

राज्य स्तरीय भू माफिया संजय सिंघला गैंग के सदस्य को गाली गलौज करने मे एक वर्ष की हुई सजा

बाराबंकी। ऑपरेशन कन्वैक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा महिला के साथ गाली-गलौज करने की घटना से सम्बन्धित भूमाफिया संजय सिंघला गिरोह के सदस्य/अभियुक्त अन्तिम शुक्ला को 01 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया। पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए।

बिजली विभाग के खिलाफ किसानों ने खोला मोर्चा

रामनगर बाराबंकी । आज दूसरे दिन भी भारतीय किसान यूनियन भदौरिया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय ठाकुर हाकिम सिंह भदौरिया के निर्देशानुसार बिजली विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की भ्रष्टाचारियों के विरोध में जिला अध्यक्ष बाराबकी रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में रामनगर पावर हाउस पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है जिसमें विशेष रूप से मंडल उपाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला सचिव देवनारायण त्रिवेदी ,तहसील अध्यक्ष रामनगर अशोक कुमार साहनी, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर गुलजार हुसैन, तहसील अध्यक्ष सिरौली गौसपुर संदीप कुमार, तहसील अध्यक्ष फतेहपुर उमेश यादव, उमेश,अरविंद,महेश दीक्षित , अवधेश यादव ,देवकीनंदन ,अजय सिंह, छोटकाऊ,धीरज सिंह,रंजीत, हुकम सिंह ,आनंद सिंह, शिवकुमारी, पूनम, संगीता,रेनू देवी,फुलझारा श्रीमती,आदि संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

केंद्रीय बोर्ड की परीक्षा में हैदरगढ़ के यशवंत ने रचा इतिहास

हैदरगढ़ के लाल ने शीर्ष विद्यार्थियों में पाया स्थान, हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सीनियर योग्यता अथवा सीबीएसई बोर्ड की इंटर परीक्षा 2023 में हैदरगढ़ के लाल यशवंत प्रताप सिंह ने 1.5% शीर्ष विद्यार्थी में स्थान पाकर इतिहास रच दिया ।इस दौरान उपरोक्त सफलता हासिल करने पर यशवंत का हैदरगढ़ में भव्य स्वागत किया गया। यशवंत प्रताप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। हैदरगढ़ की बेटी हिमांशी तिवारी ने अभी शिक्षा उड़ान के बलबूते जापान की यात्रा करके जहां क्षेत्र व बाराबंकी जनपद का मान बढ़ाया था। वही हैदरगढ़ के लाल यशवंत प्रताप सिंह ने भी शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर दिया। हैदरगढ़ के ग्राम गोतौना के निवासी हरि बहादुर सिंह ''बब्बू'' के पुत्र यशवंत प्रताप सिंह ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सीनियर स्कूल की परीक्षा 2023 में 1.5% शीर्ष विद्यार्थियों के बीच स्थान पाकर इतिहास रच दिया। केंद्रीय विद्यालय बीएचईएल जगदीशपुर के छात्र यशवंत ने इंटर की सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में जो उपलब्धि हासिल की है। उसे जान व सुनकर क्षेत्र के तमाम लोग खुशी से झूम उठे। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय बीएचईएल जगदीशपुर के प्रिंसिपल अंबरीश कुमार गुप्ता ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त निधि पांडे के द्वारा जारी प्रमाण पत्र से यशवंत को सम्मानित किया। जबकि उत्साह वर्धन स्वरूप 10000 रुपए की इनाम राशि भी प्रतिभावान छात्र यशवंत को प्रदान की गई।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में शीर्ष 1.5%विद्यार्थियों के बीच अव्वल स्थान लाने वाले यशवंत प्रताप सिंह का आज हैदरगढ़ नगर में भव्य स्वागत किया गया। प्रतिभावान छात्र को सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। जबकि अन्य तमाम नागरिकों ने भी यशवंत को बधाई दी। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राजू भैया ने कहा कि यह हैदरगढ़ के लिए गौरव की बात है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 2023 की इंटर की परीक्षा में यशवंत प्रताप सिंह ने अव्वल स्थान लाकर हैदरगढ़ क्षेत्र का मान बढ़ाया है।जो कि अत्यंत सराहनीय है।उन्होंने कहा कि यशवंत प्रताप सिंह की इस सफलता से अन्य तमाम छात्र- छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी । यशवंत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। व्यापारी नेता महादेव शुक्ल एवं मेराज अहमद ने कहा कि यशवंत ने दिखा दिया कि यदि लगन हो तो कोई भी सफलता हासिल की जा सकती है। किसान नेता व पूर्व सभासद रईस राईन ने भी यशवंत प्रताप सिंह को दिली मुबारकबाद दी। बेटे की सफलता से गदगद हरि बहादुर सिंह बब्बू ने कहा कि यशवंत प्रताप सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में उपरोक्त सफलता हासिल करके परिवार एवं क्षेत्र तथा जनपद का गौरव बढ़ाया है। यह सब ईश्वर एवं बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद का प्रतिफल है । पूर्व सैनिक राज किशोर तिवारी ने कहा कि यशवंत प्रताप सिंह की सफलता तमाम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का प्रतीक है।स्वागत के दौरान सभी ने यशवंत प्रताप सिंह का मुंह मीठा कराया एवं उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिवकुमार साहू, अब्दुल गफ्फार ,गौरीश अवस्थी ,मोहम्मद अशरफ, राजन कुमार, अयोध्या शुक्ला, अनिल कुमार सोनी, हरिराम वैश्य ,हरिशंकर श्रीवास्तव, शिवकुमार गुप्ता, नीरज अग्रवाल, प्रलयंकर मंडल के अध्यक्ष पवन सिंह ,वीर बहादुर सिंह, एसपी सिंह, वैभव सिंह, प्रकाश सिंह, रोहित सिंह, प्रदीप कुमार सिंह ,अतुल शुक्ला, श्रीकांत, सतीश मिश्रा गुड्डू सिंह आदि तमाम नागरिकों व क्षेत्र वासियों ने यशवंत की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

वार्षिकी: भारतीय एथलीटों के लिए शानदार रहा वर्ष

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय खेलों के लिए वर्ष 2023 काफी महत्वपूर्ण रहा, इस वर्ष जहां भारतीय खिलाड़ियों ने कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में शानदार प्रदर्शन किया, वहीं, देश ने भी आईसीसी विश्व कप क्रिकेट सहित कई बड़े आयोजनों की मेजबानी की। एशियाई खेलों में भारत ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 28 स्वर्ण पदक सहित 107 पदक जीते: भारत ने चीन के हांगझू में आयोजित एशियाई खेलों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए कुल 107 पदक (28 स्वर्ण, 38 रजत, 41 कांस्य पदक) जीते। भारतीय दल ने 2018 संस्करण में देश के 70 पदकों के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। विशेष रूप से, एथलेटिक्स ने 29 पदकों का योगदान दिया, जबकि तीरंदाजी और निशानेबाजी ने क्रमशः 9 और 22 पदकों का योगदान दिया। एशियाई पैरा खेलों में 29 स्वर्ण पदक सहित 111 पदकों के साथ भारतीय दल की ऐतिहासिक जीतः एशियाई खेलों में सफलता के बाद एशियाई पैरा खेलों में भारतीय दल की जीत हुई, जो पिछले सभी रिकॉर्डों को पार करते हुए 29 स्वर्ण पदकों

भारत ने की कई बड़े टूर्नामेंटो की सफल मेजबानी

सहित ऐतिहासिक 111 पदकों के साथ समाप्त हुई। भारत के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि एथलेटिक्स से आई, जिसमें भारतीय दल ने 18 स्वर्ण पदक सहित 55 पदक हासिल किए। विश्व एथलेटिक चैम्पियनशिप में भारतीय एथलीटों का असाधारण प्रदर्शनः अगस्त, 2023 में भारतीय एथलीटों ने असाधारण प्रदर्शन किया, जिसमें नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। भारतीय 4ड्ड400 मीटर रिले टीम ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, फाइनल में 5वें स्थान पर रही और फाइनल तक पहुंचते-पहुंचते एशियाई रिकॉर्ड तोड़ दिया। शतरंज में, ग्रैंडमास्टर आर. प्रगनानंदा विश्व नंबर-1, मैग्नस कार्लसन के खिलाफ एक अच्छी लड़ाई के बाद फीडे विश्व कप में दूसरे स्थान पर रहे। सात्विकसाईराज रेड्डी और

चिराग शेट्टी प्रतिष्ठित स्विस ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गईं। इसके अलावा, भारत के भोपाल में आयोजित आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप 2023 में मेजबान टीम ने 7 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत, 5 कांस्य) जीते और समग्र पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रही। 2023 में भारत द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमः भारत ने इस साल कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेलों की सफलतापूर्वक मेजबानी भी की। ओडिशा ने एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2023, भुवनेश्वर-राउरकेला की मेजबानी की। विश्व कप 13 जनवरी 2023 को शुरू हुआ और फाइनल 29 जनवरी 2023 को खेला गया। जर्मनी ने टूर्नामेंट जीता और बेल्जियम ने रजत पदक जीता। इसके अलावा पहली मोटोजीपी भारत का आयोजन बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट, नोएडा में किया गया था। मोटोजीपी दुनिया का शीर्ष स्तरीय मोटरसाइकिल रोड रेसिंग इवेंट है, जहां 11 टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले 22 सवारों ने प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा की, जिसमें इटली के मार्जो बेज़ेची ने उद्घाटन मोटोजीपी भारत खिताब जीता। भारत ने 23 मार्च के दौरान नई दिल्ली में आयोजित आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 की मेजबानी की, जहां भारतीय महिला मुक्केबाजों (लवलीना बोरगोहेन, निखत ज़रीन, नीतू घनघास और स्वीटी बूरा) ने विभिन्न भार श्रेणियों में 4 स्वर्ण पदक जीते, और भारत को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ टीम का ताज पहनाया गया। इसके अलावा भारत ने आईसीसी विश्व कप 2023 की सफलतापूर्वक मेजबानी की। यह टूर्नामेंट पांच अक्तूबर से 19 नवंबर के दौरान 46 दिनों तक चला, इस दौरान 10 टीमों के बीच 48 मुकाबले खेले गए। टूर्नामेंट के मैच 10 शहरों अहमदाबाद, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, लखनऊ और धर्मशाला में खेला गया। टूर्नामेंट में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन रहा और उसने लगातार 10 मैचों में जीत हासिल की। हालांकि भारतीय टीम को खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। गोवा में राष्ट्रीय खेलों का सफलतापूर्वक आयोजनः 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन 26 अक्टूबर 2023 को गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। इस संस्करण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 10,000 से अधिक खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की भागीदारी के साथ एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित किया। महाराष्ट्र 228 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है, उसके बाद सर्विसेज और हरियाणा का स्थान है। राष्ट्रीय खेल दिवस 2023 भारत सरकार के मंत्रालयों और विभागों, राज्य सरकारों, विदेश में भारतीय मिशनों, शैक्षणिक संस्थानों आदि सहित विभिन्न हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के साथ पूरे देश में मनाया गया। इस विभाग द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण पहल शुरू की गईं। राष्ट्रीय खेल दिवस में फिट इंडिया क्विज़ के तीसरे संस्करण का शुभारंभ, दो पोर्टल, एक राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए और दूसरा खेलो इंडिया बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए शामिल है। खेलो इंडिया योजना के तहत आयोजित कार्यक्रमः प्रतिभा की पहचान करने और युवा और महत्वाकांक्षी पैरा एथलीटों को चमकने का अवसर देने की दृष्टि से, पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स 10 दिसंबर से 17 दिसंबर, 2023 तक दिल्ली में आयोजित किए गए। हरियाणा कुल 105 पदकों के साथ पहले स्थान पर रहा। उत्तर प्रदेश दूसरे और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहा। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2022 का तीसरा संस्करण 25 मई से 3 जून, 2023 तक उत्तर प्रदेश में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस आयोजन में देश भर के 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के लगभग 4700 एथलीटों ने भाग लिया। पंजाब विश्वविद्यालय 26 स्वर्ण पदक सहित 69 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा, उसके बाद गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर और जैन विश्वविद्यालय, कर्नाटक रहे।

अल्टीमेट खो-खो लीग : गुजरात जायंट्स ने अक्षय भांगरे को बनाया अपना कप्तान

एजेंसी

कटक। अल्टीमेट खो-खो लीग का बहुप्रतीक्षित दूसरा सीज़न नजदीक है, और गुजरात जायंट्स ने अपने कप्तान और उप-कप्तान की घोषणा कर दी है। दूसरा सीज़न 24 दिसंबर, 2023 को कटक में शुरू होगा, जिसका फाइनल 13 जनवरी, 2024 को होगा। गुजरात जायंट्स 25 दिसंबर को राजस्थान वॉरियर्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स की कमान मुंबई के अक्षय भांगरे संभालेंगे। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी का अल्टीमेट खो-खो लीग में पहला प्रवेश होगा। पांचवीं कक्षा से खेलना शुरू करने वाले अक्षय, जो एक डिफेंडर हैं, ने सीनियर और जूनियर स्तर पर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने महाराष्ट्र की सीनियर टीम और भारतीय खो-खो टीम की भी कप्तानी की है। पट्टा नरसैया को उप-कप्तान की जिम्मेदारी दी गई है, और वह अक्षय को टीम के लिए रणनीति बनाने और योजना बनाने में मदद करेंगे। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम के 28 वर्षीय खिलाड़ी अल्टीमेट खो-खो लीग में अपना दूसरा सीज़न खेलेंगे। बेहद आक्रामक स्वभाव वाले पट्टा खो-खो खिलाड़ियों प्रसन्ना कुमार और अमित पाटिल के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और उन्होंने उनकी राज्य टीम की कप्तानी भी की है। जब टीम ने टेस्ट श्रृंखला में नेपाल का सामना किया तो पट्टा ने भी भारतीय रंग धारण किया। गुजरात जायंट्स द्वारा बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कप्तान अक्षय भांगरे ने कहा, अल्टीमेट खो खो लीग में यह मेरा पहला सीज़न है, और मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि गुजरात जायंट्स ने कप्तानी के मामले में मुझ पर भरोसा किया है।

हॉकी इंडिया ने कृष्ण पाठक, सुशीला चानू, शिवेंद्र सिंह और विनीत कुमार शर्मा को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर दी बधाई

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने कृष्ण बहादुर पाठक, सुशीला चानू पुखरामबम, शिवेंद्र सिंह और विनीत कुमार शर्मा को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित होने पर बधाई दी है। कृष्ण बहादुर पाठक और सुशीला चानू पुखरामबम को 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जबकि शिवेंद्र सिंह को 2023 में उत्कृष्ट कोचिंग के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, पूर्व भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी विनीत कुमार शर्मा को भी सम्मानित किया गया है। शर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट 2023 के लिए ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अपने असाधारण गोलकीपिंग कौशल के

लिए जाने जाने वाले कृष्ण बहादुर पाठक मैदान पर अटूट समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए भारतीय हॉकी टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। उत्कृष्टता की उनकी निरंतर खोज ने उन्हें प्रशंसकों और साथियों की समान रूप से प्रशंसा अर्जित की है। पाठक ने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में भारत के विजयी अभियान में प्रमुख भूमिका निभाई। महिला हॉकी सर्किट की दिग्गज खिलाड़ी सुशीला चानू पुखरामबम ने एक मजबूत रक्षक के रूप में लगातार अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। उनके नेतृत्व गुणों और अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें देश भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए एक आदर्श बना दिया है। 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कैप हासिल करने वाली अनुभवी सुशीला ने टोक्यो ओलंपिक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने जापान के खिलाफ विजयी गोल भी किया, जिसने इस साल की शुरुआत में हांग्जो एशियाई खेलों में भारत को कांस्य पदक दिलाया। इस बीच, भारतीय हॉकी में एक सम्मानित नाम, शिवेंद्र सिंह ने एक शानदार खिलाड़ी से भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोचिंग स्टाफ तक एक प्रभावशाली यात्रा की है। खेल में उनकी यात्रा उनके अटूट समर्पण, खेल की गहरी समझ और हॉकी के प्रति गहरे जुनून का प्रमाण है। एक खिलाड़ी के रूप में भारतीय हॉकी परिदृश्य का अभिन्न अंग रहे शिवेंद्र अपनी कोचिंग भूमिका में अमूल्य अनुभव और अंतर्दृष्टि लेकर आते हैं।

दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग 10 जनवरी से, शास्त्री करेंगे कमेंट्री

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच और मशहूर कमेंटेटर रवि शास्त्री को 10 जनवरी से शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग (एसए20) के लिए कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। आयोजकों की विज्ञप्ति के अनुसार शास्त्री के अलावा इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड, केविन पीटरसन और मार्क बूचर, दक्षिण अफ्रीका के एबी डी विलियर्स, शॉन पोलाक और क्रिस मॉरिस भी कमेंट्री पैनल का हिस्सा हैं। एसए20 लीग के आयुक्त ग्रीम स्मिथ ने कहा, ''हम एसए20 के दूसरे सत्र के लिए मौजूद कमेंटेटरों और प्रस्तोताओं की क्षमता से रोमांचित है। लीग हमारी कहानी बयां करने के लिए माइक्रोफोन के पीछे विश्वसनीय आवाजों के महत्व को समझती है। एसए20 लीग का आयोजन 10 जनवरी से 10 फरवरी के बीच किया जाएगा तथा भारत में इसका प्रसारण जिओ सिनेमा और स्पोर्ट्स18 पर होगा।

ऑस्ट्रेलिया टेस्ट दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित, सात अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल

सेंट जॉन्स। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने अपने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 15 खिलाड़ियों के टीम की घोषणा कर दी है। टीम में सात अनकैप्ड खिलाड़ियों बल्लेबाज ज़ाचरी मैक्कास्की, विकेटकीपर टेविन इमलाच, ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, केविन सिंक्लेयर, तेज गेंदबाज अकीम जॉर्डन और शमर जोसेफ शामिल हैं। क्रैग ब्रैथवेट को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को ब्रैथवेट के डिप्टी के रूप में नामित किया गया है। श्रृंखला, जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र का हिस्सा है, में दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में इस साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ ड्रॉ और हार के बाद वेस्टइंडीज फिलहाल छठे स्थान पर है। अपने प्रमुख खिलाड़ियों

की गैरमौजूदगी के बाद भी मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स का मानना है कि चुनी गई टीम ऑस्ट्रेलिया में अच्छे ब्रांड की क्रिकेट खेलने में सक्षम है। हेन्स ने सीडब्ल्यूआई के एक बयान में कहा, ''कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपलब्धता से टीम प्रभावित हुई है। हालांकि, हमने पिछले साल से एक बहुत मजबूत रेड-बॉल कार्यक्रम चलाया है, जिसने पूरे क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिभाओं को उजागर किया है। हेन्स ने कहा, ''चयनित खिलाड़ियों ने उन्हें दिए गए प्रत्येक टेस्ट को पास कर लिया है और अब उन्हें टेस्ट क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर दिया जाना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया से बाहर हमेशा एक चुनौती होती है, लेकिन हमें अपनी टीम पर भरोसा है। प्रतिष्ठित फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 17 जनवरी को एडिलेड में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट मुकाबला 25 जनवरी को ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज टेस्ट टीमः क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), तेग नारायन चंद्रपॉल, किर्क मैकेंजी, एलिक अथानाजे, केवम हॉज, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ डासिल्वा, अकीम जॉर्डन, गुडाकेश मोती, केमार रोच, केविन सिंक्लेयर, टेविन इमलाच, शमर जोसेफ, ज़ाचरी मैक्कास्की।

इंटर मियामी की तरफ से कम से कम छह मैचों में नहीं खेल पाएंगे लियोनेल मेसी

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ व्यस्त होने के कारण मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी की तरफ से कम से कम छह मैचों में नहीं खेल पाएंगे। मेसी का यह इंटर मियामी में पहला पूर्ण सत्र होगा। मियामी अमेरिका की शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता मेजर लीग सॉकर में अपने अभियान की शुरुआत 21 फरवरी को रियल साल्ट लेक के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर करेगा। मेजर लीग सॉकर ने बुधवार को अगले सत्र के लिए कार्यक्रम घोषित किया। इसके अनुसार प्रत्येक टीम 34 मैच खेलेगी। विश्व की अधिकतर फुटबॉल लीग फीफा के कार्यक्रम के दौरान अपने मैचों का आयोजन नहीं करती हैं लेकिन मेजर लीग सॉकर ने अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान भी लीग को जारी रखने का

फैसला किया है। इससे कई शीर्ष खिलाड़ी अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ व्यस्त होने के कारण इस प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे। इन खिलाड़ियों में मेसी भी शामिल हैं।

मेसी मियामी के रियल बुल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले मैच के दौरान अर्जेंटीना की टीम के साथ हो सकते हैं। इसके अलावा वह फिलाडेल्फिया (15 जून), कोलंबस (19 जून), नैशविले (29 जून), चार्लोट (3 जुलाई) और सिनसिनाटी में (6 जुलाई) के खिलाफ भी मैच नहीं खेल पाएंगे।

संक्षिप्त समाचार

कृषि श्रमिकों के लिए महंगाई दर नवंबर में बढ़कर 7.37 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। चावल, गेहूं का आटा, दाल जैसे खाने का समान महंगा होने से कृषि श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर 7.37 प्रतिशत हो गई। वहीं ग्रामीण श्रमिकों के लिए यह 7.13 प्रतिशत रही। अक्टूबर में कृषि श्रमिकों की खुदरा मुद्रास्फीति 7.08 प्रतिशत और ग्रामीण श्रमिकों की खुदरा मुद्रास्फीति 6.92 प्रतिशत थी। श्रम मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खाद्य मुद्रास्फीति नवंबर में क्रमशः 9.38 प्रतिशत और 9.14 प्रतिशत रही, जबकि अक्टूबर, 2023 में यह क्रमशः 8.42 प्रतिशत तथा 8.18 प्रतिशत थी। कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खाद्य मुद्रास्फीति नवंबर, 2022 में क्रमशः 6.19 प्रतिशत और 6.05 प्रतिशत दर्ज की गई थी। बयान के अनुसार, सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक) और सीपीआई-आरएल (ग्रामीण श्रमिक) पर आधारित मुद्रास्फीति की दर इस साल नवंबर में क्रमशः 7.37 प्रतिशत और 7.13 प्रतिशत रही। अक्टूबर, 2023 में यह क्रमशः 7.08 प्रतिशत और 6.92 प्रतिशत थी। इस साल नवंबर में कृषि श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 12 अंक बढ़कर 1,253 अंक हो गया, जबकि ग्रामीण श्रमिकों के लिए यह 11 अंक बढ़कर 1,262 अंक रहा। इस साल अक्टूबर में दोनों सूचकांक क्रमशः 1,241 अंक और 1,251 अंक थे। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण श्रमिकों के सामान्य सूचकांक में वृद्धि में प्रमुख योगदान क्रमशः 10.85 और 10.50 अंक की सीमा तक खाद्य पदार्थों का रहा।

कोरोना काल में जागरूकता बढ़ने से मिली आर्गेनिक खाद्य बाजार को मजबूती : सर्वे

लखनऊ। अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाले कोरोना काल में भारत में बढ़ी जागरूकता के कारण आर्गेनिक खाद्य बाजार को काफी बढ़ावा मिला और अब यह करीब 22 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ रहा है। कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑर्गेनिक फूड प्रोडयूसर्स एंड मार्केटिंग एजेंसीज (सीओआईआई) के एक सर्वे में यह तथ्य सामने आया है। सर्वे के मुताबिक, कोविड-19 महामारी ने हालांकि अर्थव्यवस्था और रोजगार समेत लगभग सभी क्षेत्रों को बहुत बुरी तरह प्रभावित किया है, लेकिन स्वास्थ्य और प्रतिरोधक क्षमता को और मजबूत करने के प्रति लोगों की जागरूकता में खासी वृद्धि होने के कारण इसने आर्गेनिक खाद्य उत्पाद क्षेत्र को अप्रत्याशित बढ़ावा दिया है। सीओआईआई के अध्यक्ष डी. एस. रावत ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आर्गेनिक खाद्य क्षेत्र जहां कोरोना काल से पहले 14-15 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा था, वह अब 22 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सीओआईआई ने मध्यम वर्ग के 1,500 लोगों पर एक ऑनलाइन सर्वे किया है जिसमें 76 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया है कि कोविड-19 महामारी ने स्थानीय स्तर पर पर्यावरण के अनुकूल तरीके से उगाये गये खाद्य उत्पादों की तरफ लोगों का रुझान बढ़ाया है। इसकी वजह से आर्गेनिक खाद्य उत्पादों की मांग में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस वक्त भारत का आर्गेनिक खाद्य बाजार 160 करोड़ डॉलर का है और 21.19 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से वर्ष 2032 तक इसके 892 करोड़ डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में पाया गया है कि उच्च मध्यम वर्ग के ज्यादातर उपभोक्ता अपनी सेहत और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के साधन के तौर पर आर्गेनिक खाद्य उत्पादों को अपना रहे हैं। रावत ने कहा कि आर्गेनिक खेती के कुल रकबे में किसी खास उत्पाद के पर्याप्त उत्पादन के अभाव के चलते इन उत्पादों की आर्थिक व्यवहार्यता को लेकर गंभीर समस्या हो रही है। सर्वे के दायरे में लिये गये 500 से ज्यादा उत्तरदाताओं ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारों की नीतियों में इस बात पर खास ध्यान दिया जाना चाहिये कि आर्गेनिक खेती करने वाले किसानों के लिये आर्गेनिक खाद पैदा करने के मकसद से सीवेज समेत सभी तरह के जैव अपघटनीय अपशिष्ट पदार्थों की रीसाइक्लिंग की जाए।

कल्याणी स्टील्स के मुख्य वित्त अधिकारी बाल मुकुंद माहेश्वरी का इस्तीफा

नयी दिल्ली। कल्याणी स्टील्स के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) बाल मुकुंद माहेश्वरी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। माहेश्वरी ने अपने इस्तीफ़े में लिखा है कि वह अपने करियर को दूसरी दिशा में ले जाना चाहते हैं। कल्याणी स्टील्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि माहेश्वरी एक अप्रैल, 2024 दिन सोमवार को कारोबारी समय समाप्त होने के बाद कंपनी की सेवा में नहीं रहेंगे। लगभग तीन अरब डॉलर के कल्याणी समूह की इकाई कल्याणी स्टील्स ब्लास्ट फर्नेस माध्यम का उपयोग करके फोर्जिंग और इंजीनियरिंग गुणवत्ता वाले कार्बन और मिश्र धातु इस्पात की अग्रणी विनिर्माता है।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का भाव 79.54 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74.05 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है,

जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन कारोबार की शुरुआत ब्रेंड क्रूड 0.16 डॉलर यानी 0.20 फीसदी की गिरावट के साथ 79.54 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.17 डॉलर यानी 0.23 फीसदी की लुढ़क कर 74.05 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

आतिथ्य क्षेत्र 2023 में पटरी पर लौटा 2024 में नए अवसर भुनाने की उम्मीद

एजेंसी

नई दिल्ली। वैश्विक महामारी का संकट खत्म होने के बाद घरेलू यात्राओं के एक बार फिर सामान्य होने.. भारत की जी20 अध्यक्षता और पुरुष क्रिकेट विश्व कप जैसे वैश्विक आयोजनों से 2023 में आतिथ्य क्षेत्र के प्रगति करने के बाद 2024 में भी इस क्षेत्र के बेहतरीन प्रदर्शन करने की उम्मीद है। आतिथ्य क्षेत्र में नए साल में हालांकि दीर्घकालिक कोष पहुंच, उच्च जीएसटी दरें, प्रतिभा अधिग्रहण तथा जटिल व्यावसायिक प्रक्रिया जैसे मुद्दे चिंता का विषय बन सकते हैं। होटल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष पुनीत छतवाल ने कहा, '' 2023 में सूचीबद्ध होटल कंपनियों ने घरेलू मांग, विदेशी पर्यटकों के आगमन में सुधार, बड़े वैश्विक आयोजनों जैसे भारत की जी20 अध्यक्षता और क्रिकेट विश्व कप खेल

आयोजन आदि के दम पर दोहरे अंकों में राजस्व वृद्धि दर्ज की।'' छतवाल इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भी हैं। उन्होंने कहा कि विश्लेषकों के अनुमान के अनुसार, इस क्षेत्र ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में राजस्व प्रति उपलब्ध कक्ष (रेवपार) में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसके वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 15-20 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। 'फ़ेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (एफएचआरएआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि पिछले वर्ष ने अभूतपूर्व चुनौतियों से निपटने में इस क्षेत्र के लचीलेपन को प्रदर्शित किया, खासकर यात्रा व्यापार के पुनरुद्धार को लेकर .. जी20 के आयोजनों ने भारतीय पर्यटन क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जो 2023 के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक है। फॉर्च्यून होटल्स के प्रबंध निदेशक समीर एमसी ने कहा, '' हम छोटे कस्बों और शहरों में बड़े पैमाने पर संभावनाएं देखते हैं जो रोमांचक अवसर पेश करते हैं। समीर ने कहा, '' हमने 2023 में पर्यटन क्षेत्र में एक उल्लेखनीय पुनरुत्थान देखा है, जो घरेलू यात्रा तथा अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों की क्रमिक वापसी के दम पर संभव हो पाया। वैश्विक महामारी के बाद उद्योग को भविष्य में पेश होने वाली हर चुनौती के लिए तैयार कर दिया गया है। यह सकारात्मक गति हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

प्रेस और पत्रिका रजिस्ट्रीकरण विधेयक लोकसभा में पारित

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा ने अखबार, पत्रिका आदि निकालने वाले लोगों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने वाले 'प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण विधेयक 2023' को गुरुवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस विधेयक को राज्यसभा मानसून सत्र में ही पारित कर चुकी है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ने प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण विधेयक 2023 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि पंजीकरण के लिए लोगों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ते थे और जिला अधिकारी की अनुमति का इंतजार करना पड़ता था लेकिन अब इसे आसान बना दिया गया है और जो बेवजह की बाधाएं इसमें थीं उन सभी कानूनों को हटा दिया गया है। अब ऑनलाइन घोषणा पत्र के माध्यम से अखबार निकालने के इच्छुक लोग आरएनआई का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद् मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में पुराने संसद भवन हो या नया संसद भवन हो इनमें गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल कर नए भारत के लिए नए कानून बनाने का जो शानदार काम हुआ है, इसके लिए वह प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहते हैं। अगर किसी पत्रिका या पत्र को दो साल तक नहीं चलाया जाता है तो उसे इसे कैंसिल किया जा सकता है। इसी तरह से यदि एक ही नाम से दो राज्यों में समाचार पत्र चल रहे हैं तो उनको एक ही जगह चलाने का आरएनआई आदेश दे सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकारों को भी पत्रकारों की मदद करनी चाहिए। कोविड के समय पीड़ित परिजनों को पांच लाख रुपए की मदद दी गई थी। सरकार ने नयी व्यवस्था में पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन को सालाना विवरण अपने घर से ही ऑन लाइन कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। श्री ठाकुर ने कहा कि यह मूल कानून 1867 का है और उस समय 1867 में भारत गुलाम था और अंग्रेजों की मानसिकता थी कि प्रेस को भी कहीं न कहीं अपने हाथ में रखें। यहां तक कि उनके

लिए पंजीकरण करना भी अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती थी। प्रिंटिंग प्रेस लगाना या प्रकाशन करना, ये अपने आप में बहुत बड़ी बात थी। इसमें जिला मजिस्ट्रेट की बहुत बड़ी भूमिका होती थी और एक बड़ा जटिल तंत्र था। इसको 8 चरणों में किया जाता था। जिला मजिस्ट्रेट के पास पहले जाकर आप पंजीकरण का आवेदन दो फिर वहां फाइल को आगे बढाने में कई महीने लगते थे। उसके बाद उसको दिल्ली में भारत के समाचारपत्र पंजीकार के पास लेकर आओ, फिर उसके चक्कर काटो। इस काम के लिए लगभग आठ चरण पार करने पड़ते थे। नये कानून में अब दो-तीन साल नहीं लगेंगे बल्कि केवल दो महीने के अंदर आपको अपना समाचार पत्र हो या पत्रिका हो उसकी अनुमति मिल जाएगी। ये सरल और स्मार्ट भी है और समानांतर भी है। उन्होंने कहा, पहले जिला मजिस्ट्रेट के पास रजिस्टर करना पड़ता और फिर भारत के समाचारपत्र पंजीकार के पास करना पड़ता था। अब ऐसा नहीं है। अब जिला मजिस्ट्रेट के पास भी और आरएनआई के पास भी एक ही समय पर पंजीकरण किया जा सकेगा। यदि किसी आवेदन पर जिला मजिस्ट्रेट 60 दिन में जवाब नहीं देता है तो 60 दिन के बाद आरएनआई ही अनुमति दे देगा। इससे बहुत बड़ी सुविधा मिलने वाली है। हमने पिछले दो दिनों में भी देखा कि कैसे अंग्रेजों के समय के कानूनों और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाने का काम किया गया। नए भारत के लिए नए कानून भी मिले और इस सदन ने सर्वसम्मति से उन विधेयकों को पारित भी किया। चाहे वो भारतीय न्याय संहिता हो या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता हो, दूरसंचार विधेयक हो। श्री ठाकुर ने कहा कि ऐसे अन्य विधेयक जो अब अगले कई सैकड़ों वर्षों के लिए भारत के काम आएंगे। उसी दिशा में आज प्रेस एवं पत्र पंजीकरण विधेयक 2023 लाया गया है। इस विधेयक के माध्यम से गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलकर नए भारत के लिए एक नया कानून लाने का कार्य किया जा रहा है। मैं एक बात जरूर कहूंगा कि हमने राज्यों से भी मशविरा किया, अलग- अलग संस्थाओं से भी परामर्श किया और उसके बाद हम आपके बीच में ये विधेयक लेकर आए हैं। मैं इसमें एक-दो बातें पर जरूर प्रकाश डालना चाहता हूं। 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' इसको हर क्षेत्र में बल देने का काम मोदी सरकार ने किया है। हजारों पुराने कानूनों को या ऐसे कानून जिनकी आवश्यकता नहीं थी उनसे भी मुक्ति दिलाने का काम हमने किया है। अधिकतर कानूनों में कारोबारी सुगमता और जीवन की सुगमता मिले ये मोदी सरकार की बड़ी प्राथमिकता रही है। इसलिए इस विधेयक में भी हमने जितने अपराध वाले प्रावधान थे हमने उसको गैरआपराधिक कर दिया है। और केवल एक ही ऐसा प्रावधान है जहां पर अगर किसी ने प्रिंटिंग प्रेस या प्रकाशन शुरू करने की अनुमति ना ली हो तो इसे बंद करने अथवा अनुमति लेने के लिए छह महीने का समय देने का प्रावधान किया गया है। अगर यह नहीं किया जाता है तब जाकर सजा हो सकती है।

मानव का कल्याण केवल ब्रह्म ज्ञान के द्वारा ही संभव

नई दिल्ली। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा श्री मद भागवत कथा का आयोजन शास्त्री नगर के गोपाल मलिक पार्क दिल्ली में हो रहा है जिसमें चतुर्थ दिवस को कथा व्यास मेरू देवा भारती जी ने ब्रह्म ज्ञान की चर्चा करते हुए यह समझाया की मानव का कल्याण केवल ब्रह्म ज्ञान के द्वारा ही संभव है, जो की एक पूर्ण गुरु के द्वारा ही संभव है।

'एकल पार्टी शासन' चाहती है मोदी सरकार : खड़गे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि संसद से अपनी वाजिब मांगों के लिए आवाज उठाने के मुद्दे पर सांसदों को निलंबित कर मोदी सरकार ने साबित कर दिया है कि वह निरंकुश होकर एकल पार्टी सरकार चलना चाहते हैं।

श्री खड़गे ने यहां जारी एक बयान में कहा कि संसद से 141 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है क्योंकि वे गंभीर सुरक्षा उल्लंघन पर गृह मंत्री अमित शाह से बयान चाहते थे। उन्होंने कहा कि छह घुसपैठियों पर आतंकवाद विरोधी तथा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। घुसपैठियों को संसद में प्रवेश दिलाने में मदद करने वाले भाजपा सांसद से अब तक कोई पूछताछ नहीं की गई है तो यह कैसी जांच है। श्री खड़गे ने कहा, संसदीय सुरक्षा के लिए जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारियों को जवाबदेह क्यों नहीं बनाया गया।

घुसपैठिए महीनों से योजना बना रहे थे तो सरकार बताए कि इस बहुत बड़ी खुफिया विफलता के लिए कौन जिम्मेदार है। संसद की बहुस्तरीय सुरक्षा को देखते हुए, दो घुसपैठिए अपने जूते में पीले गैस कनस्तरों को छिपाकर इमारत में प्रवेश कर लोकतंत्र के गर्भगृह तक पहुंचने में कैसे कामयाब रहे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी देश में 'एकल पार्टी शासन' स्थापित करना चाहती है। वे 'एक अकेला' की बात करते हैं जो लोकतंत्र को ध्वस्त करने जैसा है। विपक्षी सांसदों को निलंबन कर उन्होंने यही किया है। इस शर्मनाक सुरक्षा चूक के लिए उच्च पद पर बैठे लोगों को दंडित करने के बजाय, उन्होंने सांसदों के लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन लिया है और इस तरह जवाबदेही से बच गए हैं।

देवेगौड़ा एवं उनके पुत्रों ने मोदी से की मुलाकात

नयी दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री एवं जनता दल (सेक्युलर) अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा एवं उनके पुत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुरुवार को उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। श्री मोदी ने एक्स पर कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री श्री एच डी देवेगौड़ा जी, श्री एचडी कुमारस्वामी जी और श्री एचडी रेवन्ना जी से मिलकर हमेशा खुशी होती है। भारत देश की प्रगति में श्री देवेगौड़ा जी के अनुकरणीय योगदान को बहुत महत्व देता है। विविध नीतिगत मामलों पर उनके विचार व्यावहारिक और भविष्यवादी हैं।श्री देवेगौड़ा के साथ उनके पोते और हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना और जेडीएस कार्यकर्ता भी थे।

कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए पोटा तथा टाडा को समाप्त किया : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने आज राज्यसभा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने तुष्टिकरण की राजनीति के तहत आतंकवाद पर अंकुश लगाने वाले आतंकवाद निवारण अधिनियम (पोटा) तथा आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) को समाप्त कर दिया।

भाजपा के बृजलाल ने गुरूवार को सदन में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर संयुक्त रूप से हुई चर्चा शुरू करते हुए कहा कि ये कानून अंग्रेजों ने बनाये थे और यह भारत के अनुरूप नहीं थे। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक देश में सत्ता में रही कांग्रेस ने गुलामी की इस निशानी को मिटाने की कभी कोशिश नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने इसके उलट तुष्टिकरण की नीति अपनायी और आतंकवाद पर अंकुश लगाने वाले कड़े कानूनों पोटा तथा टाडा को समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि जब देश में आतंकवाद था और विस्फोट होते थे तो अनेक देशों की ओर से अपने नागरिकों को भारत जाने से बचने के परामर्श दिये जाते थे और देश में निवेश नहीं आता था। सदस्य ने कहा कि आज मोदी सरकार की आतंकवाद और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है इसीलिए आतंकवादी घटनाओं में कमी आयी है। इससे भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ रही है और भारी मात्रा में निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि इन नये कानूनों से न्यायालयों पर मुकदमों का बोझ कम होगा। बीजू जनता दल के सुजीत कुमार ने विधेयकों का समर्थन करते हुए कहा कि ये हमारे संविधान निर्माताओं की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप लाये गये हैं तथा देशहित में हैं। इनसे गुलामी की मानसिकता का खात्मा हुआ है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों द्वारा बनाये गये कानूनों में नाम भले ही इंडिया हो लेकिन वह भारत के लिए नहीं थे और इनमें भारतीय लोगों को न्याय नहीं दिया गया था। ये पुराने समय के कानून थे और इनमें सुधार की बहुत अधिक आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि अब आपराधिक मामलों के समाधान में प्रौद्योगिकी की भूमिका निरंतर बढ रही है और इन विधेयकों में इससे संबंधित प्रावधान भी किये गये हैं। वाई एस आर कांग्रेस के एस निरंजन रेड्डी ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि इन विधेयकों में जरूरत के हिसाब से नयी प्रक्रियाओं और अपराधों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों में पुरानी आपराधिक न्यायिक प्रक्रिया को पूरी तरह से बदला गया है और केवल नाम के लिए बदलाव नहीं किये गये हैं।

संसद सुरक्षा सेंधः अदालत ने चार आरोपियों की पुलिस हिरासत 15 दिन बढ़ाई

नयी दिल्ली। संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने के चार आरोपियों की सात दिनों की पुलिस हिरासत पूरी होने के बाद गुरुवार को उनकी हिरासत और 15 दिनों के लिए बढ़ा दी। पटियाला हाउस स्थित हरदीप कौर की विशेष अदालत ने सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे और नीलम को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के अनुरोध पर हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया। पुलिस ने चारों आरोपियों की सात दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने के अदालत के समक्ष पेश किया और हिरासत बढ़ाने की गुहार लगाई। इससे पहले अदालत ने 14 दिसंबर को चारों आरोपियों को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न संगीन धाराओं के तहत 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया था।

नीतीश ने महाबोधि मंदिर में पीतल द्वार का किया उद्घाटन

एजेंसी

गया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को ज्ञान भूमि बोधगया के विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर की उत्तर दिशा में नवनिर्मित पीतल के द्वार का उद्घाटन किया। श्री कुमार आज यहां दिवसीय परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान गया के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से सीधा बोधगया स्थित तिब्बती बौद्ध मोनेस्ट्री पहुंचे, वहां पहुंचने के बाद उन्होंने बौद्धों के शीर्ष धर्मगुरु दलाईलामा से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। दलाईलामा से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना कर विश्व शांति की प्रार्थना की। साथ ही पवित्र बोधिवृक्ष की छांव में कुछ देर ध्यान भी लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महाबोधि मंदिर के उत्तरी दिशा में बने नवनिर्मित पीतल के द्वार का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से लेकर महाबोधि मंदिर सहित बोधगया के परिक्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। श्री कुमार के साथ बिहार के कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत भी मौजूद थे।

डीपफ़ेक लोकतंत्र के लिए नया खतराः सुशील मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के सुशील मोदी ने आज राज्यसभा में कहा कि डीपफ़ेक वीडियो लोकतंत्र के लिए नया खतरा है और इस पर अंकुश लगाने के लिए सोशल मीडिया को एक नियामक संस्था के तहत लाया जाना चाहिए।

श्री मोदी ने गुरूवार को सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी डीपफ़ेक के माध्यम से निशाना बनाया गया है। इन वीडियो से लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। लोगों के आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर डाले जा रहे हैं। बड़ी बड़ी हस्तियों को विभिन्न उत्पादों के विज्ञापन करते दिखाया जा रहा है जबकि वे मूल विज्ञापन में नहीं होते। उन्होंने कहा कि डीपफ़ेक वीडियो से महिलाओं को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। सदस्य ने कहा कि सोशल मीडिया के स्व नियमन से काम नहीं चलेगा इसके लिए सेबी जैसी नियामक संस्था बनाये जाने की जरूरत है। भाजपा के विजय पाल सिंह तोमर ने किसान क्रेडिट कार्ड की राशि तीन लाख से बढाकर पांच लाख रूपये किये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बीज, खाद और अन्य उत्पादों की कीमत लगातार बढती जा रही है इसलिए छोटी जोत के किसानों को क्रेडिट कार्ड से पांच लाख और बड़ी जोत के किसानों को दस लाख रूपये दिये जाने चाहिए। भाजपा की सीमा द्विवेदी ने खेल कोटे से कर्मचारियों की भर्ती का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार की ओर से इस संबंध में जरूरी निर्देश दिये जाने चाहिए। बीजू जनता दल के सुजीत कुमार ने हथकरघा उत्पादों को वस्तु एवं सेवा कर के दायरे से बाहर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से 44 लाख लोग जुड़े हैं और यदि इस क्षेत्र से यह कर हटा लिया जाता है तो उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। भाजपा के केसरीदेव सिंहजी झाला ने गुजरात में सैनिक स्कूलों की संख्या बढाये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि गुजरात सीमावर्ती राज्य है जिसकी सीमा पाकिस्तान से लगती है। राज्य में तीनों सेनाओं के सैनिकों की बड़ी संख्या में तैनाती रहती है इसलिए वहां युवाओं को प्रेरित करने के लिए सैनिक स्कूलों की संख्या बढायी जानी चाहिए।

पेज एक का शेष

जमीनी हकीकत...

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक पूरा तंत्र काम कर रहा है जो भारत में मिली आजादी का हर संभव उपयोग कर हमारे खिलाफ हर दिन अखबारों के संपादकीय, टीवी चैनलों, सोशल मीडिया , वीडियों और ट्वीट आदि के माध्यम से हमारे ऊपर आरोप मढ़ता रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा, उन्हें अधिकार है कि वे आरोप लगाए, लेकिन दूसरों को भी उन आरोपोंका तथ्यों के साथ जबाव देने का उतना ही अधिकार है। श्री मोदी ने कहा कि बाहर बैठे लोगों द्वारा प्रस्तुत इतिहास में भारत को हल्के में लिया गया। वर्ष 1947 में भारत जब आजाद हुआ तो यहां से छोड़ कर जाने वाले अंग्रेजों ने कई तरह की भविष्यवाणियां की थी । भारत ने उन सभी भविष्यवाणियों को गलत सिद्ध किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उसी तरह आज जो लोग उनकी सरकार के बारे में आशंकाएं जता रहे हैं, 'वे गलत सिद्ध कर दिए जाएंगे। रोजगार के सवाल पर श्री मोदी ने नियमित तौर पर जारी किए जाने वाले श्रम-बल सर्वे का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी का अनुपात निरंतर कम हो रहा है। श्री मोदी ने भारत की विदेश नीति के बारे में एक प्रश्न पर कहा कि विदेशी मामलों में हमारी दिशा तय करने का सबसे बड़ा दिग्दर्शक सिद्धान्त है। उन्होंने कहा कि इस सिद्धांत के जरिए हम विभिन्न देशों के साथ पारस्परिक हितों का सम्मान करते हुए, व्यवहार करते हैं और हम समसामयिक भू-राजनीतिक जटिलताओं को भी समझते हैं। अमेरिका में रह रहे और भारत द्वारा घोषित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की योजना बनाने में भारत सरकार के अधिकारियों का हाथ होने के वहां के अधिकारियों के आरोपों के पृष्ठभूमि में भारत अमेरिका संबंधों की स्थिति के बारे में पूछे गए एक सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ये संबंध नयी ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहे हैं। भारत-अमेरिका संबंधों को गठबंधन जैसा कोई शब्द देने की बात पर श्री मोदी ने कहा, ह्लइस रिश्ते के लिए कोई सबसे उपयुक्त शब्द का काम मैं आप पर छोड़ता हूं। उन्होंने कहा, ह्लआज भारत और अमेरिका के संबंध पहले से अधिक व्यापक हुए हैं। आपसी समझ बढ़ी है। मित्रता पहले के किसी भी समय से अधिक प्रगाढ़ हैं। श्री मोदी ने अमेरिका-चीन के हाल के तनाव पर पूछे गए सवाल को यह कहते हुए टाल दिया कि इस पर दोनों देशों की सरकारें ही कोई उपयुक्त प्रतिक्रिया दे सकती हैं। इजरायल-हमास लड़ाई के बारे में उन्होंने कहा, मैं उस क्षेत्र में नेताओं से संपर्क में हूं। यदि भारत वहां शांति बहाली के प्रयासों को बढ़ाने में कुछ कर सकता है तो हम निश्चित रूप से वह करेंगे।

लोकसभा की...

ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। राज्यसभा इस विधेयक को 12 दिसंबर को पारित कर चुकी है। विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता के लिए प्रतिबद्ध है और यह विधेयक इसी दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से उच्चतम न्यायालय के निर्देशों को पूरा किया गया है। इसके अलावा चुनाव आयोग को मजबूत बनाते हुए आयुक्तों का वेतनमान उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के समान कर दिया गया है तथा सेवाकाल के दौरान कर्तव्य निर्वहन के लिए कोई अदालत उनको समन नहीं कर सकती है। श्री मेघवाल ने कहा कि यह विधेयक निर्वाचन आयोग (चुनाव आयुक्तों की सेवा शर्तें और कार्य संचालन) कानून 1991 का स्थान लेगा। संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्त (ईसी) होते हैं। उन्होंने कहा कि विधेयक में चयन समिति का प्रावधान किया गया है जिसमें अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, सदस्य के रूप में लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा सदस्य के रूप में नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री होंगे। अगर लोकसभा में विपक्ष के नेता को मान्यता नहीं दी गई है तो लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल का नेता इसमें होगा। कानून मंत्री ने उच्चतम न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि संविधान निर्माताओं ने निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में कानून बनाने की बात कही थी लेकिन इसे कई साल बीत गए। उन्होंने कहा कि 1991 में एक कानून बना लेकिन उसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का उल्लेख नहीं था। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि जब तक संसद इस संबंध में कानून नहीं बनाएगी है तब तक उसके फैसले के अनुरूप नियुक्ति की व्यवस्था जारी रहेगी। श्री मेघवाल ने कहा कि विधेयक में एक सरकारी संशोधन के तहत 'सर्च कमेटी' की अध्यक्षता अब कैबिनेट सचिव की जगह कानून मंत्री करेंगे जिसमें दो सचिव सदस्य होंगे।

नेता सम्मानजनक...

के प्रयोग की शिकायतें मिली हैं। आयोग ने आगाह किया है कि किसी भी राजनीतिक दल के सदस्यों या उनके उम्मीदवारों द्वारा भाषण/अभियान में इस तरह के शब्दार्थ का उपयोग दिव्यांगजनों के अपमान के रूप में समझा जा सकता है। आयोग ने दलों और उनके प्रतिनिधियों से किसी के लिए गूंगा (मूक), मंदबुद्धि (पागल, सिरफिरा), अंधा (नेत्रहीन), बहरा (बधिर), लंगड़ा (अपाहिज) आदि शब्दों के प्रयोग से बचने को कहा है। दिशानिर्देशों के अनुसार ह्लराजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को किसी भी सार्वजनिक भाषण के दौरान, अपने लेखन/लेखों या राजनीतिक अभियान में मानवीय अक्षमता के संदर्भ में दिव्यांगता/पीडब्ल्यूडी या दिव्यांगता/पीडब्ल्यूडी से संबंधित शब्दों का उपयोग नहीं करना चाहिए। राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को दिव्यांगता/पीडब्ल्यूडी से संबंधित टिप्पणियों से सख्ती से बचना चाहिए जो आक्रामक हो सकती हैं या रूढ़िवादिता और पूर्वाग्रहों को कायम रख सकती हैं। आयोग ने कहा है कि विकलांगता के बारे में मजाक, अपमानजनक संदर्भ या दिव्यांग व्यक्तियों के अपमान का पर किसी पार्टी या उसके प्रतिनिधि के खिलाफ दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 92 के प्रावधानों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। आयोग का निर्देश है कि राजनीतिक भाषणों, सोशल मीडिया पोस्ट, विज्ञापनों और प्रेस विज्ञप्तियों सहित सभी अभियान सामग्रियों की आंतरिक समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उनमें विकलांगों के प्रति कोई आक्रामक या भेदभावपूर्ण, या उस तरह की कोई भाषा न हो। दिशानिर्देशों के अनुसार सभी राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए और अपनी वेबसाइट पर घोषित करना चाहिए कि वे विकलांगता और लिंग संवेदनशील भाषा और शिष्टाचार का उपयोग करेंगे और साथ ही अंतर्निहित मानवीय समानता, समानता, गरिमा और स्वायत्तता का सम्मान करेंगे। आयोग का कहना है कि सभी राजनीतिक दल राजनीतिक प्रक्रिया के सभी स्तरों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए दिव्यांगता पर एक प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान कर सकते हैं और सक्षम भाषा के उपयोग से संबंधित दिव्यांग व्यक्तियों की शिकायतों को सुनने के लिए नोडल प्राधिकारी नियुक्त करेंगे। उल्लेखनीय है कि आयोग ने पिछले कुछ वर्षों में, दिव्यांगजनों के लिए वोट डालने के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए दिशानिर्देशों और सुविधाओं की एक अच्छी तरह से डिजाइन की गई रूपरेखा शुरू की गई है। इन सुविधाओं में भूतल पर मतदान केंद्र का स्थान, ईवीएम की मतपत्र इकाई पर ब्रेल साइनेज, उचित ढाल के साथ रैंप का निर्माण, दिव्यांगजनों के लिए अलग कतारें (प्राथमिकता प्रवेश), व्हीलचेयर, अंधे/अशक्त व्यक्ति के साथ एक साथी को जाने की अनुमति शामिल है।

संजय सिंह कुश्ती...

का करीबी सहयोगी भी माना जाता है। चुनाव जीतने के बाद संजय सिंह ने कहा कि अब राष्ट्रीय शिविर (कुश्ती के लिए) आयोजित किए जाएंगे। जो पहलवान राजनीति करना चाहते हैं वे राजनीति कर सकते हैं, जो कुश्ती करना चाहते हैं वे कुश्ती करेंगे।

अकबर नगर में ...

अपना सामान लेकर वहां से चले गए। वहीं कुछ लोगों ने अब भी जगह खाली नहीं की। गुरुवार सुबह ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के लिए एलडीए की टीम भारी पुलिस बल लेकर पहुंची। लोगों ने इसका विरोध किया। मौके पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। यहां ने हाईकोर्ट में कार्रवाई रोकने को लेकर अपील की। इसी के बाद गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के चलते कुछ देर के लिए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही रोकी गई। इलाके में एलडीए की टीम ने तोड़फोड़ की कार्रवाई रोककर सुनवाई होने तक मकान-दुकान खाली कराने शुरू किए। एलडीए ने कार्रवाई रोक कर कोर्ट के फैसले का इंतजार करने लगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इस मामले सुनवाई करते हुए रोक लगा दी।

कंबल न...

को संचालित किया जा चुका है। साथ ही अलाव जलाने के लिए प्रति तहसील 50 हजार रुपये भी योगी सरकार ने आवंटित कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने खादी ग्राम उद्योग बोर्ड से खुली निविदा के माध्यम से गोरखपुर, अयोध्या, मिर्जापुर, वाराणसी, मुरादाबाद मंडलों द्वारा ख़-1 की दर से कुल 24 हजार कंबल क्रय करने के निर्देश दिए गए हैं। योगी सरकार की ओर से प्रदेश में शीतलहर के मद्देनजर राज्य आपदा मोचक निधि में 120 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है।

देश में मीडिया और उसके हितों की सुरक्षा मोदी सरकार की गारंटी: अनुराग ठाकुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को राज्यसभा में ममता बनर्जी सरकार को पश्चिम बंगाल में पत्रकारों के ऊपर लगातार होने वाले हमलों को लेकर जमकर घेरा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पश्चिम बंगाल से लगातार पत्रकारों पर जानलेवा हमले और हिंसक घटनाओं को खबरें आती हैं। पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार को पत्रकारों को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने लिए उपाय करने चाहिए।

प्रेस फ्रीडम रिपोर्ट पर कटाक्ष करते हुए मंत्री ने कहा '' इतने वर्ष हो गए पर आज तक ऐसी कोई संस्था वाला मेरे पास नहीं आया। मैंने समाचार पत्रों और टीवी मीडिया वालों से भी पूछा मगर आज तक उनके पास भी कोई नहीं गया। मुझे नहीं पता यह रिपोर्ट कैसे बनाते हैं। प्रेस फ्रीडम रिपोर्ट की कोई गारंटी नहीं पर मीडिया और उसके हितों की सुरक्षा मोदी सरकार की गारंटी है। अनुराग ठाकुर ने उक्त बातें तृणमूल सांसद डोला सेन के तारांकित प्रश्न के जवाब में कहीं। हालांकि डोला सेन जवाब के समय सदन में उपस्थित नहीं थीं। सदन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है पर पश्चिम बंगाल एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ियों को तोड़ा गया। यह साफ तौर पर पश्चिम बंगाल के गरीबों और जरूरतमंदों को विकास से वंचित रखने का षड्यंत्र है। जब पत्रकार इसे दिखाने जाते हैं तो उन्हें भी जान माल का खतरा रहता है। पश्चिम बंगाल में पत्रकारों पर हुए हमलों की सिलसिलेवार लिस्ट पढ़ते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, ''अक्टूबर, 2015 में पश्चिम बंगाल निकाय चुनावों के दिन साल्ट लेक इलाके में 20 पत्रकारों को पीटा गया और उनके माइक और कैमरे तोड़ दिए गए। फरवरी, 2022 में उत्तरी दमदम और पूर्वी मिदनापुर में निकाय चुनाव में 4 पत्रकारों को पीटा गया। 2023 के पंचायत चुनाव में नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान कोलकाता और विभिन्न जिलों में 10 पत्रकारों को पीटा गया। जून, 2013 को एआईटीसी के गुटीय झगड़े को कवर करने के दौरान नॉर्थ 24 परगना के बैरकपुर में 3 फोटो पत्रकारों को इतना पीटा गया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।'' अनुराग ठाकुर ने प्रश्न का जवाब देने के पहले कहा कि केंद्र सरकार भारत के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा करने हेतु प्रतिबद्ध है। जहां तक पत्रकारों की सुरक्षा की बात है तो कानून व्यवस्था राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2017 में ही गृह मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर पत्रकारों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। पूरे देश में कहीं भी पत्रकारों के ऊपर हिंसा होने पर प्रेस काउंसिल आफ इंडिया को स्वतः संज्ञान लेने का अधिकार है। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने राज्यों में पत्रकारों को भय मुक्त वातावरण प्रदान कराएं। तृणमूल कांग्रेस सांसद द्वारा कुछ दिनों पहले ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मजाक बनाए जाने के ऊपर सदन में अनुराग ठाकुर ने कहा, ''यह कुकृत्य पूरे देश को शर्मसार करने वाला है। पूरे विपक्ष को इस पर माफी मांगनी चाहिए थी।

शराब घोटाला घमंडिया गठबंधन को जोड़ने वाला फ़ेविकोल: भाजपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आईएनडीआईए गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि सारे घोटालेबाज जेल जाने के डर से एकजुट हुए हैं। गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि घमंडिया गठबंधन को जोड़ने वाला फ़ेविकोल शराब घोटाला है। घमंडिया गठबंधन शराब घोटाले और संसद का अपमान करने वालों का जमावड़ा है। चुनावों के दौरान देश ने देखा कि कैसे कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के घर पर 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की नगदी और सोना चांदी बरामद हुआ। इधर गठबंधन शामिल खुद को ईमानदार बताने वाले अरविंद केजरीवाल भी शराब घोटाले में पूछताछ से बचने के लिए विपश्यना करने जा रहे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि दो नवंबर को शराब घोटाले को लेकर अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुलाया था लेकिन तब त्योहारों का हवाला देकर समय मांगा। अब फिर से ईडी के समन से बचने के लिए विपश्यना के नाम पर भाग रहे हैं। अरविंद केजरीवाल कब तक भागेंगे, कानून के हाथ लंबे होते हैं, आपने घोटाले किए हैं तो आप पकडे जाएंगे। उनके गिरोह के लोग- सत्येन्द्र जैन, संजय सिंह, मनीष सिसोदिया भी जेल जा चुके हैं । अब अरविंद केजरीवाल भी जेल जाएंगे इसलिए लोगों से रेफरेंडम करवा रहे हैं। उन्होंने आईएनडीआई गठबंधन के संसद मार्च की आलोचना करते हुए कहा कि जिस तरह से संसद में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान किया गया, उनका मखौल उड़ाया गया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। यह एक राजनीतिक विषय नहीं है बल्कि एक संवेदनशील विषय है। उन्होंने पूछा कि क्या कोई बेटा अपने पिता के झुके हुए कंधे का मजाक बना सकते हैं? संसद के उन सीढियों पर जनता के प्रतिनिधियों द्वारा उपराष्ट्रपति के साथ बॉडी शेमिंग किया जाता है, यह उन तमाम बुजुर्गों की बॉडी शेमिंग हो रही है। जाटों के कंधों का मखौल उड़ाया जा रहा है।

क्रिसमस-नव वर्ष पर नैनीताल-कैंची धाम आने के लिये पहली बार 6 स्तरीय यातायात व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। नैनीताल जनपद के एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर क्रिसमस एवं नव-वर्ष के आगमन पर सुव्यवस्थित यातायात हेतु नई यातायात योजना जारी कर दी गई है। 25 दिसम्बर को क्रिसमस से नव वर्ष तक पर्यटकों की आवाजाही एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 6 स्तरीय योजना बनाई गयी है। स्थानीय लोगों, बड़े-छोटे वाहनों आदि के लिए भी पहली बार विस्तृत योजना बनायी गयी है। योजना के अनुसार नैनीताल शहर में पर्यटकों के वाहन बिना किसी रोक-टोक के किसी भी निर्धारित मार्ग से आ-जा सकते हैं। सामान्यतः वाहनों की पार्किंग मैट्रोपोल, अशोका व डीएसए पार्किंग में सामान्य स्थिति में 900 से 1000 वाहनों की पार्किंग की जाएगी। लेकिन इन पार्किंगों के 70 प्रतिशत तक भर जाने पर वाहनों को सूखाताल पार्किंग एवं कुमांऊ मंडल विकास निगम की पार्किंग में पार्क किया जायेगा। जब यह दोनों पार्किंग भी लगभग 70 प्रतिशत भर जाएगी तब भवाली से नैनीताल आने वाले वाहनों को मस्जिद तिराहा भवाली से बैंड नंबर 1 को डायवर्ट कर रूसी बाईपास हल्द्वानी रोड पर पार्क किया जाएगा तथा यहां से पर्यटकों को शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल भेजा जाएगा। इसी प्रकार कालाढूंगी की ओर से आने वाले पर्यटकों के वाहनों को रूसी बाईपास से कालाढुंगी रोड की ओर एवं नारायण नगर पार्किंग में पार्क करवाकर शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल भेजा जाएगा। इसके बाद भी यदि नैनीताल शहर में पर्यटकों के वाहनों का दबाव होता है तो कालाढुंगी के नैनीताल तिराहा एवं काठगोदाम-रानीबाग के भीमताल तिराहे में वाहनों की चेकिंग प्रारंभ करते हुए भीमताल, भवाली व अल्मोड़ा जाने वाले पर्यटकों की केवल केंमू की बस व टेंपो

ट्रैवलर को नैनीताल तिराहा कालाढूंगी से होते हुए मंगोली रूसी बाइपास से होते हुए बैंड नं 1 से भवाली-अल्मोड़ा भेजा जाएगा। पर्यटकों की शेष बडी बसों को कालाढुंगी से नैनीताल की ओर ऊपर नहीं आने दिया जायेगा। इधर नैनीताल के बारा पत्थर से पंगोट रोड पर टेंपो ट्रैवलर नहीं जाएगे, केवल हल्के चौपहिया वाहन को प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद भी यदि नैनीताल शहर मे यातायात का दबाव फिर भी बढता है तो नैनीताल आने वाले अन्य जनपदों के बाइकर्स को नैनीताल तिराहा कालाढूंगी व रानीबाग में रोका व पार्क कराया जायेगा। वहाँ से इन्हें बस, टैक्सी आदि के माध्यम से नैनीताल भेजा जाएगा। इधर नगर में जू-शटल सेवा के वाहनों को सैन्ट फ्रान्सेंस चर्च के नीचे पार्क कराया जायेगा वहा से इन वाहनों को बारी-बारी से चिड़ियाघर को भेजा जायेगा। इंडिया होटल के पास किसी भी प्रकार के टेक्सी, निजी वाहन या चिड़ियाघर के शटल वाहन पार्क नही होंगे। इसी तरह नव वर्ष के अवसर पर कैंची धाम के लिये भी अलग से यातायात योजना बनायी गयी है। योजना के तहत सर्वप्रथम कैंची धाम में पर्यटकों के वाहनों को बिना किसी रोक-टोक के कैंची भेजा जाएगा। लेकिन कैंची धाम स्थित पार्किंगों फुल हो जाने पर वाहनों को भवाली स्थित विभिन्न पार्किंग में पार्क कराकर पर्यटकों को शटल के माध्यम से कैंची भेजा जाएगा।

भोटिया जनजाति के शीतकालीन प्रवास की भूमि पर मालिकाना हक दिए जाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिले के नीती माणा घाटी के भोटिया जनजाति समुदाय के लोगों ने गुरुवार को चमोली जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है। ज्ञापन में भोटिया जनजाति के शीतकालीन प्रवास के पड़ाव तथा राजकीय भूमि पर बने उनके भवन और भूमि का मालिकाना हक दिये जाने की घोषणा को धरातल पर उतारे जाने की मांग की है।

नीती घाटी के कागा के प्रधान पुष्कर सिंह राणा, धीरेंद्र गडोरिया, पीताम्बरी देवी का कहना है कि 18 अगस्त 2022 को मुख्यमंत्री की ओर से चमोली जिले के बदरीनाथ विधानसभा में आगमन के दौरान घोषणा की गई थी कि भोटिया जनजाति के शीतकालीन प्रवास के पड़ाव तथा राजकीय भूमि पर बने उनके भवनों और भूमि पर उन्हें मालिकाना हक दिया जाएगा। जिस पर

जिलाधिकारी की ओर से सभी तहसीलदारों को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गये थे। जिसका सर्वे भी किया गया, लेकिन अभी तक उन्हें मालिकाना हक दिए जाने की कार्रवाई नहीं हो पायी है। जबकि इस बार फिर से भोटिया जनजाति के लोग अपने शीतकालीन प्रवास वाले स्थानों पर पहुंच गये है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा चुनाव भी है यदि इससे पूर्व उनकी मांग पूरी नहीं की जाती है तो घाटी में निवास करने वाले जनजाति समुदाय के लोगों को चुनाव बहिष्कार के लिए बाध्य होना पड़ेगा। लिहाजा सरकार से उनकी मांग है कि समय रहते हुए भूमि पर मालिकाना हक दिये जाने की मांग पर कार्रवाई की जाए।

शातिर चोर को किया गिरफ्तार, चोरी के वाहन बरामद

हरिद्वार। पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर एक बाइक व एक स्कूटी भी बरामद की है। आरोपित फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहनों का इस्तेमाल करता था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक भगवानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नन्हेड़ा अंनन्तपुर निवासी रोबिन पुत्र समुन्दर ने पुलिस को तहरीर देकर 19 दिसम्बर को अपनी बाइक चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू की। चेंकिंग के दौरान पुलिस ने नन्हेड़ा रोड से एक आरोपित दीपक उम्र 22 वर्ष पुत्र शिवप्रसाद निवासी ग्राम नन्हेड़ा अनंतपुर थाना भगवानपुर हरिद्वार को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर रानीपुर कोतवाली क्षेत्र से चोरी हुई स्कूटी भी बरामद की। आरोपित चोरी के दोपहिया वाहनों पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर इस्तेमाल करता था।

शहर की समस्याओं के समाधान को लेकर नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने निगम के मुख्य नगर आयुक्त से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया। नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महामंत्री प्रतीक कालिया के नेतृत्व में व्यापारियों ने ज्ञापन के माध्यम से समस्याओं का जनहित में जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की। ज्ञापन में व्यापारियों ने बढ़ती ठंड के चलते शहर में जगह-जगह अलाव और बेघरों के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही नगर के मुख्य मार्ग पर घूम रहे आवारा पशुओं को शिफ्ट करने और आस्था पथ पर लाइट की व्यवस्था करने के लिए भी कहा।

मानसून के बाद त्रिवेणी घाट पर इकट्ठे हुए मलबे को हटाने व नगर के विभिन्न बाजारों में बने शौचालयों का रखरखाव एवं प्रतिदिन साफ-सफाई की व्यवस्था करने की मांग की। महामंत्री प्रतीक कालिया ने कहा कि जितनी भी मांग नगर आयुक्त से की गई वह सब जनहित से जुड़ी हैं। यदि नगर आयुक्त ने मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो व्यापारी नगर आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोलने के लिए मजबूर होंगे।

युवाओं से नौकरी के नाम पर ठगों के बहकावे में नहीं आने की अपील

ऋषिकेश। ऋषिकेश एम्स में कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) मीनू सिंह की अध्यक्षता में सुरक्षा व अग्निशमन उपायों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्थान में नौकरी दिलाने के नाम पर कुछ लोगों द्वारा आम जनमानस-युवाओं से धन की वसूली व उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाने के साथ ही संस्थान की छवि को धूमिल किए जाने के कतिपय प्रयासों पर भी विमर्श किया गया। साथ ही युवाओं से ऐसे असंवैधानिक कार्यों में संलिप्त लोगों के बहकावे में नहीं आने की अपील की गई। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में एम्स के सुरक्षात्मक एवं अग्निशमन उपायों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि कुछ लोग एम्स में नियुक्ति दिलाने के नाम पर युवाओं को गुमराह करने व उनसे इसकी एवज में भारी भरकम धनराशि की वसूली के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। जो कि पूरी तरह से गलत है, लिहाजा युवाओं से अपील है कि ऐसे लोगों के बहकावे में नहीं आएं। उन्होंने बताया कि संस्थान में पूर्व में सामने आए ऐसे कई मामलों में युवाओं को नौकरी दिलाने के नाम गुमराह करते हुए धन वसूली तथा फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ज्वॉइनिंग के लिए भेजा गया। ऐसे युवा जब एम्स में पहुंचते हैं, तब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चलता है। जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि एम्स भारत सरकार का संस्थान है, जिसकी नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाती है। लिहाजा युवाओं को एम्स में आने वाली रिक्तियों में परीक्षा उत्तीर्ण किए बिना किसी के बहकावे में आकर शॉर्टकट रास्ता अपनाने से बचना चाहिए और अपने अभिभावकों की गाढ़ी कमाई को भी सुरक्षित करना चाहिए।

महापौर अनीता ममगाईं की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार ने ऋषिकेश नगर निगम की महापौर अनीता ममगाईं की उपलब्धियां भरे 5 साल बेमिसाल पुस्तक का विमोचन किया। बुधवार को रेलवे मार्ग पर स्थित एक होटल में भाजपा के जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा की अध्यक्षता व महामंत्री दीपक धमीजा के संचालन में आयोजित समारोह के दौरान मुख्य अतिथि अजय कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसा एक राजनीतिक दल है जो की गांव के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति की भी चिंता करता है। ऋषिकेश में भी नगर निगम से लेकर केंद्र सरकार तक भाजपा के प्रतिनिधियों ने प्रतिनिधित्व किया है, जिसके कारण ट्रिपल इंजन की सरकार बनी और नगर ही नहीं विधानसभा में भी सभी जगह विकास कार्य हुए हैं। अजय कुमार ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कभी अतंर नहीं

होता। इस बात को एकबार फिर योग नगरी ऋषिकेश की प्रथम महापौर अनिता ममगाईं ने चुनाव से पूर्व जनता से किए तमाम वायदों को पूरा कर सच कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन के रूप में जिस आशा और विश्वास के साथ देवभूमि की बुद्धिजीवी जनता ने उन्हें चुनकर सेवा का मौका दिया था, उसपर वो पूरी तरह से खरा उतरने में कामयाब रहीं। उनके कार्यकाल के दौरान हुए अनेकों विकास कार्यों को तथ्यात्मक रूप से पुस्तक में पिरोया गया है।

स्वामी अवधेशानंद के आचार्य पीठ पर पदस्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव 24 से

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज के आचार्य पीठ पर पदस्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर त्रिदिवसीय दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 24 से 26 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने बताया कि 24 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे। साथ ही धर्मसभा संत समागम आयोजित होगा। इसी दिन सांयकालीन सत्र में 5 बजे से महाभारत सीरियल में भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका निभाने वाले

अभिनेता नीतिश भारद्वाज द्वारा चक्रव्यूह का नाट्य मंचन किया जाएगा। 25 दिसम्बर को महोत्सव में देश के सभी पंथों के प्रमुख, आचार्य, विद्वानों की उपस्थिति में धर्मसभा का आयोजन होगा। साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहेंगे। सांयकाल सुप्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी द्वारा स्वरांजली की प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव के अंतिम दिन भगवान दत्त जयंती पर पुनः प्रातकालीन सत्र में धर्मसभा का आयोजन होगा। सांयकालीन सत्र में पद्मश्री प्रतिभा प्रहलाद व समूह द्वारा वीरांगनाओं के जीवन पर आधारित वॉरियर वूमन्स ऑफ भारत प्रस्तुत किया जाएगा। इस दिन प्रथम सत्र में हिमाचल के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा व समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह मौजूद रहेंगे। इसके अलावा महोत्सव में अन्य कई राजनेता, विद्वान, साहित्यकार, धर्माचार्य उपस्थित रहेंगे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063